* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
09 सितंबर, 2025
आश्विन, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 320

पीएम नरेंद्र मोदी 17 को करेंगे विशेष अभियान का शुभारंभ







# रांचीवासियों की सुगमता, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्राथमिकता

- रांचीवासियों को जल्द मिलेगा तीन नये फ्लाइओवर का तोहफा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को कांके रोड रांची स्थित आवासीय कार्यालय में राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित रांची शहर के तीन महत्वपूर्ण फ्लाइओवर की कार्य योजना की समीक्षा की। उन्होंने डिजाइन से संबंधित प्रेजेंटेशन देखा और पथ निर्माण विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने निर्माण कार्य को भविष्य की जरूरतों का ख्याल रखने का निर्देश दिया।

**लोगों को होगी सुविधा, समय बचेगा :** मुख्यमंत्री प्रस्तावित हरमू (सहजानंद चौक) से एसीबी कार्यालय तक बनने वाले फ्लाइओवर परियोजना का विस्तृत प्रेजेंटेशन देखा। उन्होंने कहा कि हरमू फ्लाइओवर का निर्माण ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। फ्लाइओवर के निर्माण से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी और उनका समय भी बचेगा। हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस फ्लाइओवर को रातू रोड फ्लाइओवर से जोड़ें, ताकि आमजनमानस को आवागमन में सुविधा हो सके। मुख्यमंत्री को पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से यह जानकारी दी कि प्रस्तावित हरमू (सहजानंद चौक) से एसीबी कार्यालय तक बनने वाले फ्लाइओवर परियोजना का टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर लिया गया है।




**डीपीआर बनाते हुए कार्य योजना को मूर्त रूप दें:** मुख्यमंत्री ने अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़ और करम टोली चौक से साइंस सिटी तक बनने वाले फ्लाइओवर निर्माण परियोजना से संबंधित प्रेजेंटेशन की विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने इन फ्लाइओवर की महत्ता को देखते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जल्द उक्त फ्लाइओवर निर्माण के लिए एक बेहतर कार्य योजना बनाते हुए डीपीआर तैयार की जाये। साथ ही इस परियोजना को मूर्त रूप देने की दिशा में अग्रतर कार्यवाही करें। हेमंत सोरेन ने प्रस्तावित फ्लाइओवर अरगोड़ा चौक के ऊपर गोलचक्कर (रोटरी) बनाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अरगोड़ा चौक में गोलचक्कर निर्माण से कई महत्वपूर्ण सड़कें आपस में कनेक्ट हो जायेगी, जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

**बैठक में थे मौजूद:** एस मौके पर पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, विभाग के प्रवीण भेंगरा, मुख्य अभियंता विजय रंजन एवं कंसल्टेंट कंपनी स्पर्श इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के सुधीर कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम ने एलिवेटेड फ्लाइओवर का देखा प्रेजेंटेशन

मुख्यमंत्री ने करम टोली चौक से साइंस सिटी तक एलिवेटेड फ्लाइओवर (चार लेन) परियोजना का प्रेजेंटेशन देखा। उक्त फ्लाइओवर निर्माण तथा प्रस्तावित डॉक्टर कॉलोनी से हिल व्यू बरियातू रोड तक सड़क निर्माण योजना पर भी अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रस्तावित उक्त सभी फ्लाइओवर निर्माण कार्य परियोजना एवं इससे जुड़ी डिजाइन में भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रख कर मूर्त रूप देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। अतः सभी कार्य पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ किये जायें।

३२




## उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान आज, दोनों पक्ष तैयार, शाम तक नतीजे

# राधाकृष्णन Vs सुदर्शन रेड्डी

- बीजेडी और केसीआर की पार्टी चुनाव में शामिल नहीं होंगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश में उपराष्ट्रपति के लिए मंगलवार को मतदान होगा। शाम तक नतीजे घोषित होंगे। इसके साथ ही देश को 50 दिन बाद जगदीप धनखड़ की जगह नया उपराष्ट्रपति मिलेगा। एनडीए ने ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है। आंकड़ों में एनडीए को स्पष्ट बढ़त है। हालांकि संसद में विपक्ष की मजबूती से पिछले दो दशक में पहली बार मुकाबला करीबी हो सकता है। बताते चलें कि 21 जुलाई को जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफा देने के चलते चुनाव हो रहा है। इस बीच, केसीआर की पार्टी बीआरएस और ओड़िशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक की पार्टी बीजद उपराष्ट्रपति चुनाव में किसी भी गठबंधन का समर्थन नहीं करेंगी। राज्यसभा में बीआरएस के चार और बीजद के सात सदस्य हैं।



**सीपी राधाकृष्णन और सुदर्शन रेड्डी के बीच मुकाबला**

एनडीए की ओर उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे हैं। वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। विपक्ष की ओर से उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश हैं। 79 साल के रेड्डी जुलाई 2011 में शीर्ष अदालत से सेवानिवृत्त हुए थे।

**सुबह 10 बजे से होगा मतदान :** उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान 9 सितंबर को सुबह 10 बजे शुरू होगा और शाम 5 बजे समाप्त होगा। जारी बयान में कहा गया कि भारत के उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों के सदस्य शामिल होते हैं। राज्यसभा के मनोनीत सदस्य भी निर्वाचक मंडल में शामिल होने के पात्र हैं और इसलिए, चुनाव में हिस्सा लेने के हकदार हैं।

**शाम 6 बजे से वोटों की गिनती**

बयान के अनुसार कि उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 के लिए निर्वाचन अधिकारी और राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी की ओर से संसद भवन में मतदान के लिए इंतजाम के किये जा रहे हैं। इसमें कहा गया कि मतगणना शाम 6 बजे शुरू होगी और उसके तुरंत बाद परिणाम घोषित किये जायेंगे।

**दोनों पक्षों ने की तैयारी :** एनडीए ने दो दिनों के लिए ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया था। इसमें पीएम मोदी समेत तमाम सांसद शामिल हुए। सोमवार को विपक्षी दलों ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मॉक पोल सेशन किया। इसमें इंडिया गठबंधन के नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे अखिलेश यादव समेत तमाम विपक्षी सांसद मौजूद रहे। (पेज-02 भी देखें)

# नेपाल में 20 मौत के बाद सोशल मीडिया फिर शुरू


- बैन और भ्रष्टाचार के खिलाफ संसद में घुसे 'जेन-जेड', सेना की फायरिंग में 200 घायल

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में सुबह से जारी विरोध प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया फिर से शुरू कर दिया गया। इस प्रदर्शन में अब तक 20 लोगों की मौत हुई, जबकि 200 से ज्यादा घायल हो गये। इस प्रदर्शन की अगुवाइ 'जेन-जेड' यानी 18 से 30 साल के युवाओं ने की। बताते चलें कि नेपाल सरकार ने 3 सितंबर को फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया साइट पर बैन लगाने का फैसला किया था। इन प्लेटफॉर्म ने नेपाल के संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था। इसके लिए मंत्रालय ने 28 अगस्त को आदेश जारी कर सात दिन का समय दिया था, यह समय सीमा 2 सितंबर को खत्म हो गयी।



प्राप्त जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर बैन और सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ सोमवार सुबह 12 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी युवा संसद भवन परिसर में घुस गये, जिसके बाद सेना ने कई राउंड फायरिंग की। नेपाल के इतिहास में संसद में घुसपैठ का यह पहला मामला है। प्रदर्शनकारियों ने संसद के गेट नंबर 1 और 2 पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद संसद भवन, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री आवास के पास के इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया। काठमांडू प्रशासन ने तोड़फोड़ करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश दे दिये हैं।




# तुम्हें बहुत जल्द उड़ा देंगे इरफान अंसारी को धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। रविवार देर रात बोकारो सर्किट हाउस में ठहरने के दौरान उन्हें एक अज्ञात मोबाइल नंबर (7005758247) से कॉल आया। कॉल करने वाले ने पहले अपशब्दों का इस्तेमाल किया। वहीं मंत्री को जल्द ही उड़ा देने की बात कही। उसने धमकी भरे लहजे में कहा कि तुम बस इंतजार करो, तुम्हें बहुत जल्द उड़ा देंगे। मंत्री ने तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दी। सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने मोबाइल नंबर को



ट्रैक करना शुरू कर दिया है और कॉल करने वाले की पहचान में जुट गयी है। बताते चलें कि इरफान अंसारी को ऐसी धमकी कुछ दिन पहले गिरिडीह के एक युवक ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर दिया था। गिरिडीह पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की और उस युवक को गिरफ्तार कर लिया था।

# आधार पहचान का प्रमाण है नागरिकता का नहीं: सुप्रीम कोर्ट

- एसआइआर पर सुनवाई में चुनाव आयोग से कहा, इसे 12वां दस्तावेज माना जाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/पटना।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को बिहार में एसआइआर (वोटर वेरिफिकेशन) के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि आधार पहचान का प्रमाण पत्र है, नागरिकता का नहीं। कोर्ट ने चुनाव आयोग को आदेश दिया कि वोटर की पहचान के लिए आधार को 12वें दस्तावेज के तौर पर माना जाये। बिहार एसआइआर के लिए फिलहाल 11 निर्धारित दस्तावेज हैं, जिन्हें मतदाताओं को अपने फॉर्म के साथ जमा करना होता है।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने सुनवाई के दौरान यह भी कहा कि आधार कार्ड को लेकर अगर किसी तरह की शंका हो तो आयोग इसकी जांच कराये। कोई भी नहीं चाहता कि चुनाव आयोग अवैध प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल करे। केवल वास्तविक नागरिकों को ही वोट देने की अनुमति होगी। जो लोग फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दावा कर रहे हैं, उन्हें मतदाता सूची से बाहर रखा जायेगा।

## न्यूज रील्स

### मानगो बनेगा पुलिस अनुमंडल, उच्चस्तरीय समिति ने दी स्वीकृति

रांची। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रस्ताव पर जमशेदपुर के मानगो को नया पुलिस अनुमंडल बनाने के लिए सोमवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति ने स्वीकृति प्रदान की। वहीं मुख्य सचिव ने डीजीपी को निर्देश दिया कि विधि व्यवस्था के कुशल संधारण के लिए राज्य के तमाम जिलों की जरूरतों का आकलन करायें। उन्होंने कहा कि इससे हमारे पास जिलों के अपराध ग्राफ, उसके ट्रेंड आदि के साथ वर्तमान संसाधन और क्या करने की आवश्यकता है, इसका समुचित डाटा मिलेगा। वहीं अपराधों की रोकथाम के लिए बेहतर ढंग से संसाधनों का बंटवारा भी सुनिश्चित हो सकेगा। मालूम हो कि पूर्वी सिंहभूम में पहले से जमशेदपुर (मुख्यालय) और पटमदा पुलिस अनुमंडल हैं। राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि पुलिस अनुमंडल जमशेदपुर (मुख्यालय) और पटमदा से जुड़े उत्क्रमित थाना, मानगो एवं आजादनगर तथा ओलीडीह ओपी को काट कर मानगो पुलिस अनुमंडल अस्तित्व में आयेगा।

# हजारीबाग के छड़वा में धर्मांतरण का खेल, लोगों ने किया विरोध

- पुलिस मौके पर पहुंची, हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने भी उठाया सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में धर्मांतरण का खेल कोई नया नहीं है। हमेशा यह सुर्खियों में रहता है। भोले-भाले ग्रामीणों की बीमारी और आर्थिक स्थिति को ढाल बनाकर जिले में बड़े पैमाने पर चंगाई सभा के नाम पर धर्मांतरण का प्रयास किया जाता रहा है। ताजा मामला कटकमसांडी प्रखंड के रोमी पंचायत अंतर्गत छड़वा गांव की है। जहां मामला उजागर होने के बाद घर में चल रही चंगाई सभा को लेकर जमकर हंगामा हुआ। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे बजरंग दल के लोगों ने सभा को बंद करा दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने बाहर से आये लोगों के साथ बकझक भी हो गयी। हंगामा होने की सूचना पर पेलावल थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडेय मौके पर पहुंचे। उन्होंने मामला को शांत कराया और ग्रामीणों को समझाया। पांडेय ने कहा गांव में इस तरह की धार्मिक सभा या धर्मांतरण से जुड़े आयोजन को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। थाना प्रभारी ने चेतावनी दी कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की किसी भी कोशिश पर कार्रवाई होगी।



**बदामद हुए भ्रामक दस्तावेज :** ग्रामीणों ने बताया कि गांव के एक घर में एक साल से सभा आयोजित की जा रही थी। इस सभा में छड़वा के अलावा असधीर, रोमी, हेदलाग, डांड, तीलरा, कंचनपुर, हुड़हुडू और मंडई गांवों से दर्जनों महिला-पुरुष शामिल होते थे। सोमवार को हो रही सभा में कई गांव के ग्रामीण जुटे थे। सभा का नेतृत्व शीला देवी और तुलसी रविदास कर रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर बजरंग दल के लोग वहां पहुंच गये। उन्होंने सभा को बंद कराया। इसी बीच वहां मौजूद लोगों के बीच भी आपसी विवाद हुआ। जहां सभा हो रही थी, वहां घर से बड़ी संख्या में बाइबिल, हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ भ्रामक पोस्टर और पंपलेट मिला। इसके बाद बवाल और तेज हो गया।

**सचेत रहने की जरूरत :** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि आये दिन इस तरह की घटना घट रही है। लोगों को जागरूक और सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर लालच डरा धमका के धर्म परिवर्तन करता है तो यह गैरकानूनी है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 09 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# कौन बनेगा अगला उपराष्ट्रपति!

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मंगलवार 9 सितंबर, 2025 को वोट डाल जा रहे हैं। इस चुनाव में संसद की दोनों सदनों के सांसद वोट डालेंगे। संसद में मौजूदा संख्या गणित और पार्टियों की लामबंदी से मतगणना से एक दिन पहले ही परिणाम के संकेत मिलने लगे हैं। संख्या बल की बात करें तो सत्ताधारी एनडीए गठबंधन के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का पलड़ा काफी भारी लग रहा है। वहीं विपक्ष के प्रत्याशी बी सुदर्शन रेड्डी के पक्ष में उनका भी खेमा पूरी तरह से लामबंद नजर आ रहा है।





## क्रॉस-वोटिंग

उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के सदस्य गुप्त मतपत्रों के माध्यम से करते हैं। इसके लिए कोई व्हिप जारी करने का प्रावधान भी नहीं है। मतलब, सांसद जहां चाहे, अपनी मर्जी से वोट डाल सकते हैं। लेकिन, आमतौर पर ये सांसद अपनी-अपनी पार्टी लाइन के हिसाब से ही वोटिंग करते आये हैं। लेकिन, ऐसे चुनावों में क्रॉस-वोटिंग की घटनाएं भी सामान्य हैं, इसलिए अंतिम नतीजे के बारे में सटीक अंदाजा लगाना आसान नहीं है। इस बीच गैर-एनडीए और गैर-इंडिया ब्लॉक वाली पार्टियों ने जिस तरह अलग-अलग स्टैंड लिये हैं, उससे दोनों खेमे की धड़कनें बढ़ गयी हैं।

## उपराष्ट्रपति चुनाव में बीआरएस-बीजेडी मतदान में हिस्सा नहीं लेंगे

इस समय लोकसभा में 542 और राज्यसभा में 239 सांसद हैं और सभी वोट (कुल 781) डाल सकते हैं। मतलब, जीत के लिए किसी भी प्रत्याशी को 391 सांसदों के समर्थन की आवश्यकता है। लेकिन, चुनाव से एक दिन पहले जिस तरह से ओड़िशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक की बीजेडी और तेलंगाना के पूर्व सीएम के चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति ने मतदान से अलग रहने की बात की है तो वोट डालने वाले संभावित सांसदों की संख्या घटकर मात्र 770 रह गयी है। मतलब, राधाकृष्णन या सुदर्शन को जीत के लिए सिर्फ 386 सांसदों का समर्थन चाहिए।

## आंकड़े सीपी राधाकृष्ण के पक्ष में

दोनों सदनों में सत्तापक्ष यानी एनडीए के पास अपने कुल 425 सांसद हैं। इसके अलावा आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी की वाइएसआर कांग्रेस पार्टी ने भी एनडीए प्रत्याशी राधाकृष्णन का समर्थन कर रखा है। संसद में वाइएसआर कांग्रेस के 11 सांसद हैं। यानी एनडीए के समर्थन में 436 वोट आ सकते हैं। मतलब, आंकड़ों में महाराष्ट्र के गवर्नर सीपी राधाकृष्ण की जीत पक्की दिख रही है।

## किस ओर जायेंगे ये 10 सांसद

इनके अलावा लोकसभा में सात निर्दलीय सांसद हैं, जो किस तरफ का रुख करेंगे यह अभी साफ नहीं है। इसी तरह से आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल का रुख क्या रहेगा, यह भी देखने की बात है। वैसे भी अरविंद केजरीवाल के दिल्ली सीएम रहते उनकी जिस तरह से मुख्यमंत्री आवास में कथित पिटाई हुई थी, उससे वह पार्टी से काफी दूर हो चुकी हैं। उनके बीजेपी में जाने की अफवाहें भी कम नहीं उड़ी हैं। ऐसे ही अकाली दल और मिजोरम की जेडपीएम को लेकर अभी स्थिति साफ नहीं है। इनके भी एक-एक सांसद हैं।

## विपक्ष की राह मुश्किल

जहां तक सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज और विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी के पास वोटों का जुगाड़ है, तो कागजों में यह आंकड़ा 324 से आगे नहीं बढ़ पा रहा। मतलब, सत्तापक्ष के 436 और विपक्ष के 324 के बीच 112 वोटों का बड़ा अंतर नजर आ रहा है। अगर सातों निर्दलीय, अकाली दल, जेडपीएम और स्वाति मालीवाल का वोट भी सुदर्शन के पक्ष में गिरा तो भी वह जादुई आंकड़े से बहुत पीछे छूट सकते हैं। हालांकि, ये सारे वोट एक ही ओर जायेंगे, यह कहना बहुत मुश्किल है। अब अंतिम आसरा क्रॉस-वोटिंग की संभावनाओं पर है। उसमें भी सूत्रों का कहना है कि एनडीए सिर्फ राज्यसभा से ही राधाकृष्णन के पक्ष में 150 सांसदों के क्रॉस-वोटिंग की उम्मीद कर रहा है। इसलिए इस चुनाव में विपक्षी प्रत्याशी की जीत की संभावना फिलहाल दूर की कौड़ी लग रही है।

# कीचड़ देख कर ग्रामीण की पीठ पर सवार हो गये तारिक अनवर

## कांग्रेस सांसद के वीडियो पर सियासी बवाल

**कांग्रेस ने दी बचकाना सफाई, बीजेपी बोली: यही पार्टी का कल्चर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कटिहार।** कांग्रेस सांसद तारिक अनवर के एक वीडियो पर बिहार में सियासी बवाल मच गया है, जिसमें वह एक बाढ़ पीड़ित ग्रामीण की पीठ पर सवार होकर उनके दर्द का जायजा लेते दिख रहे हैं। बीजेपी ने तारिक अनवर पर करारा प्रहार किया है, तो बचाव कर रही कांग्रेस पार्टी बचकाना सफाई दे रही है। बिहार के बाढ़ग्रस्त जिलों में गंगा नदी के जलस्तर में गिरावट होने के साथ ही कटाव तेज हो गया है। जनता की पीड़ा समझने जन प्रतिनिधि भी क्षेत्र में जा रहे हैं। रविवार को बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों से मिलने कांग्रेस सांसद तारिक अनवर कटिहार पहुंचे। रास्ते में कीचड़ देख सांसद एक बाढ़ पीड़ित व्यक्ति की पीठ पर सवार हो गये। किसी ने इसका वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो धुरियाही पंचायत का बताया जा रहा है। वीडियो पर हंगामा मचा, तो सफाई में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने सांसद की तबीयत खराब होने का हवाला दिया। बीजेपी ने इस मुद्दे पर कांग्रेस की खिंचाई की है।



बीजेपी प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने कहा है कि यही कांग्रेस पार्टी का कल्चर है। बताया गया है कि रविवार को तारिक अनवर कटिहार के शिवनगर और सोनाखाल का जायजा लेने जब कटाव स्थल के समीप पहुंचे, तो रास्ते में कीचड़ और पानी दिखा। इसके बाद स्थानीय लोगों के कंधों पर चढ़कर सांसद तारिक अनवर ने कटाव क्षेत्र का जायजा लिया। कंधा पर बैठ कर कटाव क्षेत्र का जायजा लेने का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा रहा है कि सांसद एक व्यक्ति के कंधे पर बैठे हुए हैं। वह व्यक्ति सांसद को पहले कीचड़ और फिर पानी से भरे रास्ते से होकर ले जा रहा है। पीछे से कुछ लोग और सांसद के गार्ड भी चल रहे हैं। साथ ही कुछ लोग सांसद को पकड़े हुए हैं।

इस मामले में सांसद तारिक अनवर ने कहा कि कटाव क्षेत्र का जायजा लेने के लिए वह गये थे। इस बीच रास्ता में कीचड़ और पानी आ गया। इसके बाद स्थानीय लोगों से मना किया कि वह वहां नहीं जायें, लेकिन स्थानीय लोगों ने कहा कि कंधे पर कटाव स्थल तक ले जायेंगे। स्थानीय लोगों के अनुरोध को वह अस्वीकार नहीं कर सके और लोगों के कहने पर कंधे पर चढ़कर कटाव क्षेत्र का जायजा लिया।

# बोकारो में डीएमएफटी फंड का दुरुपयोग : बाबूलाल मरांडी

**बाजार मूल्य से अधिक दर पर खरीदारी की गयी**

**घोटाले की जांच सीबीआइ से कराने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बोकारो में हुए जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी ) फंड घोटाले को उजागर करते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा।

सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 2024-25 और 2025-26 वित्तीय वर्षों के दौरान इस फंड से 631 करोड़ रुपये की अवैध निकासी की गयी और सत्ता से जुड़े लोगों को टेंडर के जरिये करोड़ों रुपये का फायदा पहुंचाया गया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि डीएमएफटी फंड का दुरुपयोग करते हुए बाजार मूल्य से अधिक दर पर खरीदारी की गयी है।




उन्होंने बताया कि बोकारो जिला के 46 पंचायतों में जेनरेटर की आपूर्ति, 1666 आंगनबाड़ी केंद्रों में डिजिटल मेट्स की आपूर्ति, स्कूलों में टैब लैब, शहर में 187 हाइमास्ट लाइट की आपूर्ति, एलइडी वैन की खरीद, सरकारी भवनों में तड़ित चालक, वॉल पेंटिंग, सौर ऊर्जा पंपसेट, स्कूलों में मॉड्यूलर किचन का निर्माण, स्मार्ट मॉडल स्कूल का उन्नयन, छात्रों के लिए कोचिंग, कौशल विकास और प्लेसमेंट सभी में करोड़ों रुपये की लूट हुई है। उन्होंने डीएमएफटी फंड को अपना एटीएम कार्ड बना लिया है और अधिकारियों को रुपये निकालने के लिए लगा दिया है। उन्होंने कहा कि आज तो वे एक बोकारो जिला में हुई लूट का खुलासा कर रहे हैं। लेकिन इस प्रकार की लूट पूरे प्रदेश में हुई है, जिसकी जांच आवश्यक है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लंबा राजनीतिक सामाजिक जीवन रहा है। उन्होंने खनन क्षेत्र में निवास करने वाले गरीबों और जरूरतमंदों की समस्याओं को बहुत नजदीक से देखा और अनुभव किया है। इसलिए प्रधानमंत्री बनते ही खनिज उत्खनन वाले जिलों के लिए डीएमएफटी फंड की व्यवस्था की, ताकि संबंधित जिलों में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। मरांडी ने कहा कि बार-बार निविदा निकालना, बाजार रेट से 10 गुना ज्यादा पर सामग्री की आपूर्ति दिखाते हुए भुगतान करना, ये सारे ऐसे मामले हैं जो बड़े पैमाने पर हुए घोटाले को उजागर करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं व कार्यों में हजारों करोड़ रुपये की लूट हुई है, जो केवल एक अधिकारी के स्तर से हो यह अविश्वसनीय है। उन्होंने कहा कि कोई पदाधिकारी इतना बेखौफ नहीं हो सकता जब तक उन्हें किसी का संरक्षण प्राप्त न हो। इसलिए इसकी जांच कोई राज्य सरकार की एजेंसी से नहीं, बल्कि सीबीआइ से कराने की जरूरत है।

मरांडी ने कहा कि राज्य में सामाजिक संगठन को सूचना मांगने पर भी धमकी दी जा रही है। भाजपा ऐसे लोगों के साथ पूरी तरह खड़ी है, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ अपने अपने स्तर से लड़ाई लड़ रहे हैं। भाजपा सड़क से सदन तक इस मामले को उजागर करेगी। राज्य सरकार को सीबीआइ जांच कराने के लिए बाध्य करेगी। इस मौके पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह और अशोक बड़ाइक उपस्थित थे।

# नेपाल का अशांत होना भारत के हित में नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नेपाल की सड़कों पर सोशल मीडिया बैन के खिलाफ नारे गूंज रहे हैं। जेनरेशन जेड पीढ़ी के युवाओं ने सड़कों पर सरकार के फैसले के खिलाफ आवाज बुलंद की। जेनरेशन जेड के प्रदर्शनकारी नेपाल की संसद तक में घुसे आये। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म ब्लॉक होने के बाद हजारों युवा लोकतंत्र और आजादी की आवाज बुलंद कर रहे हैं। ये सिर्फ ऐप्स का गुस्सा नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और तानाशाही रवैये के खिलाफ पीढ़ी जेड का सीधा विद्रोह है। फेसबुक, यूट्यूब और एक्स सहित 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाने के केपी शर्मा ओली सरकार के कदम का देशभर में व्यापक विरोध प्रदर्शन देखा जा रहा है। हाल के वर्षों में सोशल मीडिया कई देशों में हुई क्रांति का जरिया बना था, अब नेपाल में सोशल मीडिया को लेकर ही क्रांति हो रही है। सोशल मीडिया की दीवानगी किस कदर लोगों के दिलो-दिमाग पर सवार हो गयी है, इसका जीता जागता उदाहरण इन दिनों नेपाल में देखा जा सकता है। इस प्रदर्शन में अब तक 20 लोगों की मौत हो गयी है और 100 से अधिक घायल हैं। नेपाल में हो रहे इस प्रदर्शन से स्पष्ट होता है कि आज का युवा सोशल मीडिया का बस शौकीन ही नहीं, लगभग उसका बंदी बनता जा रहा है। रील्स की लत, वायरल ट्रेंड्स की दीवानगी और खुद को फेमस करने की चाहत ने एक ऐसी दुनिया रच दी है, जहां असली जीवन कहीं पीछे छूटता जा रहा है और सोशल मीडिया से दूर होने का डर घातक प्रदर्शन का रूप लेता जा रहा है। बताया जा रहा है कि इन सबके पीछे चीन ही है, जो आये दिन नेपाल को अस्थिर करने में लगा हुआ है।



## चीन की चाल

अब तक नेपाल में टिकटॉक, वीटॉक, वाइबर और निबांज जैसे प्लेटफॉर्म रजिस्टर्ड हो चुके हैं। टेलीग्राम और ग्लोबल डायरी प्रक्रिया में हैं, लेकिन मेटा (फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप की मूल कंपनी), अल्फाबेट (यूट्यूब), एक्स, रेडिट या लिंक्डइन सहित किसी भी प्रमुख प्लेटफॉर्म ने अभी तक आवेदन नहीं किया है। नेपाली अधिकारियों के अनुसार, प्लेटफॉर्म द्वारा पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करने और राष्ट्रीय नियमों का पालन करने के बाद सेवाएं फिर से शुरू हो सकती हैं। खास बात यह है कि इनमें से ज्यादातर प्लेटफॉर्म अमेरिकी हैं। वहीं, जिन्हें मंजूरी मिली हुई है, वो चीन के हैं।

## लिपुलेख दर्रे को लेकर भी नेपाल करता है दावा

हाल ही में चीन ने भारत और नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में पड़ने से इनकार कर दिया था। नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के मुताबिक जिनपिंग ने कहा है कि लिपुलेख एक पारंपरिक दर्रा है। चीन नेपाल के दावे का सम्मान करता है, लेकिन यह विवाद भारत और नेपाल का द्विपक्षीय मसला है। इसे दोनों देशों को आपसी बातचीत से सुलझाना चाहिए। हालांकि, भारत इस दर्रे को अपना कहता है। नेपाल 2020 में नया नक्शा जारी कर लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को अपना बता चुका है, जबकि भारत इन्हें लंबे समय से अपने हिस्से में मानता है।

## भारत-चीन में इस दर्रे को लेकर बनी थी सहमति

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली 31 अगस्त से 1 सितंबर तक एससीओ समिट में शामिल होने चीन पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने चीनी राष्ट्रपति के सामने लिपुलेख का मुद्दा उठाया था। ओली ने कहा था कि यह इलाका नेपाल का हिस्सा है और भारत-चीन के बीच हुए हालिया सहमति पर नेपाल ने आपत्ति दर्ज करायी है। असल में 19 अगस्त को भारत और चीन ने लिपुलेख पास को ट्रेड रूट के तौर पर फिर से खोलने का फैसला किया था। इस पर नेपाल ने विरोध जताया था। मौजूदा नेपाली पीएम ओली को भी चीन परस्त माना जाता है।

## नेपाल खतरे में तो हम भी खतरे में, यह समझना होगा

इससे पहले इसी साल अप्रैल में नेपाल की राजधानी काठमांडू की सड़कों पर पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह का नाम गूंज रहा था। यह मांग सिर्फ राजशाही की वापसी की नहीं, बल्कि देश को वापस हिंदू राष्ट्र घोषित करने की भी हो रही है। इसे लेकर काफी बवाल मचा था। नेपाल अगर अस्थिर होगा तो यह भारत के लिए अच्छा नहीं होगा। चीन और पाकिस्तान जैसी ताकतें वहां जड़ें जमायेंगी। भारत-नेपाल के बीच 1751 किलोमीटर लंबी सीमा है। ऐसे में भारत को आतंकी, ड्रग्स और नकली नोटो की खेप का खतरा हमेशा बना रहेगा।

## भारत के हित में नहीं है अस्थिर नेपाल

एक रिपोर्ट में ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन की फेलो शिवम शेखावत के हवाले से कहा गया है कि नेपाल में अशांति और अस्थिरता भारत के हित में नहीं है। भारत हमेशा ही इस पक्ष में रहा है कि नेपाल के भीतर सरकार का फैसला वहां के लोग और राजनीतिज्ञ करें। भारत और नेपाल का रिश्ता पुराना है। इसमें यह मायने नहीं रखता है कि सत्ता में कौन है? राजशाही के साथ अच्छा संबंध था, लेकिन पिछले दशक में देखें तो दोनों देशों के रिश्तों में प्रगाढ़ता आयी है। कुछ मामलों पर कभी-कभी तनाव देखने को मिलता है लेकिन दोनों तरफ ही लोकतंत्र है, तो इन मामलों को खत्म करने के लिए ज्यादा जगह मिलती है। उन्होंने कहा कि नेपाल की सत्ता में कोई भी आये, लेकिन भारत की यह जरूरत है कि वह उनके साथ काम करे। भारत के हित में यही है कि वहां शांति रहे और जिन मुद्दों पर वहां अशांति हो रही है, वहां की सरकार उन पर ध्यान दे।

# डीएमएफटी फंड का दुरुपयोग भाजपा के कार्यकाल में हुआ : विनोद पांडेय

**सरकार पर आरोप लगाने का बाबूलाल मरांडी को कोई नैतिक अधिकार नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा लगाये गये आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा नेताओं का काम अब केवल झूठ, दुष्प्रचार और बेबुनियाद आरोपों तक सीमित हो गया है। जब वे खुद सत्ता में थे, तब उन्होंने डीएमएफटी फंड और खनन क्षेत्र से मिलने वाले संसाधनों का किस प्रकार दुरुपयोग किया, यह झारखंड की जनता अच्छी तरह जानती है।

उन्होंने कहा कि डीएमएफटी का गठन ही खनन प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय जनता के हितों के लिए किया गया था, लेकिन भाजपा की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में इस फंड का सबसे दुरुपयोग हुआ। उस समय पंचायतों और गांवों में पारदर्शिता तो छोड़िए, एक भी योजना धरातल पर नजर नहीं आई। खनन कंपनियों से मिलीभगत कर भाजपा के नेताओं ने फंड की लूट मचायी।

विनोद पांडेय ने कहा कि आज जब हेमंत सोरेन की सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ खनन प्रभावित इलाकों में स्कूल, आंगनबाड़ी, सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सुविधाओं पर काम कर रही है, तब भाजपा को यह रास नहीं आ रहा है। भाजपा का काम सिर्फ. सवाल उठाना है, लेकिन जब केंद्र सरकार से झारखंड को न्याय की मांग की जाती है, तब वही भाजपा खामोश हो जाती है।



उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी यह बतायें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार ने झारखंड के डीएमएफटी फंड के उपयोग को लेकर कभी कोई सहयोग क्यों नहीं किया? क्यों खनन कंपनियों के पक्ष में ढेरों छूट दी गयी और राज्य के हिस्से की लाखों करोड़ों की रकम रोकी गयी? भाजपा को बताना चाहिए कि जब वे सत्ता में थे, तब खनन प्रभावित परिवारों को कितनी राहत मिली?

झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार जनता के लिए प्रतिबद्ध है और भाजपा चाहे जितने आरोप लगाये, सच्चाई यही है कि भाजपा भ्रष्टाचार की जननी है। जिनके नेता खुद घोटालों में जेल जा रहे हैं, उन्हें झारखंड की ईमानदार सरकार पर सवाल उठाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

विनोद पांडेय ने स्पष्ट किया कि भाजपा का उद्देश्य जनता की भलाई नहीं बल्कि राजनीतिक साजिश रचना है। जनता सब देख रही है और समय आने पर भाजपा को इसका जवाब जरूर देगी।

# बिहार चुनाव में जेडीयू को 25 सीट भी नहीं मिलेगी : प्रशांत किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**किशनगंज।** बिहार बदलाव यात्रा पर निकले जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने किशनगंज के अंजुमन इस्लामिया प्रांगण में आयोजित सभा में विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने बड़ी भविष्यवाणी करते हुए कहा कि अगर जेडीयू को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में 25 से ज्यादा सीटें मिलती हैं, तो वे राजनीति से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने तर्क दिया कि जैसे बंगाल चुनाव में भाजपा को 100 सीटें नहीं मिलीं थी, और उन्हें राजनीति से सन्यांस नहीं लेना पड़ा, वैसे ही बिहार में जेडीयू 25 से आगे नहीं जायेगी। प्रशांत किशोर ने कहा कि हमने कई जगह उन नेताओं की मदद की, जिन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की पार्टी को हराया है, लेकिन हम पार्टी नहीं, विचारधारा की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि कौन पार्टी कैसी है, इस विवाद में नहीं पड़ते। पीके ने कहा कि आबादी के अनुपात में आपके 40 विधायक होने चाहिए, लेकिन सिर्फ 19 हैं। प्रशांत किशोर ने मुसलमानों से अपील की कि वे तादाद की चिंता छोड़कर हक के साथ खड़े हों। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत उसकी विचारधारा है। अगर उसे हटाना है तो गांधी की विचारधारा को अपनाना होगा। उन्होंने असदुद्दीन ओवैसी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे मुसलमानों को अकेले लड़ने की बात करते हैं, जबकि जनसुराज की सोच है कि सभी हिंदू और मुसलमान मिलकर बदलाव लायें।






वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.0 °c | 23.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.00 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.33 बजे | |



# सीएम हेमंत सोरेन से टाटा स्टील के चीफ रेसिडेंट एग्जीक्यूटिव ने की मुलाकात



टाटा स्टील के चीफ रेसिडेंट एग्जीक्यूटिव संजय मोहन श्रीवास्तव ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की। इसे शिष्टाचार भेंट बताया गया। वैसे इस मुलाकात में संजय मोहन श्रीवास्तव ने कंपनी से जुड़े विषयों पर चर्चा की और सरकार से सहयोग का आग्रह किया।

## रामकनाली में हुए धंसान का जायजा लेते नेता प्रतिपक्ष

# भू धंसान से प्रभावित परिवारों से मिले : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद/कतरास।** झारखंड के पहले मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने धनबाद के सर्किट हाउस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि धनबाद में काले कारोबार का खेल हो रहा है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कोयले की खुलेआम चोरी हो रही है और अवैध वसूली भी चरम पर है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कोयले की चोरी को रोकना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन वह कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। वहीं कतरास घटना की जानकारी मिलने के बाद सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी खुद रामकनाली पहुंचे और हादसे का जायजा लिया। इस दौरान



उनके साथ बाघमारा बिधायक शत्रुघ्न महतो भी मौजूद रहे। उन्होंने भू धंसान से प्रभावित 50 परिवार से मिले और घटना को लेकर दुख जताया तथा उन्हें सुरक्षित पुनर्वास का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि 50 परिवारों को सुरक्षित पुनर्वास के लिए मात्र 5 से 10 एकड़ जमीन चाहिए। क्या राज्य सरकार पास इतनी जमीन नहीं है। लेकिन राज्य सरकार इनका पुनर्वास नहीं चाहती है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए समय लाभप्रद रहेगा, प्रियजनों का आवागमन।
- **वृष** सुख-सुविधा के साधन बनेंगे आर्थिक लाभ. व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।
- **मिथुन** धन लाभ, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय मिलेगा।
- **कर्क** माता पिता का सहयोग,प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा.मन प्रसन्न रहेगा।
- **सिंह** पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा. विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता,मनोकामनाएं पूरी होंगी।
- **कन्या** विगड़ा काम बनेगा,व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **तुला** नौकरी में उल्लास, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा, भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **वृश्चिक** पारिवारिक दायित्व निर्वहन में खर्च अधिक करना पड़ेगा. मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **धनु** आर्थिक लाभ,सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा,मित्र-कुटुंबियों का सहयोग, जमीन-जायदाद संबंधी कार्य सफल होगा।
- **मकर** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **कुंभ** विरोधियों पर विजय,सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा. बकाये रकम की प्राप्ति होगी।
- **मीन** विना-विचारें कोई काम न करें, चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा।

# मधुकर भारद्वाज को विधानसभा में दी गयी विदाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा सचिवालय में संयुक्त सचिव के पद से 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हुए मधुकर भारद्वाज के सम्मान में सोमवार को झारखंड विधानसभा सचिवालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, विधान की प्रत्यायुक्त समिति के सभापति सरयू राय विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर स्पीकर ने कहा कि भारद्वाज लंबे समय तक झारखंड विधानसभा में अपनी सेवा दी।



विशेष रूप से संसदीय कार्यों को निपुणता के साथ निपटारा करने में उनका प्रयास सराहनीय रहा है। सरयू राय ने भी उनके कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि वे संपूर्ण सेवाकाल में अपने कर्तव्यों जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन किया। प्रभारी सचिव झारखंड विधान सभा सहित सचिवालय के अधिकारियों/सहकर्मियों ने उनके सम्मान में अपने उद्गार व्यक्त किये। मधुकर भारद्वाज 29 नवंबर 1988 को बिहार विधानसभा में सहायक के पद पर नियुक्त हुए थे। कैडर विभाजन के उपरांत प्रशाखा पदाधिकारी के रूप में 20 नवंबर 2000 को झारखंड विधानसभा सचिवालय में योगदान दिये। वे कुल 36 वर्ष 9 माह विधानसभा की सेवा में रहे। इस दौरान उन्होंने बिहार और झारखंड विधानसभा के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया।

# चुनाव से पहले महिलाओं को नीतीश सरकार का एक और तोहफा, 80 पिंक बसें शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार चुनाव से पहले महिलाओं को सीएम नीतीश ने एक और बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एक अणे मार्ग से सुगम परिवहन हेतु महिलाओं के लिए द्वितीय चरण में 80 पिंक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की सभी 1065 बसों में इ-टिकटिंग सुविधा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने बसों को रवाना करने के पूर्व बसों का निरीक्षण किया और उसमें उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी



ली। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा कि आज बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की 1065 बसों में इ-टिकटिंग सुविधा लागू करने का शुभारंभ किया तथा द्वितीय चरण में नयी 80 पिंक बसों का लोकार्पण भी किया। इन बसों में केवल महिलाएं ही यात्रा कर सकती हैं।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


# शहीद जवानों के परिजनों को 2.10 करोड़ मुआवजा, आवास और नौकरी : वित्त मंत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 3 सितंबर (बुधवार) की रात पलामू के मनातू में हुए मुठभेड़ में दो जवान संतन मेहता व सुनील राम शहीद हो गये। शहीद हुए जवानों के परिजनों से सोमवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मुलाकात की। परिजनों को सांत्वना दी और मुआवजा की भी घोषणा की। वित्त मंत्री ने दोनों जवानों के परिजनों को 2.10 करोड़ मुआवजा, आवास, नौकरी व सड़क निर्माण की घोषणा की। मंत्री राधाकृष्ण किशोर हैदरनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरेवा गांव पहुंचे। शहीद जवान संतन कुमार मेहता बरेवा गांव के रहने वाले थे। उनके घर पहुंचकर मंत्री ने शहीद की पत्नी सरिता कुमारी, उनके दोनों बच्चे, परी (5 वर्ष), राशि (3 वर्ष),



शहीद की मां और उनके अन्य परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। शोक संतप्त परिवार को दुख सहने की कामना की। इसके बाद बरेवा गांव से 5 किमी. की दूरी पर अवस्थित शहीद सुनील राम के गांव परता गये, जहां शहीद सुनील राम के माता-पिता, उनकी पत्नी शोभा कुमारी और उनके दोनों बच्चे युवराज (10 वर्ष), यशराज (8 वर्ष) से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और दोनों शहीद के परिजनों से कहा कि ये अवसर साहस और धैर्य रखने का है। राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि दोनों शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा। घटना को अंजाम देने वाले लोगों को ढूंढ़ निकाल कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने गांव से ही राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता से बात की और उन्हें बताया कि दोनों शहीदों की पत्नी स्नातक पास हैं। इस पर महानिदेशक ने कहा कि पुलिस नियम के अनुसार दोनों को क्लर्क की नौकरी दी जायेगी। पुलिस महानिदेशक से हुई बातचीत के आलोक में वित्त मंत्री ने कहा कि झारखंड पुलिस एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बीच हुए समझौते के आधार पर 1 करोड़ 10 लाख रुपये और पुलिस विभाग द्वारा उग्रवादी कांड में शहीद हुए पुलिसकर्मियों के लिए तय की गयी राशि को मिलाकर अनुमानित 2 करोड़ रुपये प्रत्येक शहीद परिवार को उपलब्ध कराया जायेगा। राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि शहीद हुए जवानों के परिवारों के साथ सरकार हर परिस्थिति में खड़ी रहेगी।

## शिक्षक दिवस के नाम पर शराब पार्टी करते पकड़े गये आधे दर्जन से अधिक विद्यार्थी

# उर्दू उच्च विद्यालय चरहू बना मयखाना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अरेया स्थित राजकीय कृत उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय चरहू से शिक्षा को कलंकित करने वाला मामला सामने आया है। यहां पर रविवार की देर रात विद्यालय शराब खाना बन गया। शिक्षक दिवस मनाने के नाम पर चंदा इकठ्ठा कर यहां पर शराब मुर्गा पार्टी मनायी जा रही थी। ग्रामीणों ने छापेमारी कर आधा दर्जन से अधिक विद्यार्थियों को शराब मुर्गा पार्टी करते हुए पकड़ लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय के हेडमास्टर भिखराम उरांव ने ही विद्यार्थियों को क्लासरूम की चाभी उपलब्ध करायी थी। गांव वालों के मुताबिक विद्यार्थियों से पूछताछ में छात्रों ने भी यह बात स्वीकार की। इस घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने सोमवार को विद्यालय परिसर में विरोध जताया। शराब पीने का मामले को लेकर स्थानीय मुखिया यशोदा उरांव, प्रबंध समिति के



अध्यक्ष अहमद खान और प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में एसएमसी के पदाधिकारी व ग्रामीणों ने स्कूल में दोबारा से इस तरह का शराब पीने का मामला ना हो, जिसे लेकर चेताया। ग्रामीणों ने कहा कि जहां से कई बच्चे अपने भविष्य को संवार चुके हैं, वहीं विद्यालय अब शराब पार्टी का अड्डा बन गया है। आखिर इस लापरवाही का जिम्मेदार कौन है? साथ ही आरोप लगाया गया कि शिक्षक दिवस मनाने के नाम पर बच्चों से पैसा वसूली कर शराब पार्टी करना सरासर गलत है, इसे हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी भी कार्यक्रम का चंदा में गरीब परिवार के विद्यार्थियों से दबाव बनाया जाता है और चंदा नहीं देने पर गरीब परिवार के बच्चों को परीक्षा में बैठने नहीं दिये जाने की धमकी दी जाती है। मामले पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अहमद खान ने बताया कि कोई भी कार्यक्रम की सूचना पूर्व में हमें नहीं दी जाती है। गांव वालों से मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय में 800 विद्यार्थी नामांकित हैं, जिसमें 2 सरकारी शिक्षक और 12 पारा शिक्षक को मिलाकर कुल 14 शिक्षक हैं। इधर मामले पर उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने कहा कि पूरे मामले की जांच करायी जायेगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।




आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 09 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## बीडीओ के बच्चे को स्कूल लाने और ले जाने का काम करती है सरकारी गाड़ी




**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** अधिकारी होने के कई फायदे हैं। उनमें से मार्केट से अपना समान लाने, नाश्ता, भोजन होटल से लाने, अपने बच्चों को स्कूल भेजने और लाने जैसे सारे काम अपने सरकारी गाड़ी से आप करवा सकते हैं। टाटीझरिया के बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज द्वारा ये सारे कार्य अपने सरकारी गाड़ी से करवाती हैं। इनसे कौन पूछे, क्योंकि ये प्रखंड के जो बड़े पदाधिकारी हैं। इनका बच्चा एडिसन पब्लिक स्कूल टाटीझरिया में पढ़ाया है, जहां उनका सरकारी चालक लक्ष्मण द्वारा सरकारी गाड़ी, जे एच 02 क्यू 1517 से प्रतिदिन विद्यालय लाना और फिर छुट्टी के बाद विद्यालय से ले जाने का कार्य किया जाता है। जो कहीं से उचित नहीं जान पड़ता है। ऐसे कार्य के लिए सरकारी गाड़ी का इस्तेमाल करने के लिए अधिकारी पर कार्रवाई होती है अथवा नहीं, यह देखने की जरूरत है।

## कोल ट्रांसपोर्टिंग वाहनों के परिचालन के कारण सड़क जर्जर



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** केरेडारी- टंडवा मुख्य सड़क पर मसूरिया नदी फोर लेन बाय पास तीन मुहान मोड़ पर सड़क की हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है और इससे दुर्घटना की भारी आशंका बनी हुई है। चुकी टंडवा के आम्रपाली कोल परियोजना से रोजाना सैकड़ों हाइवा वाहनों से कोयले की ढूलाई इस सड़क से होती है और इसी वजह से इस मोड़ पर डेढ़ से दो फिट तक गहरे गड्ढे बन गये हैं व इस सड़क से यात्रा करने वाले बाइक व साइकिल सवार यात्री यहाँ गिरकरचोटिल हो रहे हैं। इसी सड़क के समीप होटल चलाकर जीविकोपार्जन कर रहे उमेश साव ने बताया की कोल कंपनियां इस क्षेत्र से करोड़ों अरबों का मुनाफा कमा रही है लेकिन क्षेत्र की जनता को सड़क, बिजली और स्वास्थ्य जैसी मुलभुत सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। आम्रपाली कोल परियोजना से कोयले की ट्रांसपोर्टिंग की वजह से ये सड़क यहां पर जर्जर हो गया है। आगे बताया की आये दिन यहां सड़क दुर्घटना होती रहती है व लोग गिरकर घायल हो रहे हैं खासकर बाइक सवार और टेंपू और पैदल यात्रियों को ज्यादा दिक्कत हो रही है। हमलोग कई बार कंपनी से शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन कंपनी के द्वारा इस गड्ढे में सिर्फ डस्ट डालकर लीपापोती कर दिया जाता है और स्थिति जस की तस बनी रहती है अगर इस गड्ढे की मरम्मत कर पक्का नहीं किया जायेगा तो हमलोग आंदोलन को बाध्य होंगे।

## जल-जमाव से मच्छरों का बढ़ा प्रकोप



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के बादम चौक जल जमाव रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इससे संक्रामक रोग फैल सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि बादम चौक से लेकर अंबाजीत रोड तक पीसीसी सड़क का निर्माण पिछले वर्ष हुआ था। इसके बावजूद भी सड़कों में पानी जमने लगा है। सड़क में पानी जमने के कारण राहगीरों को और स्कूल व कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को आने-जाने परेशानी होती है। बादम चौक में सड़क के किनारे दैनिक बाजार लगाया जाता है। सब्जी बेचने वालों और खरीदने वालों को भी परेशानी होती है। इसी रोड से अंबाजीत, आजाद नगर, महुगाई खुर्द, गोंदलपूरा, राउतपारा, जोराकाठ, कदमाटोला, बालोदर, गाली आदि गांव के लोग गुजरते हैं। मुखिया सुनीता देवी और पूर्व मुखिया दीपक दास का कहना है की मुखिया फंड से मेन रोड में नाली का निर्माण करवा दिया गया है। लेकिन कुछ स्थानीय लोग नाली को जाम कर देते हैं। यही कारण है की नाली का पानी सड़क में बहता है। पूर्व मुखिया दीपक दास ने यह भी बताया कि जिला परिषद के फंड से बनाये गये सड़क एक साल के अंदर ही टूट गया है। इस कारण से पानी का जल जमाव होता है। इसके लिए ग्रामीण आवेदन जिला प्रशासन को देने के लिए मन बना रहे है।

## डीएलएड के आक्रोशित छात्रों ने एडमिट कार्ड नहीं मिलने पर किया रांची - पटना रोड जाम



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा प्रखंड अंतर्गत लाराबाद में संचालित कैंब्रिज टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के डीएलएड के छात्रों को एडमिट कार्ड नहीं मिलने पर आक्रोशित छात्रों ने समाहरणालय के समीप रांची-पटना रोड को जाम कर दिया। छात्रों ने जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों को इससे संबंधित आवेदन भी दिया है और न्याय की गुहार लगायी है। छात्रों ने आवेदन के माध्यम से बताया है कि उन सभी ने कोडरमा प्रखंड अंतर्गत लाराबाद स्थित कैम्ब्रिज टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सत्र 2023-25 में नामांकण करवाया था। जिसकी परीक्षा दिनांक 9 सितंबर से 13 सितंबर तक निर्धारित है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा को देने के लिए हमें प्रवेश पत्र की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि प्रवेश पत्र की प्राप्ति हेतु हमलोग सोमवार को उक्त कॉलेज गये थे। जहां पर हमें प्रवेश पत्र देने से यह कहकर इनकार कर दिया गया कि हम उक्त महाविद्यालय के छात्र ही नहीं हैं। छात्रों ने बताया कि उनके द्वारा उक्त कॉलेज के खाते में इस शिक्षा को ग्रहण हेतु कॉलेज द्वारा तय शुल्क को कई किस्तों में जमा किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त महाविद्यालय में इस कोर्स को पूरा करने हेतु दो लाख रुपये निर्धारित हैं। जिसके एवज में कई छात्रों द्वारा पूरा तो कई छात्रों द्वारा आधे किस्त जमा कर दिये हैं। इधर प्रवेश पत्र नहीं मिलने से आक्रोशित छात्रों ने पहले तो सोमवार को महाविद्यालय जाकर कॉलेज प्रशासन के विरुद्ध जमकर बवाल काटा, वहीं कुछ संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर देर शाम उनके द्वारा समाहरणालय के समीप जाकर रांची पटना मुख्य मार्ग को जाम कर दिया गया। जाम होने से रांची पटना मुख्य मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गयी हैं। जाम के पश्चात कोडरमा पुलिस मौके पर पहुंच कर छात्रों को समझाने में लगी हुई है ताकि जाम हटाया जा सके। इधर कैम्ब्रिज टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दीपक सिंह ने बताया कि छात्रों द्वारा लगाया जा रहा आरोप बेबुनियाद है। ये कभी भी इस कॉलेज के छात्र हैं ही नहीं। छात्रों द्वारा कॉलेज के खाते में जमा किये गये पैसों के संबंध में उन्होंने बताया कि अगर ऐसा हुआ है तो उसकी जांच कर छात्रों को पैसे वापस कर दिये जायेंगे।

## फरार वारंटी को भेजा जेल

**चरही /हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** चरही थाना क्षेत्र के ग्राम जरबा निवासी अभियुक्त जागेश्वर प्रजापति पिता कैला प्रजापति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह लंबे समय से एएनबीडब्ल्यू/ए कोर्ट कंप्लेन संख्या 3202/22, 600/22 और इश्तेहार 1395/20 में फरार चल रहा था। सोमवार को गिरफ्तार वारंटी को माननीय न्यायालय हजारीबाग में पेश किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए चरही थाना प्रभारी कुंदनकांत विमल ने बताया कि फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी पुलिस की प्राथमिकता में रही है और आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# व्यवसायी के गले से तीन लाख की चेन ले उड़े उचक्के

### छड़ सीमेंट दुकान में कस्टमर बनकर आये थे चेन स्नैचर

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर में चैन छिनतई का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। चैन छिनतई करने वालों के लिए शहर सेफ जॉन बनता जा रहा है। पहले स्नैचर महिलाओं को निशाना बनाते थे, मगर अब पुरुष भी उनके निशाने पर आ गए है। कोर्रा थाना क्षेत्र के दीपुगढा मे छड़ सीमेंट दुकान शिवम ट्रेडर्स में एक बदमाश कस्टमर बनकर आया और दुकान के मालिक से तीन लाख का सोने का चैन छिनतई कर फरार हो गया। शातिर बदमाश ने 15 मिनट तक दुकानदार को सीमेंट और छड़ का रेट जानने में उलझाए रखा। इसी दौरान दुकानदार का बेटा दाढ़ी बनाने बगल में चला गया। इसके बाद दुकानदार को छड़ दिखाने के बहाने वह बदमाश सीसीटीवी कैमरे से अलग दूर ले गया। फिर मौका मिलते ही 3 लाख से अधिक कीमत के सोने का चेन छीनकर भाग निकला। बाहर पहले से दो बदमाश पल्सर मोटरसाइकिल पर खड़े थे। जैसे ही वह बदमाश सोने का चेन छीनकर बाहर निकला। सभी बदमाश मोटरसाइकिल स्टार्ट कर फरार हो गये। इस संबंध में दुकानदार नरेश कुमार साव ने बताया कि सोने का चैन का मुल्य लगभग तीन लाख रुपए कीमत है। कोर्रा थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस की जांच पड़ताल शुरू हो गयी है। इस छिनतई की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश शीघ्र पकड़े जायेंगे। बता दें कि गत 28 अगस्त को चैन स्नैचर ने बड़ा बाजार ओपी क्षेत्र के नया बस स्टैंड के सामने एक महिला के गले से सोने का चेन झपट फरार हो गया था। भुक्तभोगी इचाक थाना के परासी गांव की रहने वाली अंजली सिंह पति गौतम नारायण सिंह ने बड़ा बाजार थाना को आवेदन देकर स्नैचर की गिरफ्तारी की मांग की थी। इस घटना के चार दिन पूर्व सदर थाना क्षेत्र के संत रॉबर्ट स्कूल के नजदीक एक महिला के गले से चेन झपड़ स्नैचर रफूचक्कर हो गए थे। वह महिला अपनी बेटी को स्कूल से लेकर पैदल घर जा रही थी तभी पल्सर पर सवार दो स्नैचर को घटना को अंजाम दिया था। भुक्तभोगी ने सदर थाने में आवेदन देकर गिरफ्तारी की मांग की थी। शहर में बढ़ती चैन स्नेचिंग घटना से शहरवासी डरे हैं वहीं पुलिस कार्यवाही पर भी सवाल उठना लाजमी है कि आखिर स्नैचर पुलिस पकड़ में क्यों नहीं आ रहे। तीनों मामलों में चैन स्नैचर भागने के लिए पल्सर गाड़ी का उपयोग किया है।

# आज भी झारखंड-बिहार के लोगों के दिलों को जोड़े हुए है दिबौर का डाकघर

### साल 1991 से है संचालित

सतीश कुमार




**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** भले ही साल 2000 के 15 नवंबर को झारखंड और बिहार अलग हो गये हों, पर आज भी इन दो राज्यों के बीच दिल से जुड़े हुए हैं। दोनों राज्यों की सीमा पर कोडरमा जिला के मेघातरी पंचायत अंतर्गत दिब्बौर में स्थापित ग्रामीण ब्रांच पोस्ट ऑफिस है। यह डाकघर दोनों राज्यों के लोगों के दिलों को जोड़ता है। बिहार के नवादा जिले के रजौली प्रखंड के कई गांवों के ग्रामीणों की इसी डाकघर में खाता है। पहले चिट्ठी समेत कई सेवाएं डाक घर से हासिल करते थे। लेकिन पिछले दो साल से इन सेवाओं में 80 फीसदी की कमी आई है। इसका मुख्य वजह आधार लिंक है। इससे रजौली के हरदिया पोस्टऑफिस से इन्हें उक्त सेवा मिलने लगी है। आने वाले दिनों में तीन गांवों के 15- 20 ग्रामीणों की सेवा भी चले जाने की उम्मीद है। पहले नवादा जिले के गांव रतनपुर, गोपालपुर, गढ दिब्बौर समेत कोडरमा के मेघातरी, बिशनीटीकर, करहरिया, रिजर्व फॉरेस्ट खलकथंबी में सूचनाओं और सामग्रियों समेत अन्य काम किये जा रहे थे। अधिकांश पुणे, नवी मुंबई, रांची, दिल्ली, बंगलौर, वराणसी से कोडरमा के दिब्बौर का डाकघर में चिट्ठी, पैन कार्ड, एटीएम, चेकबुक, बैंको की सूचना, आधार कार्ड आदि आते थे, जिसे घर-घर बाइक के जरिए पोस्टमैन द्वारा पहुंचाया जाता था। इसके अलावा बचत खाता, आवर्ती जमा, सुकन्या समृद्धि योजना, ग्रामीण डाक जीवन बीमा जैसे कार्य भी दोनों राज्य के उक्त गांवों के लोग इसी डाकघर से करते थे।

तीन गांवों के कुछ लोग अब हैं जुड़े हुए पड़ोसी राज्य बिहार के चार किमी के दायरे में फैले गांव मसलन रतनपुर, गोपालपुर, गढ दिब्बौर के लोग आज भी इसी डाकघर में खता खोले हुए हैं, जिनकी मात्र पैसे की जमा - निकासी करते हैं। यहां के पोस्टमास्टर रंजीत बर्णवाल हैं।

क्या कहते हैं पोस्टमास्टर? पोस्टमास्टर रंजीत बर्णवाल बताते हैं कि अब इस ब्रांच पोस्टऑफिस से बिहार राज्य के नवादा जिला अंतर्गत से पास की गांवों के15-20 लोग ही जुड़े हुए हैं।

# बनासो पर्यावरण वन रक्षा समिति ने 17वां वन महोत्सव मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**विष्णुगढ़।** बनासो और चानो पंचायत के तेलनिया दाह और गोबरवसुवा के बीच पिरिंजीया टांड में पर्यावरण वन रक्षा समिति बनासो और चानो द्वारा 17वीं वर्षगांठ मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ वन रक्षा बंधन और पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुरेंद्र प्रसाद सिंह, विशिष्ट अतिथि चंद्रनाथ भाई पटेल, माटी चित्रकार महावीर सामी और संजय शाह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन सुरेश राम (सर्प मित्र) द्वारा किया गया। वन महोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न विद्यालयों और ग्रामीण बच्चों ने संथाली नृत्य, नागपुरी नृत्य, लोक नृत्य और नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दर्शकों ने भी तालियों और थिरकते कदमों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि ने कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश राम को अपनी लिखी पुस्तक भेंट की और अपने वक्तव्य में वनों की कटाई और पर्यावरणीय क्षरण पर चिंता व्यक्त करते हुए पौधरोपण और प्राकृतिक वनों की रक्षा पर जोर दिया। वहीं विशिष्ट अतिथि ने कहा कि फॉरेस्ट डिपार्टमेंट द्वारा लगाये गये पेड़ों से ग्रामीण उपयोग नहीं कर पाते, जबकि प्राकृतिक वनों से पत्तल, जूंठ, ढेकी, धारण, हल आदि ग्रामीण जीवन का आधार बनते हैं। इस अवसर पर खोरठा नृत्य जगत के प्रसिद्ध कलाकार बबन सिंह, जग्गू दादा, चंद्रिका कुमार, प्रवेश सिंह और थानेश्वर महतो ने पर्यावरण पर आधारित गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को रंगारंग बना दिया। प्रतियोगिता में एम्बिशन पब्लिक स्कूल, सनराइज पब्लिक स्कूल, बाल विद्या निकेतन विद्यालय आदि के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल में प्रमोद कुमार (डांस टीचर) और पुष्पा (संथाली टीचर) शामिल थे। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सनराइज पब्लिक स्कूल को प्रथम पुरस्कार और एम्बिशन पब्लिक स्कूल को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। वहीं रीमा मरांडी ग्रुप (नागपुरी नृत्य) और रीता बेसरा (लोक नृत्य) को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। ड्रेजियो बोर्डिंग स्कूल, हजारीबाग के सतीश राज ने हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में पर्यावरण शपथ दिलायी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाजसेवी मंजू देवी ने पर्यावरण समिति को सहयोग करते हुए 250 पौधे वितरित किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष महादेव मुर्मू और संचालन सुरेश राम ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण और पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे।

## ग्रिजली विद्यालय ने रचा स्वर्णिम इतिहास

# सीबीएसइ खो-खो राष्ट्रीय चैंपियनशिप का जीता खिताब

### एसजीएफआइ नेशनल के लिए किया क्वालिफाई

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** जीत उसी की होती है, जो साहस करता है, तैयारी करता है और कभी हार नहीं मानता। इसी जज्बे को सच करते हुए तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय की अंडर-14 बालक टीम ने सीबीएसइ खो-खो राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025-26 का खिताब जीतकर नया इतिहास रच दिया। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 1 से 5 सितंबर 2025 तक पिनेकल पब्लिक स्कूल, लिम्बाडिया (नर्मदा कैनाल के पास), गांधीनगर, गुजरात में आयोजित हुई। इसमें देशभर के शीर्ष 20 विद्यालयों की टीमों के साथ-साथ ओमान, कतर और यूएइ की 3 अंतरराष्ट्रीय टीमों ने भी भाग लिया। फाइनल मुकाबले में ग्रिजली विद्यालय ने एल. बी. एस. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रोहतक (हरियाणा) को हराकर राष्ट्रीय चैंपियन का ताज अपने नाम किया। इस स्वर्णिम जीत के साथ ही विद्यालय ने एसजीएफआई नेशनल चैंपियनशिप के लिए भी क्वालिफाइ कर लिया। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में गजब की फुर्ती, समन्वय और जुझारूपन का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों को प्रशिक्षक सुनील कुमार साव के मार्गदर्शन में तैयार किया गया। टीम मैनेजर बॉबी आनंद की भूमिका खिलाड़ियों की सफलता में सराहनीय रही। विजेता टीम में अजीत कुमार, आयुष कुमार, अंश राज सिंह, समर प्रताप सिंह, अनमोल कुमार, राजदीप सोलंकी, हिमांशु कुमार, सतीश कुमार, कौशल मंडल, लक्ष राज, विकास कुमार और पियूष कुमार शामिल रहे। हर खिलाड़ी ने अद्भुत कौशल, फुर्ती और सहनशक्ति का परिचय देते हुए टीम को राष्ट्रीय पटल पर विजयी बनाया। इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय परिवार में उल्लास का माहौल है। निदेशक द्वय मनीष कपिसमे और अविनाश सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता, सीओओ तनिष्क सेठ, प्राचार्या अंजना कुमारी, प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेन्द्र चौधरी, बी. डी. नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, शिल्पी भदानी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल संयोजक सुधांशु कुमार, सीसीए संयोजक राजीव रंजन सिंह और स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर अमित दास ने खिलाड़ियों, उनके कोच और मैनेजर और अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। सभी ने आशा व्यक्त की कि छात्र आगामी एसजीएफआई नेशनल चैंपियनशिप में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और ज़िले का नाम और रोशन करेंगे।

## कैंपस चलो अभियान की हुई शुरुआत



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** एनएसयूआइ हजारीबाग द्वारा चलाये जा रहे कैंपस चलो अभियान की शुरुआत सोमवार को मार्खम कॉलेज हजारीबाग से की गयी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अभिषेक राज कुशवाहा ने विभिन्न विभागों का दौरा किया और बड़ी संख्या में छात्रों से मुलाकात कर उनकी शैक्षिक और प्रशासनिक समस्याओं को सुना। साथ ही छात्रों से खुला संवाद करते हुए उनकी मांगों और कठिनाइयों को विस्तार से जाना। अभियान के दौरान एनएसयूआइ जिला उपाध्यक्ष आदर्श आनंद आचार्य ने भी अलग-अलग विभागों में जाकर छात्रों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को समझा। एनएसयूआइ प्रतिनिधिमंडल ने कॉलेज की प्राचार्य महोदया से शिष्टाचार भेंट की और छात्रों से जुड़ी अनेक विषयों पर सार्थक चर्चा की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अभिषेक राज कुशवाहा ने कहा कि कैंपस चलो अभियान का उद्देश्य छात्रों की समस्याओं को सीधे समझना और उन्हें समाधान की दिशा में आवाज देना है। आने वाले दिनों में यह अभियान जिले के सभी कॉलेजों में चलाया जायेगा। जितनी भी छात्रहित से जुड़ी समस्याएं हमारे पास आयेंगी, उन सब मुद्दों को लेकर एनएसयूआइ विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष मजबूती से अपनी बात रखेगी।

## डीसी ने मंडलकारा का किया निरीक्षण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त ऋतुराज ने सोमवार को मडलकारा, कोडरमा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदियों की सुविधा को लेकर अवस्थित अस्पताल, रसोईघर, शौचालय समेत अन्य चीजों का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अस्पताल का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि परिसर की स्वच्छता बनाये रखी जाये और यदि किसी प्रकार के उपकरण या कर्मी की आवश्यकता हो तो उसकी रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध करायी जायें। वहीं, रसोईघर का निरीक्षण कर उन्होंने आवश्यक मरम्मत कार्य कराने का निर्देश दिया। इस दौरान जेल अधीक्षक सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-कोवाड मुख्य मार्ग गरचांच पेट्रोल पंप के समीप सोमवार को एक स्कूटी और बाइक की जोरदार टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसमें स्कूटी पर सवार दो युवक और बाइक पर सवार एक व्यक्ति घायल हुए हैं। बाइक सवार घायल की पहचान राजधनवार (गिरिडीह) निवासी 45 वर्षीय उदय पासवान के रूप में हुई। वहीं स्कूटी सवार घायलों की पहचान जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बेको निवासी सूरज पंडित पिता रामा पंडित 17 वर्ष, बीरेंद्र पंडित पिता रामा पंडित उम्र 32 के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार राजधनवार निवासी उदय पासवान अपनी पत्नी सुंदरी देवी एवं पुत्री ज्योति के साथ झुमरीतिलैया में बाजार करने हेतु आए हुए थे। बाजार करने के पश्चात वे लोग वापस राजधनवार जा रहे थे। वहीं बीरेंद्र पंडित अपने छोटे भाई सूरज व पत्नी सरिता देवी के साथ जयनगर प्रखंड कार्यालय से अपना कार्य कर वापस लौटकर कुछ जरूरी कार्य हेतु कोडरमा न्यायालय जा रहे थे। इसी बीच जयनगर थाना क्षेत्र के गरचांच स्थित पेट्रोल पंप के निकट दोनों स्कूटी व बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गयी। जिससे बाइक व स्कूटी सवार सभी लोग सड़क पर गिर गये। जबकि बाइक और स्कूटी पूरी तरह से क्षतिग्रश्त हो गयी। इधर घटना के पश्चात आसपास के लोग और जयनगर थाने की पेट्रोलिंग गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची और सभी घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल कोडरमा भेजा जहां सभी घायलों का ईलाज चल रहा है।

## झुमरीतिलैया में नौकुंडीय महायज्ञ संपन्न



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** गायत्री परिवार के संस्थापक पूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य की जीवन संगिनी वंदनीया माता जी के महाप्रयाण दिवस पर गायत्री शक्तिपीठ झुमरी तिलैया में विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दो घंटे का अखंड जप और नौकुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। सैकड़ों श्रद्धालु भाई-बहनों ने सामूहिक रूप से लगभग 61,000 गायत्री मंत्र का जप किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने वंदनीया माता जी द्वारा बताये गये आदर्श मार्ग पर चलने और समाज व राष्ट्र की सेवा के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण रहा, जहां हर सहभागी ने माता जी की स्मृति को नमन करते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## प्रखंड कृषक मित्र संघ की बैठक में संगठन पर चर्चा



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सोमवार को प्रखंड कृषक मित्र संघ की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रखंड कृषक मित्र संघ का विस्तार से चर्चा करते हुए प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से लक्ष्मण प्रसाद यादव को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। गोविन्द यादव को सचिव और कोषाध्यक्ष उमाशंकर यादव को, उपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद वर्मा को और उप सचिव अब्दुल हमीद अंसारी को बनाया गया। बैठक के दौरान प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि किसान मित्र पिछले पंद्रह वर्षो से सरकार की कल्याणकारी योजना के लिए काम करते आ रही है। सरकार किसान मित्रों को प्रोत्साहन के रूप में मात्र दो हजार रुपये देती है। सरकार के इस दोहरे निति से त्रस्त होकर सभी किसान मित्र संघ प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर सरकार के विरुद्ध हाईकोर्ट जाने पर विचार किया है। बैठक की अध्यक्षता किसान मित्र इस्लाम अंसारी ने किया। मौके पर नागेश्वर प्रसाद, काली महतो, रामचंद्र दास, शाहनवाज खान, अर्जुन प्रसाद बर्मा, नन्दलाल यादव, अर्जुन यादव, संजय कुमार, राजकुमार यादव, सेवा राय, देवेंद्र तिवारी, गोविन्द यादव, उमाशंकर यादव समेत कई कृषक मित्र मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 09 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in
05

## ट्रांसजेंडर समूह के लोगों ने डीसी से की मुलाकात



रामगढ़(आजाद सिपाही)। रामगढ़ जिला अंतर्गत ट्रांसजेंडर समूह के लोगों ने सोमवार को जिला समाहरणालय स्थित डीसी कार्यालय कक्ष में डीसी फैज अक अहमद मुमताज से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ट्रांसजेंडर समूह से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों और समस्याओं पर डीसी के साथ चर्चा की। मौके पर डीसी ने गंभीरता पूर्वक उनकी बातों को सुना और समस्याओं के समाधान के लिए आश्वासित किया। इस दौरान ट्रांसजेंडर समूह के लोगों ने डीसी द्वारा ट्रांसजेंडर समूह को मुख्य धारा से जोड़ने और उन्हें विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने के तहत किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया।

## आहर में डूबने से एक बैगा की मौत

प्रतापपुर /चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के योगियारा पंचायत अंतर्गत गोराडीह शिकारपुर गांव में रविवार को आदिम जनजाति परिवार के एक व्यक्ति मुखलाल गंझु की मौत आहर में डूबने से हो गयी। गांव वालों का कहना है कि मुखलाल का नहाने के दौरान पैर फिसला और उसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी जैसे ही जिला पार्षद प्रतिनिधि संतोष राणा को मिली। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना थाना प्रभारी कासिम अंसारी को दी।

### जेसी ज्वेलर्स दुकान में हथियार के साथ घुसे डकैतों के मामले में नया मोड़

# आशीष ने रामगढ़ थाने में पत्नी, साली, साला और ससुर के खिलाफ दर्ज करायी प्राथमिकी

**पत्नी से चल रहा विवाद, मुंबई कोर्ट में आशीष ने लगायी थी हाजिरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जेसी ज्वेलर्स दुकान में हथियारबंद डकैतों के द्वारा की गयी डकैती का मामला अब घरेलू विवाद से जुड़ गया है। सोमवार को जेसी ज्वेलर्स के संचालक आशीष कुमार ने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई तो इस कांड के पीछे ससुराल वालों के हाथ होने की बात कही। उसने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी के साथ चल रहे विवाद के कारण ससुराल वालों ने उसे ना सिर्फ धमकी दी, बल्कि उसके घर पर गोली चलवा कर यह स्पष्ट कर दिया कि वे कभी भी उसकी जान ले सकते हैं।

**ससुराल के आठ लोगों के खिलाफ दर्ज हुई प्राथमिकी:** आशीष ने अपने ससुराल के आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। इसमें अपने ससुर अनिल कुमार, मंझले ससुर मनोज कुमार, संझले ससुर अशोक कुमार, छोटे ससुर प्रहलाद कुमार के अलावा सास कुमकुम देवी, साला आयुष कुमार, पत्नी प्रियंका चंचल और साली प्रेरणा चंचल का नाम उसने प्राथमिकी में दिया है। इधर, पुलिस ने रामगढ़ थाना कांड संख्या 245/25 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस अब इस गुत्थी को सुलझाने में जुटी है कि ससुराल वालों ने क्यों आशीष पर जानलेवा हमला कराया? इसके पीछे की वजह क्या थी?

**पत्नी से चल रहा विवाद, मुंबई कोर्ट में आशीष ने लगायी थी हाजिरी :** जेसी ज्वेलर्स के मालिक आशीष कुमार का विवाद उनकी पत्नी प्रियंका चंचल के साथ चल रहा है। प्रियंका के पिता अनिल कुमार मुंबई में नौकरी करते हैं। वहीं उन्होंने कल्याण डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। 4 सितंबर को आशीष को कल्याण जिला कोर्ट में हाजिरी लगानी थी। आशीष वहां गया था और 6 सितंबर को लौट कर घर आया। यहां आते ही 7 सितंबर की शाम उसकी दुकान पर बड़ा हमला हो जाता है। आशीष ने पुलिस को बताया कि उसके ससुराल वालों ने उसे जान से मरवाने की धमकी भी दी थी। उसे शक है कि यह अपराधी उन्हीं के इशारे पर यहां आए थे।



### लूट की बात निकली झूठी, सिर्फ डराने पहुंचे थे अपराधी

रामगढ़ पुलिस सबसे पहले उन डकैतों को तलाश रही है, जिन लोगों ने जेवर दुकान में तांडव मचाया। पुलिस की जांच में प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट हो गया कि अपराधी वहां से कुछ भी लूट कर ले जाने में सफल नहीं रहे हैं। हालांकि शुरू में आशीष और उनके घर वालों ने ढाई लाख रुपये नगर और सोने का कंगन लूटे जाने की बात कही थी। लेकिन यह बात जांच में झूठी साबित हो गयी। आशीष ने दर्ज करायी गयी प्राथमिकी में भी कहा है कि उसकी दुकान से कोई भी नगद और जेवर गायब नहीं हुआ है। इसका मतलब साफ है कि नकाबपोश अपराधी हथियार चमकाकर वहां सिर्फ डर फैलाना चाह रहे थे। इसी वजह से उन लोगों ने मारपीट और तोड़फोड़ भी की। साथ ही आशीष को घसीट कर दुकान से बाहर भी निकलने का प्रयास किया।

### बिना चेहरा ढंके हथियार लहरा रहा था अपराधी



जेसी ज्वेलर्स दुकान में आशीष कुमार पर हमला करने वाले अपराधी बेखौफ थे। सीसीटीवी कैमरे का फुटेज सामने आया तो पुलिस भी देखकर एक बार आवाक रह गयी। लाल रंग का कुर्ता पहने और टोपी लगाकर एक अपराधी देसी कट्टे के साथ दुकान में अंदर घुसता है। उसके साथ दूसरा अपराधी टोपी और मास्क लगाकर काउंटर पर तांडव मचा रहा था। उसके पीछे तीन अन्य अपराधी हेलमेट पहनकर दुकान में घुसते हैं। लाल कुर्ता पहने हुआ अपराधी सबसे पहले दुकान में मौजूद एक बुजुर्ग ग्राहक को सोफे पर बिठाकर हथियार से डराता है। उसके चारों साथी आशीष को अपने कब्जे में लेने का प्रयास करते हैं।

## नारायणपुर दुर्गापूजा समिति गठित अध्यक्ष बने इंद्रदेव और सचिव पोखलाल



**कुजू (आजाद सिपाही)।** नारायणपुर (करमा) स्थित मंदिर प्रांगण में श्री श्री दुर्गापूजा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता बलदेव ठाकुर और संचालन प्रदीप शर्मा ने किया। बैठक के दौरान पर्व को धूमधाम और हर्षोल्लास पूर्वक मनाने और नई दुर्गापूजा समिति गठित को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही, सर्वसम्मति से विगत वर्ष की कमिटी का बेहतरीन संचालन और भव्यता पूर्वक पूजन समापन को देखते हुए पुनः जिम्मेवारी सौंपने का निर्णय लिया गया। मनोनीत समिति ने आकर्षक और भव्य पूजा संपन्न कराने की बात कही। मनोनीत समिति में अध्यक्ष के रूप में इंद्रदेव ठाकुर, उपाध्यक्ष जीवलाल महतो व अयोध्या महतो, सचिव पोखलाल महतो, सहसचिव रंजीत कुमार शर्मा व टुकेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष मनपुरण सोनी और सह कोषाध्यक्ष कुमेश्वर महतो समेत 11 कार्यकारिणी सदस्य शामिल रहे। वहीं, संरक्षक के रूप में मुखिया खगेश्वर महतो, उप प्रमुख पिंटू कुमार, मोहित कुमार, जानकी ठाकुर, जगदेव साव, शंकर प्रसाद गुप्ता, प्रदीप शर्मा, देवनारायण प्रसाद गुप्ता, मथुरा साव, आदित्य सोनी, बालेश्वर महतो सुरेश सोनी है। इधर, मनोनीत समिति अध्यक्ष इंद्रदेव ठाकुर और सचिव पोखलाल महतो ने संयुक्त रूप से बताया कि पूजा समिति पिछले 20 वर्षों से विशेष दुर्गा पूजन कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका अदा करता आ रहा है। इसके तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम और रावण दहन के लिए भव्य प्रतिमा का निर्माण कराया जायेगा। इस अवसर पर कई धर्मप्रेमी शामिल रहे।

## झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध क्लीनिकों पर प्रशासन का शिकंजा, कई मामले दर्ज



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले में झोला-छाप डॉक्टरों और अवैध क्लीनिकों की लापरवाही से लगातार गंभीर घटनाएं सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार किया है। हाल ही में दो मरीजों की मौत और होटल में अवैध नर्सिंग होम संचालित होने की पुष्टि के बाद प्रशासन ने क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत संबंधित डॉक्टरों और संचालकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए कड़ा संदेश दिया है। उपायुक्त कीर्तिश्री ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल स्तर पर जांच समितियों का गठन किया है तथा दोषियों के विरुद्ध विधि-सम्मत कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बीते 2 सितम्बर को हंटरगंज प्रखंड के नावाडीह गांव स्थित जीवन रेखा क्लिनिक में प्रसव पीड़ा से पीड़ित रंजु देवी (उम्र 23 वर्ष) का बिना जांच ऑपरेशन कर दिया गया, जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गयी। मृतका के पति धर्मेन्द्र कुमार यादव के आवेदन पर हंटरगंज थाना कांड संख्या-153/25 में क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत झोला-छाप डॉक्टर विकेश कुमार यादव, रामधीर कुमार एवं सुनील कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी। उक्त नर्सिंग होम को सिविल सर्जन द्वारा सील कर दिया गया। इसके अलावा 1 सितम्बर को वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डेमडेम नावाडीह गांव निवासी ऋषि कुमार (उम्र 5 वर्ष) की इलाज के दौरान मौत हो गयी। झोला-छाप डॉक्टर प्रदीप विश्वकर्मा द्वारा दिये गये तीन इंजेक्शनों के बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ गयी और मगध मेडिकल कॉलेज, गया पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में वशिष्ठनगर जोरी थाना कांड संख्या-57/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। होटल में नर्सिंग होम का खुलासा: चतरा जहूर आलम और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सदर चतरा की टीम ने जांच की। जांच के क्रम में पाया गया कि एक होटल का बोर्ड लगाकर अंदर अवैध रूप से नर्सिंग होम का संचालन किया जा रहा था, जहां कई मरीज भर्ती थे। संचालक मौके से फरार हो गया। उक्त अवैध नर्सिंग होम को सील करते हुए संचालक पंकज जायसवाल और रोहित जायसवाल के विरुद्ध सदर थाना चतरा कांड संख्या-295/25 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उपायुक्त ने गठित की समिति। उपायुक्त ने आमजन से की अपील: उपायुक्त ने आमजन से अपील की है कि वे इलाज के लिए सदैव पंजीकृत चिकित्सकों और मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य संस्थानों का ही सहारा लें। साथ ही किसी भी संदिग्ध क्लिनिक या झोला-छाप डॉक्टर की सूचना तुरंत जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

## रैयतों का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सयाल डी परियोजना के तीसरे साईड पर सौंदा बस्ती सरैया टोला के रैयतो ने सोमवार को नौकरी मुआवजा को लेकर दूसरे दिन भी आंदोलन जारी रखा। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे विनोद साव ने कहा कि रैयतो के 30 एकड़ जमीन खाता संख्या 73 और 38 का अब तक किसी भी तरह का सकारात्मक पहल सीसीएल प्रबंधन द्वारा नहीं किया गया है। जिससे रैयत आक्रोशित है। सयाल डी के पीओ ने रैयतो को कार्यालय में वार्ता के लिए बुलाया लेकिन वार्ता विफल हुई। जिसके बाद रैयतो ने महाप्रबंधक कार्यालय बरका सयाल का घेराव किया। जिसमें रैयतो ने नारा बुलंद करते हुए कहा कि जब तक हमलोगों को नौकरी मुआवजा नहीं दी जायेगी तब तक हमलोग अपनी जमीन पर कोयला उत्पादन नही करने देंगे। इधर एक घंटे बाद महाप्रबंधक ने रैयतो से वार्ता किया। इसके पश्चात रैयतो ने कहा कि जब तक हमलोगों को नौकरी और मुआवजा नहीं दिया जायेगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर संतोष साव, पवन साव, धनेश साव, चतुर्भुज प्रसाद, संजय साव, रामप्रवेश साव, सूरज कुमार, विकास कुमार, विनोद साव, देवा साव,जतन साव, योगेन्द्र साव, दशरथ साव, नंदलाल साव, गोपाल ठठेरा, अंकित कुमार, सुंदर साव, राहुल कुमार, अशोक साव, अजीत कुमार, संटू कुमार, विजय कुमार, अनुज कुमार, ललन प्रसाद, चतुर्भुज प्रसाद, सागर, प्रमोद कुमार साव, सोहन साव, बासुदेव साव, कैलाश साव, विनोद साव, गणेश प्रसाद, उदासी देवी, वीणा देवी, खुशबू कुमारी, रेशमी देवी, मुस्कान कुमारी, मंजू देवी, ललिता देवी, गीता देवी, ममता देवी, कबूतरी देवी, सरिता देवी, लक्ष्मी देवी, आरती देवी, मंजू देवी, दुलारी देवी, शीला देवी, सुनीता देवी, मीना देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी, सुशीला देवी, मुन्नी देवी सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

## संगम कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामचंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर रामगढ़ में विभाग स्तरीय सप्तशक्ति संगम कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सप्तशक्ति संगम की क्षेत्रीय संयोजिका डॉ पूजा, डॉ उर्मिला सिंह, रांची विभाग प्रमुख विवेक नयन पांडे, कार्यक्रम प्रमुख पद्मावती सिंह, अनिता कुमारी ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम में पूरे रांची विभाग के 26 विद्यालयों से लगभग 250 महिलाओं ने भाग किया। मंचासीन अतिथियों का परिचय कुमकुम झा के द्वारा कराया गया। मौके पर महिलाओं द्वारा हम ही मातृशक्ति है मधुर गीत प्रस्तुत किया गया। प्रस्तावना सह विषय प्रवेश करते हुए विभाग प्रमुख विवेक नयन पाण्डेय ने कहा कि माता परिवार की आधारशिला है। आज के बदलते परिवेश में महिलाओं को परिवार, समाज एवं देश कल्याण के कार्यों की प्रेरणा देना आवश्यक है। क्षेत्रीय संयोजिका डॉ पूजा ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए कहा कि यह संगम महिलाओं का, महिलाओं के लिए और महिलाओं के द्वारा आयोजित कार्यशाला है। स्थानीय विद्यालय की अंजू के द्वारा प्रश्नोत्तरी का भी कार्यक्रम किया गया। पद्मावती सिंह ने कहा महिलाओं को अपने अंदर निहित सातो शक्तियों को पहचानने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य रुप से विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण, विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य कन्हैया कुमार झा, दिनेश महतो के अलावा कुमकुम झा, रेणु शाह, श्रीकांत द्विवेदी, संगीता मिश्रा, गौरी शंकर अग्रवाल, भोलानाथ घोष, अमित बर्मन, जयदेव पंडित, सुनील कुमार ,दयाशंकर तिवारी, बबीता कुमारी, राजीव कुमार दास, शैलेंद्र कुमार सिंह, सोमा चाकी, अंजू कुमारी, अमरलाल महतो, नागेश्वर साव, रीता तिवारी, निकिता शर्मा, प्रवीण कुमार राय, अनुजा कुमारी ,बबीता रानी, दुर्गेश कुमार, वीणा कुमारी, शालू कुमारी, पल्लवी कुमारी, उत्तम कुमार, विकास कुमार मोदी, मुस्कान कुमारी, सोनू कुमार राणा, सौरभ कुमार आदि मौजूद थे।

## शराबियों ने होटल संचालक को मारकर किया घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज/ चतरा।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र में स्थित हटवरिया कौलेश्वरी मुख्य द्वार में रविवार देर शाम शराबियों द्वारा शराब पीकर सड़क पर बोतल फोड़ने का विरोध करना एक होटल संचालक को महंगा पड़ गया। शराबियों ने होटल संचालक को चाभी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घायल पीड़ित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज में भर्ती करवाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया हैं। पीड़ित के पुत्र थाना क्षेत्र के तरवागड़ा गांव निवासी अशोक साव के 18 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार साव के मुताबिक उसने हटवारिया के कौलेश्वरी मुख्य द्वार के पास एनएस नामक होटल चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। पीड़ित के पुत्र नीरज ने लिखित आवेदन में बताया है कि रविवार की शाम दूकान के बगल में एक चौकी पर बैठकर चार शराबी शराब पी रहे थे। वहीं चौकी पर शराब पीकर शराब की बोतल फोड़ रहे थे। जिसे देखकर वह बोला की सड़क पर बोतल क्यों फोड़ रहें हैं आने जानें वाले श्रद्धालुओं को गड़ जायेगा। इतना कहते ही चारों मारपीट पर उतारू हो गये। जिसे देखकर आसपास के लोग जुटे और समझा-बुझाकर शराबियों को वहां से हटा दिया। कुछ ही क्षण में पुनः शराबी वहां पहुंचे और मारपीट करने लगे। जिसके बाद उसके पिताजी इसका विरोध कर बचाने की कोशिश की। जिससे मेरे पिता जी अचेत होकर गिर गये। आसपास के लोगों ने 108 में जानकारी दी। जहां चिकित्सकों ने मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है। पीड़ित ने मारपीट का आरोप घनश्याम यादव, संतोष यादव, पवन यादव और विकास कुमार यादव पर लगाया है। पीड़ित ने न्याय कि गुहार लगायी है। इस मामले में थाना प्रभारी से संपर्क नहीं हो पाया।

## जिला कौशल विकास पदाधिकारी ने स्टडी सेंटर का किया औचक निरीक्षण



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** जिला कौशल विकास पदाधिकारी धनंजय कुमार ने नया नगर बरकाकाना स्थित छेदी उरांव एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट स्टडी सेंटर का औचक निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय रांची के द्वारा डीएमएफटी जिला कौशल विकास श्रम नियोजन प्रशिक्षण और कौशल विभाग रामगढ़ झारखंड सरकार के सौजन्य से चयनित 180 छात्र-छात्राओं को एक वर्षीय अमानत एंड सर्वाइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। इस दौरान श्री कुमार ने स्टडी सेंटर का निरीक्षण किया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं की समस्याओं से रूबरू हुए। मुलाकात के दौरान श्री कुमार ने संस्था को उनकी समस्याओं का निदान जल्द से जल्द करने की बात कही। मौके पर अमीन प्रशिक्षक झबुलाल महतो, संतोष महतो, विनोद बिहारी महतो, प्रोजेक्ट समन्वय डॉ मनोज कुमार अगरिया, सकेन्द्र अगरिया, मेरी देवी, रीता कुमारी, रोहित कुमार अगरिया, खगेंद्र कुमार, स्थानीय वार्ड पार्षद गीता देवी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



**गोला (आजाद सिपाही)।** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा मंदिर गोला के परिसर में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की समीक्षा बैठक समिति के सचिव सनत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शारदीय नवरात्रि दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि भव्य पूजा पंडाल, विद्युत सज्जा, फूलों का तोरण द्वार, प्रसाद वितरण, खिचड़ी और खीर भोग का वितरण किया जायेगा। मंदिर के सामने स्थित शिवालय परिसर में ब्राह्मकुमारी बहनों द्वारा झांकी प्रस्तुत किया जायेगा। कहा गया कि समिति के सदस्यों का सहयोग राशि के लिए समिति के प्रतिनिधि और उनके साथ सहयोगी सदस्य समूह में क्षेत्र भ्रमण करेंगे। बैठक में कुंवर कुमार बक्सी, संजय बक्सी, सुशील बुधिया, जनार्दन पाठक, सनेल नायक, मनोज मिश्र, शिवप्रकाश, निहार रंजन, जयप्रकाश बुधिया, पंकज बुधिया, शुभम लोधा, शौरभ कुमार, नरसिंह प्रजापति, कृष्णा कुमार दांगी, भोला कुमार, शुभम साव सहित कई मौजूद थे। बैठक में कई सक्रिय सदस्यों की अनुपस्थिति पर उन्हें बैठक में लिया गया प्रस्ताव बताया गया। समिति के प्रतिनिधियों ने क्षेत्र के लोगों से पूजा में सहयोग राशि जमा करने की अपील की गयी।

## दशलक्षण महापर्व के समापन पर जैन समाज ने निकाली विशाल शोभा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** श्री दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में सोमवार को दशलक्षण महापर्व के समापन पर विशाल शोभायात्रा निकाली। शोभा यात्रा मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर से आरंभ होकर गांधी चौक, झंडा चौक होते हुए पुनः मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। दसलक्षण पर्व को लेकर प्रातः काल से ही बड़ी संख्या में जैन समाज महिला पुरुष श्रद्धालु जिनालय पहुंचे। शोभायात्रा में समाज के सभी महिला और पुरुष निर्देशित पोशाक पहन कर नाचते गाते हुए सब ने सामाजिक एकजुटता का परिचय दिया।

**श्री जी की प्रतिमा को पालकी में नगर भ्रमण कराया गया:** शोभायात्रा में श्री जी की प्रतिमा को सुसज्जित पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान भजन गायक निलेश जैन और उनके साथियों ने शोभायात्रा में भजनों का ऐसा शमा बांधा कि समाज के लोग नृत्य गान करते हुए श्रीजी की स्तुति करते रहे। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण श्री जी की सवारी के लिए निर्मित रजतमयी पालकी और खुले वाहन में व्रतधारियों का नगर भ्रमण रहा।

**सभी व्रत धारियों का किया गया सामाजिक अभिनंदन :** कार्यक्रम की वस्तृत जानकारी देते हुए जैन समाज के सचिव योगेश सेठी ने बताया कि जिनालय में सोमवार की प्रातः दैनिक जलाभिषेक और शांतिधारा के पश्चात सभी व्रत धारियों का सामाजिक अभिनंदन किया गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष इतनी बड़ी संख्या में व्रतों का अनुपालन कर सदस्यों ने गौरान्वित होने का सुअवशर रामगढ़ समाज को प्रदान किया है व्रतियों के बारे में विशेष जानकारी देते हुए उन्होंने बताया की श्री प्रवीण पाटनी और रेणू चूड़ीवाल ने सोलहकरण जी व्रत, पुष्पा सेठी और निशा छाबड़ा द्वारा दशलछण माहव्रत जीवनमल जैन और श्रीकंता गंगवाल ने पंचमेरु के व्रत पुष्पा अजमेरा, श्याम सुंदर जैन, हीरा जैन और निशा सेठी ने रत्नत्रय के व्रत और सुनीता पाटनी, नीलिमा गंगवाल ने धर्म तेला व्रत पूर्ण किया।

**पांडूशीला पर विराजमान कर रत्नत्रम की माल का कार्यक्रम हुआ:** समाज के अध्यक्ष राजेंद्र चूड़ीवाल और उपाध्यक्ष राजू पाटनी ने संयुक्त वक्तव्य जारी कर सभी व्रतधारियों के व्रतो को सामूहिक अनुमोदना कि सम्मान समारोह और श्री जी की शोभायात्रा के पश्चात पांडूशीला पर विराजमान कर रत्नत्रम की माल का कार्यक्रम हुआ। जिसमें अभिमंत्रित माल पहनने का सौभाग्य इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल को प्राप्त हुआ। इसके बाद समाज के सभी सदस्यों का वात्सल्य भोज का कार्यक्रम हुआ। योगेश सेठी ने सभी सदस्यों को आभार प्रकट कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। उपरोक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण जैन ने दी।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit No. DBA/AF-G/JSR/03/2025 Dated 02.08.2025, I Ful Kumari Devi W/o. Lakhandev Paswan Permanent Resident of vill. Madhuka, P.o. Bham, P.S.-Anti, Bham, Gaya Bihar, -834116, and Presently Address Residing at H.No. 63 Kharia Bast, Mango, Town Jamshedpur, Dist. East Singhbhum Jharkhand - 831018. 1. That my actual Name Ful Kumari Devi in My Voter ID No. JVN7501083.
2. That in my Aadhar Card No. 8288 0918 0963, my name has been wrongly entered as Dev Kumari Devi in place of Ful Kumari Devi.
3. That Ful Kumari Devi and Dev Kumari Devi is same and one Person i.e. myself.
4. That my wrong name in my Aadhar Card is to be rectified and corrected and my correct name is to be inserted in my Aadhar Card as Ful Kumari Devi.

**AFFIDAVIT**

I, DIPEN KUMAR SAHU, SON OF JAI NATH SAHU, Resident of H.No. 102, VILLAGE BOREYA, P.O.-BOREYA, NEAR CHOTKI TALAB, P.S.- KANKE BOREYA RANCHI (JHARKHAND) That I have a passport No. H6363529 my name written as DIPEN KUMAR but in the UID Card my name written as DIPEN KUMAR SAHU. DIPEN KUMAR SAHU and DIPEN KUMAR both are same and one person. Vide affidavit no. 72, dated- 08 September 2025.

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी/दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है और प्राप्त होने वाले ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़र अंदाज़ कर दिया जाएगा। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-ईस्ट-25-26-12, दिनांक: 04.09.2025।** **कार्य का नाम:** राजखरसावां-सोंगरी-गम्हरिया-टाटानगर खंड के बीच फीडर रूट/25टी एक्सल रूट जीक्यू/जीडी रूट पर पुशिंग पद्धति के जरिये आरसीसी बॉक्स द्वारा स्टोन ब्रिज (30 अदद) का पुनर्निर्माण। **निविदा मूल्य:** ₹ 36,95,97,918.11। **जमा बयाना राशि:** ₹ 19,98,000। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0। **खुलने की तारीख:** 06.10.2025। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। ई-निविदा में सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेने के समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **द्रष्टव्य:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी- रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I / सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-599)

**AFFIDAVIT**

Vide Affidavit. No. 7063 Dated 06.09.2025, I SUFIYA PARVEEN W/O- Abdul Salam Khan, Aged about 35 years, resident of Colony No.2, Near Imambara, Bodiya South, Post- Kathara, PS- Bokaro Therma, Distt- Bokaro (Jharkhand), 2. That, my correct and real name has been mentioned as SUFIYA PARVEEN in my Bihar School Examination Board Intermediate vide Roll No. 30237, Marksheet Sl. No. 126679 and in my class VIII Marksheets. 3. That, due to inadvertence my name was wrongly written as SUFINA BANU in my Aadhar card vide Aadhar No.- 6326 6489 9520. 4. That, my name written in my Aadhar card as SUFINA BANU required to be corrected in my Aadhar card as my real and actual name SUFIYA PARVEEN W/O- Abdul Salam Khan.

# जीएसटी दरों में राहतें

केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी को लेकर व्याप्त जनरोष व व्यापार-उद्योग पर पड़ने वाले कुप्रभाव को देखते हुए विभिन्न चरणों में इसमें राहत देनी शुरू की। इसके तहत अब तक इसमें 50 से अधिक संशोधन किये जा चुके हैं। इसी क्रम में 3 सितंबर को नयी दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काऊंसिल की 56वीं बैठक में सरकार ने चंद बड़े फैसले किये, जो 22 सितंबर से लागू होंगे। इसके तहत अब टू टियर टैक्स स्ट्रक्चर को स्वीकृति देकर जीएसटी के वर्तमान 5, 12, 18 व 28 प्रतिशत दर वाले 4 स्लैबों में से 12 तथा 28 प्रतिशत वाले टैक्स स्लैबों को समाप्त करके सिर्फ 5 तथा 18 प्रतिशत वाले 2 स्लैब ही रखने का फैसला किया गया है। अब वस्तुएं या तो लोअर टैक्स स्लैब में होंगी या फिर हायर टैक्स स्लैब में। अब तक अधिक टैक्स स्लैब होने के कारण आम उपभोक्ता को समझ नहीं आता था कि किस सामान पर कितना टैक्स लगेगा। अब टू टियर टैक्स स्ट्रक्चर से व्यवस्था सरल बनेगी। जीएसटी काउंसिल के अनुसार इससे जहां छोटे व्यापारियों को व्यापार करने में आसानी होगी, वहीं आम लोगों की जरूरत के सामान सस्ते होंगे तथा टैक्स वसूली की प्रक्रिया में पारदर्शिता आने से व्यापारी मनमाना रेट भी नहीं ले पायेंगे। इसका एक लाभ यह भी होगा कि आम जरूरत की वस्तुओं के दाम एक समान बने रहेंगे और उनमें अधिक अस्थिरता नहीं दिखेगी।

**जीएसटी काउंसिल के अनुसार इससे जहां छोटे व्यापारियों को व्यापार करने में आसानी होगी, वहीं आम लोगों की जरूरत के सामान सस्ते होंगे तथा टैक्स वसूली की प्रक्रिया में पारदर्शिता आने से व्यापारी मनमाना रेट भी नहीं ले पायेंगे।**

दवाइयां, कपड़े, खाद्य उत्पाद आदि जरूरी वस्तुओं को लोअर टैक्स स्लैब में रख कर उन पर जीएसटी घटा कर शून्य कर दिया गया है। इस कारण अब लोगों के लिए रोजमर्रा की जरूरतों वाली वस्तुएं, जीवन बीमा, स्वास्थ्य पालिसी, पैंसिल, शार्पनर, रबड़, नोटबुक, ग्लोब, दूध, पैक्ड पनीर, पिज्जा, ब्रैड, चपाती और 33 जीवन रक्षक दवाइयां (कैंसर, रेयर डिजीज), आदि आम आदमी की पहुंच में होंगी। इसी प्रकार 5 प्रतिशत तक टैक्स वाली वस्तुओं में शैंपू, साबुन, टूथपेस्ट, टूथब्रश, शेविंग क्रीम, मक्खन, घी, पनीर, नमकीन भुजिया आदि, बच्चों के नैपकिन, सिलाई मशीन तथा उनके पुर्जे, दूध की बोतलें, मैडीकल आक्सीजन किट, थमार्मीटर, ग्लूकोमीटर, ट्रैक्टर और उसके टायर तथा पुर्जे, बायो-कीटनाशक, ऐनकें, कृषि मशीनें आदि शामिल हैं। 18 प्रतिशत तक टैक्स स्लैब में पैट्रोल-डीजल, हाईब्रिड छोटी कारें, तीन पहिया वाहन, 350 सीसी तक के मोटरसाइकिल, मालवाहक वाहन, एयर कंडीशनर, 32 इंच से बड़े एलइडी, एलसीडी टीवी मॉनिटर, प्रोजैक्टर, डिशवाशर आदि शामिल हैं। कुल मिला कर यह देर से लिया गया सही फैसला है। अमेरिकी टैरिफ का मुकाबला करने के लिए सरकार ने घरेलू मांग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भी जीएसटी. दरों में यह कटौती की है, लेकिन और कटौतियों की अभी भी गुंजाइश बाकी है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**महाराष्ट्र कांग्रेस ने गुरुवार को मांग की कि राज्य कांग्रेस के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार की तर्ज पर ओबीसी आरक्षण कोटा 27 प्रतिशत से बढ़ा कर 42 प्रतिशत करें। उन्होंने कहा कि आरक्षण को लेकर चल रहे विवाद को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने का यही एकमात्र तरीका है। हालांकि, कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल ने मुंबई में 5 दिनों तक भूख हड़ताल की, जिसे राज्य सरकार द्वारा उनकी 8 में से 6 मांगें मान लेने के बाद समाप्त किया गया।**

# महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण विवाद और बढ़ गया

**राहिल नोरा चोपड़ा**

मराठा आरक्षण विवाद ओबीसी नेताओं द्वारा राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन की धमकी के साथ और बढ़ गया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के वरिष्ठ नेता और मंत्री छगन भुजबल राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में शामिल नहीं हुए और घोषणा की कि वह पात्र मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले के खिलाफ अदालत का रुख करेंगे।

वहीं, महाराष्ट्र कांग्रेस ने गुरुवार को मांग की कि राज्य कांग्रेस के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार की तर्ज पर ओबीसी आरक्षण कोटा 27 प्रतिशत से बढ़ा कर 42 प्रतिशत करें। उन्होंने कहा कि आरक्षण को लेकर चल रहे विवाद को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने का यही एकमात्र तरीका है।

हालांकि, कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल ने मुंबई में 5 दिनों तक भूख हड़ताल की, जिसे राज्य सरकार द्वारा उनकी 8 में से 6 मांगें मान लेने के बाद समाप्त किया गया। सरकार ने पात्र मराठों को कुनबी (ओबीसी) जाति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में एक सरकारी आदेश भी जारी किया।

**सरकार ने पात्र मराठों को कुनबी (ओबीसी) जाति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में एक सरकारी आदेश भी जारी किया।**

**टीटीवी दिनाकरन पन्नीरसेल्वम के नक्शेकदम पर :** एडप्पादी पलानीस्वामी (इपीएस) के नेतृत्व वाली अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कडगम (एआइएडीएमके) की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में वापसी और राज्य भाजपा में नेतृत्व परिवर्तन के साथ, अम्मा मक्कल मुनेत्र कडगम (एएमएमके) के नेता टीटीवी दिनाकरन बुधवार को ओ. पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) के नक्शेकदम पर चलते हुए, तमिलनाडु में एनडीए गठबंधन से बाहर चले गये। उनके बाहर निकलने से सवाल उठे हैं कि क्या पलानीस्वामी चुनावों में डीएमके से लड़ने को लेकर गंभीर थे या केवल एआइएडीएमके में अपना वर्चस्व सुनिश्चित करने में रुचि रखते थे। यह एक खुला रहस्य है कि पलानीस्वामी ओपीएस और टीटीवी के एनडीए का हिस्सा होने का विरोध कर रहे हैं, खास कर ऐसे समय में जब एआएडीएमके के एकीकरण की आवाजें तेज हो रही हैं। उन्होंने कहा, जैसा कि मैंने कहा कि विजयकांत ने 2006 में प्रभाव डाला था, 2026 में भी ऐसा प्रभाव पड़ने की संभावना है। जब विजयकांत राजनीति में आये तो सभी पार्टियां प्रभावित हुईं और आगे भी ऐसा ही प्रभाव पड़ेगा।

**बिहार में जदयू 50-50 के फार्मूले पर जोर दे रही :** बिहार में जैसे-जैसे उच्च दांव वाली लड़ाई करीब आ रही है, केंद्रीय गृह मंत्री और पार्टी के प्रमुख चुनावी रणनीतिकार अमित शाह रणनीति बनाने के लिए पार्टी की राज्य इकाई के साथ बैठक कर रहे हैं। शाह ने कोर कमेटी के नेताओं के साथ बैठक की, जिसमें उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और विनोद तावड़े शामिल थे। टिकट बंटवारे पर चर्चा तो हुई लेकिन कुछ भी अंतिम रूप नहीं दिया जा सका क्योंकि कुछ सीटों का बंटवारा एनडीए के सहयोगियों के बीच हो सकता है।

दूसरी ओर हम (सैक्युलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने सार्वजनिक रूप से कम से कम 20 सीटों पर दावा पेश किया और एनडीए नेताओं को उनकी पार्टी के प्रति सहानुभूति दिखाने की आवश्यकता पर बल दिया। हम को मुख्य रूप से मध्य बिहार के जिलों में मुसहर जाति के दलितों से ताकत मिलती है। चिराग पासवान की पार्टी ने लोकसभा चुनावों में सभी 5 सीटें जीत कर 100 प्रतिशत स्ट्राइक रेट हासिल किया था, लेकिन अब उसने लगभग 30 से 35 सीटों की मांग की है। लोजपा (आरवी) मुख्य रूप से दलितों के बीच पासवानों की पार्टी के रूप में जानी जाती है। इस बीच, बिहार में भाजपा द्वारा बड़ी हिस्सेदारी हासिल करने की कोशिश उसके इस आकलन पर आधारित है कि मुस्लिम, अति पिछड़े और महादलितों के बीच जदयू का वोट बैंक उसकी संगठनात्मक ताकत के साथ-साथ कम होता जा रहा है। एनडीए सूत्रों के अनुसार, जदयू 50-50 के फॉर्मूले पर जोर दे रही है।

**तेजस्वी ने भी दांव खेला :** इस साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों से पहले बिहार में राजनीतिक हलचल बढ़ रही है। राजनीतिक दल कल्याणकारी वादों के साथ महिला मतदाताओं तक सक्रिय रूप से पहुंच रहे हैं। नीतीश कुमार सरकार की मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना, योग्य महिलाओं को आय सृजन में सहायता के लिए 10,000 रुपए प्रदान करती है साथ ही राज्य सरकार की नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षित सीटों की घोषणा भी की गयी है। सरकार ने महिलाओं के लिए पेंशन योजना भी शुरू की है।

वहीं मुख्य विपक्षी दल राजद ने भी दांव खेला है। विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक देने वाली माई-बहन योजना, विधवा माताओं और बहनों की पेंशन बढ़ा कर 1,500 रुपये करने, हर रसोई में 500 रुपये में सबसिडी वाले गैस सिलेंडर, 200 यूनिट मुफ्त बिजली और बेटियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले आवासीय कोचिंग संस्थान, विश्व स्तरीय खेल प्रशिक्षण और नौकरी के अवसर, मुफ्त परीक्षा फार्म और यात्रा सुविधाओं सहित कई योजनाओं का वादा किया।

**राहुल गांधी ने कहा-वोट चोरी केवल सत्ता हथियाने का एक साधन :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा को जल्द ही एक बड़े वोट चोरी के खुलासे की धमकी दी। महागठबंधन के नेता खुली एसयूवी में यात्रा कर रहे थे और लोग सड़कों पर खड़े होकर झंडे लहरा रहे थे और उनका उत्साहवर्धन कर रहे थे। सैंकड़ों युवा सैल्फी लेते देखे गए। पार्टी कार्यकर्ताओं ने वोट चोर-गद्दी छोड़ो के नारे लगाये। राहुल गांधी ने सत्तारूढ़ पार्टी पर लोकतंत्र को कमजोर करने और नागरिकों के अधिकारों पर अंकुश लगाने का आरोप लगाया। वोट चोरी को न केवल सत्ता हथियाने का एक साधन बताया बल्कि लोकतंत्र की चोरी भी बताया।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा को जल्द ही एक बड़े वोट चोरी के खुलासे की धमकी दी। महागठबंधन के नेता खुली एसयूवी में यात्रा कर रहे थे और लोग सड़कों पर खड़े होकर झंडे लहरा रहे थे और उनका उत्साहवर्धन कर रहे थे। सैंकड़ों युवा सैल्फी लेते देखे गए। पार्टी कार्यकर्ताओं ने वोट चोर-गद्दी छोड़ो के नारे लगाये।

## कोल्हान की खबरें

### जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय में सम्मान समारोह



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय में अचिकित्सा सहायक विनोद कुमार के सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सोमवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ मृत्युंजय धाउड़िआ तथा विशिष्ट अतिथि मनोचिकित्सक डॉ. दीपक कुमार गिरि उपस्थित रहे।समारोह का संचालन संघ के महामंत्री रविंद्रनाथ ठाकुर ने की। इस अवसर पर डॉ राजीव लोचन महतो ने विनोद कुमार के समयपालन और कार्यनिष्ठा की सराहना की। डॉ दीपक कुमार गिरि ने कहा उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाती थी, वे ईमानदारी से निभाते थे। प्रधान लिपिक हृषिकेश गिरि ने उनके बहारागोड़ा कार्यकाल को याद किया। डॉ मृत्युंजय धाउड़िआ ने कहा कुष्ठ उन्मूलन के क्षेत्र में विनोद कुमार का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर उन्हें स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।मौके पर जिला फिलेरिया इकाई, जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय, सिविल सर्जन कार्यालय, सदर अस्पताल के पदाधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में तुषार कांति बनर्जी, दीपक कुमार गुप्ता, मौसूमी चटर्जी, संगीता चाकी, सुमित्रा महतो, नितीश कुमार, ब्रह्मराज यादव, डॉ. स्मिता हेमब्रम सहित अन्य कर्मियों का योगदान रहा।

### गुवा गोलीकांड के शहीदों को झामुमो नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**खरसावां (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलन के इतिहास के काले अध्याय गुवा गोलीकांड की बरसी पर सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी और खरसावां विधायक दशरथ गगराई ने शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कुणाल षाडंगी ने कहा 8 सितंबर 1980 को गुवा में हुई गोलीबारी में कई निर्दोष लोग शहीद हुए थे। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया, बल्कि उन्होंने झारखंड आंदोलन को और गति दी तथा राज्य निर्माण की नींव रखी। श्री षाडंगी ने कहा गुवा गोलीकांड झारखंड की अस्मिता और अधिकार की लड़ाई का प्रतीक है। पूर्व विधायक ने आगे कहा शहीदों के बलिदान ने हमें संघर्ष की शक्ति दी और अब हमारा कर्तव्य है उनके सपनों का झारखंड बनाएं, एक ऐसा राज्य जहाँ न्याय, समानता और युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें। उन्होंने कहा शहीदों का बलिदान झारखंड की आत्मा में बसा है और आने वाली पीढ़ियां उन्हें प्रेरणा स्रोत के रूप में याद करेंगी।मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों को नमन किया और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।

### साझा नागरिक मंच ने एसआइआर-वोट चोरी को लेकर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** साझा नागरिक मंच की ओर से सोमवार की शाम साकची गोलचक्कर पर वोट चोरी और एसआईआर के विरोध में नुक्कड़ सभा सह प्रदर्शन का आयोजन किया गया। सभा में वक्ताओं ने कहा चुनाव आयोग ने बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के नाम पर लगभग 65 लाख लोगों का नाम मतदाता सूची से हटा दिया है। यह कदम गरीबों और मेहनतकश तबकों को वोटाधिकार से वंचित करने की साजिश है।सभा को संबोधित करते हुए रामकविन्द्र सिंह, सियाशरण शर्मा, रईस अफरीदी, मंथन, सुजय राय, अरविंद रविकर, सुखचंद्र झा और अभिषेक कुमार ने कहा भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर संविधान एवं लोकतंत्र पर हमले कर रहे हैं। उन्होंने मांग की एसआईआर पर तत्काल रोक लगे तथा चुनाव आयोग का गठन सत्ता पक्ष से मुक्त होकर लोकसभा अध्यक्ष, विपक्ष के नेता और उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की संयुक्त समिति से किया जाए। इस अवसर पर कवि अशोक शुभदर्शी, शैलेन्द्र कुमार अस्थाना, ज्योत्स्ना अस्थाना, काशीनाथ प्रजापति और उदय हयात ने जनतांत्रिक एवं प्रगतिशील कविताएं प्रस्तुत कीं। काशीनाथ प्रजापति ने गीत भी सुनाया। मौके पर देवाशीष, शशांक शेखर, जगनारायण जगत, मनतोष चक्रवर्ती, उजागिर यादव, गौतम बोस, श्यामली राय, शीतल पांडेय, विकास कुमार, अंकुर शाश्वत, मुरारी प्रसाद, सपन दास राय, रामबचन, हेमंत द्विवेदी, मिथुन दास, देवेन्द्र सिंह, प्रफुल्ल साहु, ममता द्विवेदी, पूनम शर्मा, मनीष सिंह, चरणजीत सिंह, आशीष घोष सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### वैन सहित खदान में डूबा युवक, मौत

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल थाना क्षेत्र स्थित चिलगु गांव में एक दर्दनाक हादसे में युवक की मौत हो गयी। सोमवार को घटना के बाद मृतक की पहचान गांव के ही आकलू गोराई के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार आकलू गोराई 407 वैन पर चढ़कर उसे चालू करने का प्रयास कर रहा था। वाहन पहले से गियर में होने के कारण अनियंत्रित होकर सीधे एक पुराने पत्थर खदान में जा गिरा। खदान में 20 से 25 फीट तक पानी भरा हुआ था। जिसमें वैन समेत चालक गहरे पानी में डूब गया।स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से शव को बाहर निकाला गया। हालांकि वाहन अभी भी खदान में डूबा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। अनुमान लगाया जारहा है हादसा लापरवाही के कारण घटी है।

### अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर जागरूकता रथ रवाना



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर उप विकास आयुक्त नागेंद्र पासवान, जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार और जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से समाहरणालय से साक्षरता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।सोमवार से साक्षरता रथ जिले के सभी प्रखंडों का भ्रमण कर लोगों को वयस्क शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करेगी। मौके पर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम से संबंधित पोस्टर का भी विमोचन किया गया।जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया उल्लास कार्यक्रम के तहत 15 वर्ष से अधिक आयु के अशिक्षित व्यक्तियों को साक्षर बनाने का अभियान चल रहा है। इसी क्रम में जिले में साक्षरता रथ की शुरुआत की गयी। उन्होंने कहा इस वर्ष 21 सितम्बर को लगभग 25 हजार अशिक्षित व्यक्तियों की कलम परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसमें वे अपनी साक्षरता का प्रदर्शन करेंगे।

### टीएसडीपीएल यूनियन चुनाव जीतने के बाद दिनेश कुमार का अभिनंदन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील डाउन स्ट्रीम प्रोडक्ट लिमिटेड एम्पलाइज यूनियन चुनाव में जीत के बाद भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सह यूनियन कमिटी मेंबर दिनेश कुमार का कर्मचारियों ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा यह जीत कर्मचारियों की जीत है। उनके हितों की रक्षा करना उनका कर्तव्य है। स्वागत करने वालों में अवध राम, राजेश कुमार सिंह, मनोज कुमार साहू, हेमंत कुमार, जीके श्रीनिवास, रूपेश कुमार, अब्दुल कादिर, रंजीत कुमार दास सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जनसमस्याओं को लेकर भाजपा का टाटानगर रेलवे स्टेशन चौक पर धरना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सुंदरनगर, घाघीडीह, बागबेड़ा, जुगसलाई और परसुडीह क्षेत्र की जर्जर सड़कें, अधूरी जलापूर्ति योजना, बिजली, सफाई व ट्रैफिक अव्यवस्था जैसी समस्याओं को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर ने टाटानगर रेलवे स्टेशन चौक पर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। सोमवार को भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में आयोजित धरने के बाद भाजपा ने जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा बुनियादी सुविधाओं के अभाव और प्रशासनिक लापरवाही से जनता परेशान है। श्री ओझा ने चेतावनी दी 15 दिनों में कार्रवाई नहीं होने पर भाजपा जिला मुख्यालय का घेराव करेगी। वहीं डॉ मीरा मुंडा ने प्रशासन को विफल बताते हुए कहा जनता नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। भाजपा जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी।

### आंदोलनकारियों को सही मायनों में सम्मान मिलना चाहिए : अर्जुन मुंडा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुवा।** पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा,पूर्व सांसद गीता कोड़ा, पूर्व मंत्री बड़कुंवर गागराई,भाजपा जिला अध्यक्ष संजू पांडेय एवं वरीय भाजपा नेता जेबी टुबिड ने गुवा शहीद स्थल में श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने गुवा मुख्य बाजार का दौरा कर जनसमस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान साई इंटरप्राइजेज अध्यक्ष शत्रुघ्न मिश्रा ने अंगवस्त्र देकर अतिथियों का स्वागत किया।पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा ने कहा झारखंड आंदोलन के दौरान गुवा गोलीकांड जैसे कई आंदोलनों में निरीह आदिवासियों की शहादत हुई। जिन्हें उचित सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने झामुमो सरकार पर हमला बोलते हुए कहा राज्य में शासन के नाम पर दोहन और रंगदारी का काम हो रहा है। आंदोलनकारियों को सिर्फ औपचारिक चमक-दमक से नहीं, बल्कि सही मायनों में सम्मान मिलना चाहिए। श्री मुंडा ने कहा जल, जंगल और जमीन आदिवासियों की पहचान है। श्री मुंडा ने आरोप लगाया मौजूदा सरकार भ्रष्टाचार की अनदेखी कर रही है। संवैधानिक व्यवस्था ध्वस्त है और जनता को सतर्क रहकर सरकार की गतिविधियों पर निगरानी रखनी चाहिए।

### दामूडीह में फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पोटका प्रखंड के शांकरदा पंचायत अंतर्गत ग्राम दामूडीह बूढ़ान मैदान में पोरायनी फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। सोमवार को फाइनल मैच में पोटका विधायक संजीव सरदार की अनुपस्थिति में उनके अनुज भरत सरदार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान किए। भरत सरदार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा हार-जीत खेल का हिस्सा है,लेकिन सच्ची जीत खेल भावना और अनुशासन में है। उन्होंने युवाओं से टीम भावना और खेल के प्रति समर्पण बनाए रखने की अपील की। मौके पर झामुमो पोटका प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, विद्याधर दास, लाथ्रो टुडू, दुखु मांडी, पंचायत प्रतिनिधि, माझी बाबा, नायके बाबा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न, दुर्घटनाओं की रोकथाम और जागरूकता पर जोर

# हेलमेट के बिना नहीं मिलेगा पेट्रोल : उपायुक्त



**बिना हेलमेट व नशे में वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई होगी : पुलिस अधीक्षक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक उपयुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें पुलिस अधीक्षक अमन कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

उपायुक्त श्री यादव ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अब बिना हेलमेट किसी भी वाहन चालक को पेट्रोल नहीं दिया जायेगा। यह नियम न केवल यातायात सुरक्षा को मजबूती देगा, बल्कि नागरिकों को हेलमेट पहनने की आदत भी विकसित करेगा। उन्होंने सभी पेट्रोल पंप मालिकों को निर्देश दिया कि अपने पंप पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगायें और बिना हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल न दें। साथ ही, ऐसे मामलों की फोटो खींचकर जिला परिवहन कार्यालय को भेजें ताकि चालान की कार्रवाई की जा सके।

उपायुक्त ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि स्कूल-कॉलेज स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायें, ताकि बच्चों और युवाओं में सुरक्षित यातायात की आदत प्रारंभ से ही विकसित हो। साथ ही, सड़क किनारे संकेतक लगाने, हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग और जागरूकता कार्यक्रमों को प्राथमिकता से लागू करने का निर्देश दिया गया।

जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

### जिला सुरक्षा समिति की बैठक में चार ब्लैक स्पॉट सुधारने की मांग



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला सुरक्षा समिति की बैठक में सोमवार को सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चार प्रमुख ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर तत्काल सुधार की मांग की गयी। बैठक में रिंकू तिवारी ने कहा कि जिले में कई स्थानों पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिन्हें रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाना आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से चार स्थलों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिह्नित किया, जिनमें बाईपास सड़क पर डुमरो मोड़, बाईपास सड़क पर टोल गेट से एक किलोमीटर आगे बेलचंपा, बाईपास सड़क के मेराल नेनुआ मोड़ के पास, गढ़वा-रंका रोड स्थित अनराज घाटी, जो हाल ही में नवनिर्मित हुआ है। उन्होंने कहा कि इन चारों स्थलों पर अब तक सुधारात्मक कदम नहीं उठाये गये हैं, जिसके चलते लगातार दुर्घटनाएं होती रही हैं। विधायक प्रतिनिधि रिंकू तिवारी ने उपायुक्त गढ़वा का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उपायुक्त ने चारों ब्लैक स्पॉट पर तुरंत सुधार कार्य शुरू करने के लिए एनएच के पदाधिकारी को निर्देश दिए हैं। साथ ही, जिला परिवहन पदाधिकारी को भी व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण कर इन स्थलों पर अंडरपास अथवा अन्य बेहतर विकल्प सुझाने और सरकार को रिपोर्ट भेजने का आदेश दिया गया है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस कार्रवाई से भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी और आमजन सुरक्षित रूप से आवागमन कर सकेंगे।

# डीसी के निर्देश पर सीओ ने शहरी क्षेत्र में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**शहर के सरस्वती नदी के किनारे गढ़देवी मंदिर के समीप वाले पुल से नगवां पुल तक हटाये गये अतिक्रमण**

**आमजनों से सार्वजनिक स्थलों और नदी नालों का अतिक्रमण न करने की अपील**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहरी प्रबंधन एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सोमवार को उपायुक्त दिनेश यादव के निर्देश के आलोक में अंचल अधिकारी गढ़वा सफी आलम द्वारा अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाया गया। इसके तहत गढ़वा शहर स्थित सरस्वतीया नदी के किनारे सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु गढ़देवी मंदिर के निकट स्थित पुल से नगवां मोहल्ले में स्थित पुल तक अवैध रूप से कब्जे वाली भूमि को मुक्त कराया गया। इस दौरान अतिक्रमित भूमि पर निर्मित विभिन्न संरचनाओं को जिला प्रशासन द्वारा तोड़कर अतिक्रमण नहीं करने का संदेश दिया गया।

अंचल अधिकारी श्री आलम ने कहा कि सरकारी भूमि लोगों की सुविधा के लिए सार्वजनिक उपयोग हेतु होते हैं। उन्होंने आमजनों से ऐसे स्थलों पर अतिक्रमण नहीं करने तथा अतिक्रमण जैसे मुद्दे आने पर प्रशासन को सूचित करने की अपील की है।

उक्त मौके पर अंचल अधिकारी समेत अंचल कार्यालय गढ़वा व नगर परिषद, गढ़वा के विभिन्न पदाधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

## आवास समन्वयक ने एक सप्ताह के अंदर राशि भुगतान करने का दिया आश्वासन



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत तमगेकला पंचायत के ग्राम - जोलंगा निवासी सत्यनारायण सिंह के अबुआ आवास में रंका आवास प्रखंड समन्वयक मुकेश कुमार ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद एक सप्ताह के अंदर तीसरा किश्त राशि का भुगतान करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर लाभूक से आवास को रूफ लेवल तक निर्माण करने का निर्देश दिया था जिसमें लाभूक द्वारा आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए तीसरी किस्त राशि भुगतान करने का आग्रह किया गया था।जिसको लेकर एक सप्ताह के अंदर तीसरा किश्त राशि उपलब्ध कराने की बात कही गयी है।

## रंका के बरदरी गांव में हाथियों ने किसानों का फसल किया बर्बाद, मुआवजा की मांग

रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना वन क्षेत्र अंतर्गत चुतरू पंचायत के बरदरी गांव में रविवार के रात्रि में दस- बारह की संख्या में आए हाथियों की झूंड ने तीन किसानों के खेत में लगे धान, मक्का, बादाम आदि फसलों को खाए और कुछ तहस नहस कर बर्बाद कर दिया। इनमें हजरत अंसारी,शेर अली एवं मनोज कुमार किसान का नाम शामिल है। उक्त किसानों ने बताया कि हाथी द्वारा पूर्व में भी फसलों को बर्बाद किया गया था जिसका मुआवजा वन विभाग द्वारा आज तक नहीं मिला है और हर वर्ष हाथियों के द्वारा फसलों को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है तथा हाथी भगाने के लिए वन विभाग से पटाखा, टार्च आदि की व्यवस्था भी मुहैया नहीं कराया जा रहा है। उक्त किसानों ने वन विभाग से अविलंब फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा देने की मांग की है।

## कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन को लेकर बैठक



भंडरिया (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन 2025 तहत केंद्रीय अध्यक्ष के आदेश पर अभियान के तहत सोमवार को स्थानीय वन विभाग विश्रामागार परिसर में जिला अध्यक्ष चयन को लेकर बडगड भंडरिया प्रखंड के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की रायशुमारी हेतु एक अहम बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रुप महाराष्ट्र सरकार की पूर्व मंत्री यशोमती ठाकुर उपस्थित थी। पूर्व मंत्री यशोमती ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के निर्देश पर प्रखंड स्तर से संगठन को धार देने का काम चल रहा है। सक्रिय और जमीनी स्तर के ही कार्यकर्ताओं को ही जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जायेगी। ताकि कांग्रेस गांव-गांव तक मजबूत पकड़ बना सके। बैठक में पुर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, छोटन टोप्पो निर्मला ठाकुर, इबरार अंसारी, सत्येंद्र गोस्वामी, राजू घाशी, रामजीत सिंह, फिदा हुसैन,अजाद अंसारी, मुमताज खान, वाजुदीन अंसारी, सुमित मिंज सहित काफी संख्या में कांग्रेस के महिला पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रंका के तमगेकला में पिता को पुत्र ने धारदार हथियार से मार कर की हत्या

रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत तमगेकला पंचायत निवासी सीता राम भुईयां को उसके मझिला पुत्र रामप्रताप कुमार ने दिनांक - 07/09/2025 के रात्रि में धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी। हत्या की खबर सुनकर रंका थाना पुलिस सब-इंस्पेक्टर राजेश वर्मा मृतक के घर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु गढ़वा भेज दिया है। मृतक 7 सितंबर को टिमनबाजार में फुटबॉल खेल देखने आया था जब घर लौटा तो किसी बात को लेकर पिता और पुत्र के बीच तू-तू-मैं-मैं होने लगा इसी बीच बात इतनी बढ़ गयी कि पुत्र प्रताप कुमार ने घर में रखे धारदार हथियार से कई बार वार कर दिया जिससे पिता की मौत हो गयी। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## व्यवसायी के घर पर गोली चलाने वाले गिरोह का एक अपराधी धराया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर थाना अंतर्गत नामधारी कॉलेज के पास पीयूष गुप्ता के घर में रवि तिवारी नामक अपराधी के द्वारा गत दिनों अंधाधुंध फायरिंग किया गया था। उक्त घटना के त्वरित कार्रवाई करते हुए रवि तिवारी एवं उसके गैंग में शामिल अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया।

उक्त छापामारी टीम के द्वारा तकनीकी सहयोग पाते हुए अपराधी रवि तिवारी एवं इसके गैंग में शामिल लोगों के विभिन्न ठिकानों पर छापामारी की गयी। छापामारी के क्रम में घटना में संलिप्त, प्रयुक्त एक देशी कट्टा को बरामद किया गया। उल्लेखित घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है। इस सम्बंध में गढ़वा थाना कांड संख्या-405/25 के तहत मामला दर्ज की गयी है।

# झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने सम्मान समारोह का आयोजन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला कमेटी, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के तत्वावधान में बंधन मैरिज हॉल, गढ़वा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय संगठन सचिव एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी (पांकी विधानसभा क्षेत्र) ओंकारनाथ जायसवाल तथा केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी (डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र) अनिकेत मेहता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमंडलीय उपाध्यक्ष अरुण शर्मा, प्रमंडलीय सचिव सोनू पटेल, पलामू जिला सदस्य प्रभात सिन्हा, आदित्य गुप्ता (पूर्व विधायक प्रत्याशी भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र), एवं संगठन के युवा नेता शिवपारस बियार ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गढ़वा जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष विकास कुमार ने की। इस सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य रहा कि पलामू प्रमंडल से ओंकारनाथ जायसवाल एवं अनिकेत मेहता को पार्टी की केंद्रीय कोर कमेटी में शामिल किये जाने पर उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही संगठन को सशक्त बनाने और जिले एवं प्रखंड स्तर पर कार्य कर रहे तमाम पदाधिकारियों को भी उनके संघर्ष एवं समर्पण के लिए सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। साथ ही भ्रष्टाचार, अन्याय और शोषण के खिलाफ गरीबों व वंचितों के हक-अधिकार की लड़ाई लड़ रहे पदाधिकारियों की कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया और आगे भी संघर्ष तेज करने के लिए प्रेरित किया गया।

## बड़गड़ प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित लिपिक अमित तिवारी को उपायुक्त ने निलंबित किया

**सोशल मीडिया अकाउंट पर राजनीतिक कटाक्ष सहित पोस्ट किये गये समाचार पत्र के कतरन को शेयर करने का आरोप**

**स्पष्टीकरण का नहीं दिया था संतोषजनक जवाब**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** प्रखंड कार्यालय, बड़गड़ में पदस्थापित उच्चवर्गीय लिपिक अमित तिवारी को अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। अमित तिवारी पर आरोप है कि उनके द्वारा सोशल मीडिया अकाउंट पर अन्य व्यक्तियों द्वारा राजनीतिक कटाक्ष सहित पोस्ट किये गये समाचार पत्र के कतरन को शेयर किया गया था, जिसमें सरकार की आलोचना प्रदर्शित हो रही थी। इस मामले को लेकर उपायुक्त, गढ़वा के द्वारा स्पस्टीकरण की मांग की गयी थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी, बड़गड़ के माध्यम से श्री तिवारी द्वारा स्पस्टीकरण का जवाब दिया गया जो असंतोषजनक पाये जाने पर निलंबन संबंधी कार्रवाई की गयी। निलंबन अवधि में श्री तिवारी का मुख्यालय प्रखंड कार्यालय, धुरकी निर्धारित किया गया है। उन्हें जीविकोपार्जन हेतु नियमावली के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। साथ ही, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बड़गड़ को विभागीय स्तर पर आरोप पत्र का गठन कर एक सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## विश्व साक्षरता दिवस पर मेराल में बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

मेराल (आजाद सिपाही)। विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय पुरबारा टोला सहित अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों से बच्चों को स्कूल से जोड़ने की अपील की गयी। इस दौरान बच्चे हाथों में तारों की तख्ती तथा बैनर लिए साक्षरता नारे लगाते हुए गली मुहल्लों का भ्रमण किया। इस दौरान चौक चौराहों पर स्कूल के शिक्षकों द्वारा अभिभावकों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए जागरूक किया गया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि शिक्षा जहां होती है वहां विकास, सुख, समृद्धि और उन्नति होती है। शिक्षा आपके अधिकारों से अवगत कराती है, आपको आपका शोषण होने से बचाती है, शिक्षा पल-पल आपका साथ निभाती है।

## रारो पंचायत के पारदोहर और तुमिया टोला में बिजली आपूर्ति बहाल, ग्रामीणों में खुशी

**आजाद सिपाही अखबार में छपी खबर का असर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** डंडई प्रखंड के रारो पंचायत के पारदोहर और तुमिया टोला में बीते 15 दिनों से अंधेरे में जी रहे ग्रामीणों को आखिरकार बड़ी राहत मिली है। यहां लगा 25 केवीए का ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड होकर जल गया था, जिससे करीब 100 घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गयी थी। उमस भरी गर्मी, मच्छरों का प्रकोप और रात का अंधेरा ग्रामीणों के लिए नारकीय पीड़ा बन गया था। ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को हिंदी दैनिक 'आजाद सिपाही' ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। अखबार ने न सिर्फ बिजली गुल होने की स्थिति उजागर की, बल्कि उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए 25 केवीए की जगह 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगाने की ग्रामीणों की मांग को भी प्रमुखता से सामने रखा।

खबर प्रकाशित होते ही बिजली विभाग हरकत में आया। विभागीय कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 25 केवीए की जगह 63 केवीए का नया और शक्तिशाली ट्रांसफॉर्मर लगा दिया। इसके साथ ही दोनों टोला में बिजली आपूर्ति बहाल हो गयी। बिजली आने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और 'आजाद सिपाही' का तहे दिल से आभार जताया। उन्होंने कहा कि अखबार ने उनकी आवाज को प्रशासन तक पहुंचाया, जिससे उनकी समस्या का समाधान हो सका।

## ट्रांसफार्मर खराब होने से सेल का आवासीय परिसर पिछले 48 घंटे से अंधेरे में डूबा

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। टाउनशिप स्थित सेल के आवासीय परिसर में ट्रांसफार्मर की खराबी के कारण पिछले 48 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप पड़ी है। बिजली बाधित रहने से लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दिन में पानी की किल्लत और रात में उमस भरी गर्मी ने लोगों की नींद हराम कर दी है। सेल प्रबंधन ने पूर्व में ही टाउनशिप वासियों को हीटर और भारी इलेक्ट्रिक उपकरणों का उपयोग न करने की सख्त हिदायत दी थी। प्रबंधन का कहना है कि इलेक्ट्रिक मेंटेनेंस विभाग के पास पर्याप्त संसाधन नहीं बचे हैं, जिसके कारण किसी भी बड़ी खराबी को तुरंत सुधारना मुश्किल है। यही वजह है कि अभी यह कहना संभव नहीं है कि बिजली आपूर्ति कब तक बहाल होगी। एटक यूनियन नेता गणेश सिंह ने कहा कि अगर समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

## कर्मियों के लिए बने आवास में गृह प्रवेश किया

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। स्वास्थ्य विभाग की ओर कर्मियों के लिए बने आवास में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार कर्मियों की उपस्थिति में विभाग द्वारा बनाये गये आवास में गृह प्रवेश के लिए विद्वान पंडित बीरेंद्र मिश्रा के मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजापाठ के पश्चात नारियल फोड़कर नये आवास में शुभ गृह प्रवेश किये। मौके पर प्रभारी ने कहा कि डॉक्टर और कर्मियों के सरकारी आवास नहीं रहने के कारण कार्य करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, अब विभाग द्वारा आवास निर्माण करा दिए जाने से अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने में सहूलियत आयेगी। मौके पर प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, आयुष डॉक्टर अभिनीत विश्वास, सीएचओ इंद्रकिशोर विश्वकर्मा, डाटा प्रबंधक अनूप कुमार, एमपीडब्लू गुप्तेश्वर प्रसाद, उपेंद्र साह, सुनील पटेल, जितेंद्र पाठक, ब्रजेश, चंद्रशेखर आदि कर्मी उपस्थित थे।

## कांडी में खरीफ फसलों पर कार्यशाला आयोजित

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग द्वारा खरीफ फसलों से संबंधित एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ राकेश सहाय ने की। इस अवसर पर बीडीओ सहाय ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा तथा डिजिटल कृषि सर्वे से जुड़ी जानकारी दी। वहीं प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ओम प्रकाश ने मृदा प्रशिक्षण, जैविक खाद, श्रीविधि से फसल की बुआई और कुसुम योजना के बारे में विस्तार से बताया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी शाहिद अंसारी ने भी किसानों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यशाला में जिला परिषद प्रतिनिधि सुजीत कुमार, मुखिया प्रतिनिधि लल्लू यादव, किसान मित्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष इमामुद्दीन खान सहित बड़ी संख्या में किसान मित्र व खेतिहर किसान उपस्थित थे।

# खुशी का स्त्रोत है ज्ञान और ज्ञान का स्त्रोत है शिक्षक: चिंसु सिंह




**ऑक्सफोर्ड स्कूल में सीबीएसई प्रशिक्षण सत्र का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्थानीय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में एकदिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में सीबीएसई द्वारा अनुमोदित रिसोर्स पर्सन चिंसु सिंह के द्वारा विद्यालय के शिक्षको को प्रशिक्षण दिया गया। इस सत्र की शुरूआत श्रीमति सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन, तथा सरस्वती पूजन से किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गान एवं नृत्य का आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य विषय मूलभूत मूल्य एवं नैतिकता था। प्रशिक्षण सत्र के दौरान श्रीमति सिंह ने विस्तारपूर्वक यह बताया कि शिक्षक मानसिक, भावनात्मक एवं शारीरिक जैसे मूलभूत मूल्यों से परिपूर्ण होते है। उन्होंने शिक्षकों को प्रसन्नचित्त, एवं तनावमुक्त रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होने शिक्षकों को तनाव प्रबंधन की विशेष तकनीक, सचेतन शिक्षण दृष्टिकोण, प्रभावी कक्षा संचार जैसे मूलभूत व्यवहारिकता की जानकारियां दी। उन्होंने बताय कि शिक्षकों में साकारात्मक सोच और आत्मविश्वास का होना अनिवार्य है।

इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधन, समीति सदस्य आकाश कुमार, धीरज राज एवं प्रधानाचार्य बाला भास्कर चंदरुडू भी उपस्थित थे। यह विद्यालय समय-समय पर शिक्षकों के लिए इस प्रकार का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि छात्रों को सुलभ एवं सर्वश्रेष्ठ वातावरण उपलब्ध हो सके।

## वर्तमान समय में डिजिटल कार्य में दक्ष होना ही वास्तविक साक्षरता है : एमपी केशरी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जीएन कान्वेंट स्कूल में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन संपन्न। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद एमपी केशरी उपप्राचार्य वसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं विद्या की देवी माता सरस्वती जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस प्रत्येक वर्ष 8 सितंबर को संपूर्ण विश्व में मनाया जाता है। पहली बार अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस सन 1967 में मनाया गया था। साक्षरता का तात्पर्य है पढ़ना, लिखना और समझना। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों, समुदाय और समाज में साक्षरता के महत्व को बढ़ाना है। जब देश के सभी नागरिक साक्षर होंगे तभी देश का और समाज का विकास संभव है। व्यक्ति का विकास भी उसके साक्षर होने पर ही है। जिन देशों में डिजिटल साक्षरता कम है वह देश अभी भी पीछे है। देश की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए हर एक व्यक्ति को शिक्षित एवं साक्षर होना अनिवार्य है और वो भी डिजिटल, क्योंकि वर्तमान समय कंप्यूटर युग है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चयनित छात्र- छात्राओं को निदेशक द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया।

# सेन्हा में बालू की ढुलाई करते दो ट्रैक्टर जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र में अवैध बालू परिवहन करने की गुप्त सूचना पर पुलिस द्वारा करवाई करते हुए बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। वही थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध बालू खनन कार्य रोकने को लेकर पुलिस बल के सहयोग से छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें बिना नंबर का अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर को डाडू कोयल नदी से जब्त कर अग्रतर कार्रवाई के लिए अंचलाधिकारी पंकज कुमार भगत एवं जिला सहायक खनन पदाधिकारी को सूचना किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि दो ट्रैक्टर अवैध बालू लाद कर डाडू कोयल नदी स्थित बालू घाट से निकल रहा था। जिसे रोककर चालक से कागजात का मांग किया गया। वहीं चालक द्वारा बालू परिवहन करने संबंधित किसी तरह का कागजात नहीं दिखाने पर दोनो ट्रैक्टर को जब्त करते हुए पुलिस अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गयी है। बिना रजिस्ट्रेशन नंबर अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर पकड़े जाने पर बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

# टोरी में आरओबी के लिए 'कफन' और 'गिरगिट' नाटक का मंचन

ओवरब्रिज का निर्माण जल्द शुरू कराने, बंद पड़े फुट ब्रिज का काम चालू करने की तरफ खींचा प्रशासन का ध्यान

मुकेश कुमार सिंह



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** टोरी में ओवरब्रिज की मांग को लेकर किसानों ने 'कफन' और 'गिरगिट' नाटक का मंचन कर ओवरब्रिज का निर्माण जल्द शुरू कराने और बंद पड़े फुट ब्रिज का काम चालू करने समेत कई मांगों की ओर प्रशासन का ध्यान खींचा। इस अनूठे प्रदर्शन के जरिये गिरगिट की तरह रंग बदल रहे नेताओं की चुप्पी को रेखांकित किया गया। इस आंदोलन का आयोजन किसान नेता सह पंचायत समिति सदस्य अयूब खान के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने कहा कि रेलवे क्रॉसिंग 24 घंटे में अधिकांश समय बंद रहता है और हर बार किसी न किसी की जिंदगी को खतरे में डालता है। यह रेलवे क्रॉसिंग व्यस्त सीआइसी सेक्शन में है। इसलिए यहां अक्सर जाम लगा रहता है।

**तीन साल पहले हुआ शिलान्यास :** इस ओवरब्रिज का शिलान्यास तीन अप्रैल 2021 को किया गया। इसके लिए सात बार टेंडर निकल चुका है और 43 करोड़ रुपये की राशि का भी आवंटन हुआ है। अब इसकी अनुमानित लागत 119 करोड़ रुपये हो गयी है। शिलान्यास के समय कहा गया था कि जाम से बहुत जल्द मुक्ति मिल जायेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। प्रदर्शन में माकपा जिला सचिव रशीद मियां, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान समेत सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल थे।

# सूर्य हांसदा हत्या मामले में भाजपा की आक्रोश रैली 11 को



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला कार्यालय लोहरदगा में सोमवार को सेवा पखवाड़ा एवं आक्रोश रैली को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने की। इस अवसर पर जिला प्रभारी सह प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, पूर्व प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष ओम सिंह सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाने की रूपरेखा पर चर्चा की गयी। इस दौरान रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, पेड़रोपण, स्वच्छता अभियान, प्रतियोगिता, पुस्तकों की प्रदर्शनी, वोकल फॉर लोकल अभियान समेत विभिन्न कार्यक्रम करने का संकल्प लिया गया। विशेष रूप से आदिवासी नेता सूर्य हांसदा की हत्या को लेकर भाजपा ने 11 सितंबर को जिले में आक्रोश रैली निकालने का ऐलान किया। जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि सूर्य हांसदा समाज के उत्थान के लिए काम कर रहे थे, जिन्हें एक साजिश के तहत निशाना बनाया गया। उन्होंने सीबीआइ से हत्या की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। जिला प्रभारी सुनीता सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, जबकि विपक्ष मोदी विरोध में उलझा हुआ है। ओम सिंह ने कार्यकर्ताओं को आगामी नगर निगम व पंचायत चुनाव की तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में यह भी घोषणा की गयी कि सरकार द्वारा नगड़ी में खेती वाली भूमि पर बन रहे रिम्स 2 के निर्माण का पार्टी पुरजोर विरोध करेगी। साथ ही, पार्टी ने बालमुकुंद नाथ साहदेव के पुत्र रंजीत नाथ सहदेव के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना प्रकट की। कार्यशाला का संचालन महामंत्री पशुपति नाथ पारस ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला नेता बाल कृष्णा सिंह ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लोहरदगा में हिंडाल्को ने मनाया सारथी उत्सव ट्रक ड्राइवरों को मिला विशेष सम्मान

माइनिंग व्यापार में ट्रक ड्राइवर एक अहम कड़ी है : उपायुक्त

चालको को कार्यकुशलता और सुरक्षा नियमों पर विशेष ध्यान देना चाहिए : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** आदित्य बिड़ला समूह की मेटल फ्लैगशिप कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सोमवार को पाखर माइंस, लोहरदगा में ट्रक ड्राइवरों के सम्मान में भव्य सारथी उत्सव 2025 का आयोजन किया। यह आयोजन ट्रक ड्राइवरों के अथक परिश्रम और माइनिंग क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस मौके पर जिले के उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद ने कहा कि माइनिंग व्यापार में ट्रक ड्राइवर एक अहम कड़ी हैं। उन्होंने बताया कि हिंडाल्को ने इन्हें 'सारथी' का विशेष नाम देकर उनके योगदान को एक नई पहचान दी है। डॉ कुमार ताराचंद ने ट्रक ड्राइवरों से अपने कर्तव्य को गंभीरता से निभाने की प्रेरणा दी और कहा कि यह सम्मान उनकी जिम्मेदारी को और बढ़ाता है। लोहरदगा के एसपी सादिक रिजवी ने कहा कि उन्हें कार्यकुशलता और सुरक्षा नियमों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने हिंडाल्को के सारथी उत्सव आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ट्रक ड्राइवरों का मनोबल बढ़ता है और समाज में उनकी स्थिति मजबूत होती है। हिंडाल्को के माइनिंग एंड मिनिरल प्रमुख बीके झा ने कहा कि ट्रक ड्राइवर माइनिंग उद्योग की रीढ़ हैं। इनके बिना कंपनी के लक्ष्य अधूरे रह जाते हैं। उन्होंने सभी ट्रक ड्राइवरों को हिंडाल्को परिवार का अभिन्न हिस्सा बताया और उनके योगदान की जितनी प्रशंसा की जाए, कम होगी। कार्यक्रम के अंतर्गत सेंटर फॉर ड्राइवर रिलेशन मैनेजमेंट (सीडीआरएम) एवं हिंडाल्को द्वारा चयनित 25 ट्रक ड्राइवरों को उनके उत्कृष्ट कार्य, सुरक्षा नियमों का पालन व अनुशासन के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर लोहरदगा की एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डीटीओ जया शंखी मुर्मू, हिंडाल्को के अधिकारी तथा कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।



**सारथी उत्सव कार्यक्रम में ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने उठाये कई मुद्दे**

हिंडालको कंपनी द्वारा आयोजित सारथी उत्सव - खदान के सिकंदर कार्यक्रम में झारखंड पठारी चंदवा लोहरदगा ट्रक ओनर एसोसिएशन के संचालन समिति सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर लोहरदगा उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, प्रशासनिक अधिकारी, हिंडालको के बृजेश कुमार झा, शत्रुजीत सिंह, अभिषेक कुमार समेत मुंबई से आए वरिष्ठ पदाधिकारी गण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन के बाद संचालन समिति के सदस्यों ने पदाधिकारियों से विशेष भेंट की और खदान से जुड़ी कई समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने गुरदारी माइंस, सेरंगदाग माइंस और जालिम माइंस से संबंधित मुख्य समस्याओं पर ध्यान दिलाया। पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि ये सभी समस्याएं शीघ्र हल की जायेंगी। साथ ही एनकेसीपीएल का लोहरदगा में कार्यालय खुलवाने की प्रक्रिया जल्द पूरी की जायेगी।


# भाजपा ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के नेतृत्व में बरवाटोली चौक पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के खिलाफ कथित अमर्यादित टिप्पणी को लेकर सोमवार को सैकड़ो कार्यकर्ता की उपस्थिति में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। मां का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। मौके पर रामलाल उरांव, अभिषेक शर्मा, प्रियांशु कुमार, दीपक साहू, हंसमुख रंजन, अनुभव कासकार, सुधांशु खेरवा, मनोज साहू, देवराज सिंह, चंदन गोप, पवन तिग्गा, अनिल साहू, महेश साहू, नीरज महली, सागर महतो, रमेश नायक, दीपक साहू बरवा टोली, नीरज कुमार, सनी कुमार, राजकुमार, हरि ओम प्रसाद, किसन कुमार, अक्षत साहू, विकास कुमार, अपराधी कासकार, वीर नायक,अशोक कासकार, मतीन देवी समेत अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राम मंदिर फुलवारी में भजन संध्या आयोजित



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** रविवार की रात्रि चंद्र ग्रहण के दौरान लोहरदगा के राम मंदिर फुलवारी परिसर में स्थानीय कलाकारों के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। यह आध्यात्मिक कार्यक्रम रात 9:30 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक चले भजनों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत प्रसिद्ध गायक नीरज पाण्डेय ने सिद्धिविनायक व गणेश जी की वंदना से की। इसके बाद गायक सुशील सिन्हा ने हनुमान जी के भजन से सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वाद्य यंत्रों में आनंद पाण्डेय ने नाल पर, पारस कुमार ने आर्गन पर और रमेश पाण्डेय ने ताशा पर अपने मधुर संगीत का समर्पण दिया, जिससे कार्यक्रम में समा बांध दिया गया। स्थानीय कलाकारों ने विभिन्न भजन प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में पहुंचे श्रद्धालु झूमते और भक्ति भाव से शामिल होते नजर आए। पूरे कार्यक्रम का समापन रात्रि करीब 2 बजे हुआ। इस अवसर पर महेन्द्र प्रसाद, मनोज प्रसाद, रामनाथ काश्यकार उर्फ रामु, दिनेश पाण्डेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कई स्थानीय भक्तों और कलाकारों का अहम योगदान रहा। चंद्र ग्रहण के समय जप, पाठ और भजन का विशेष महत्व माना जाता है। स्थानीय लोगों ने इस भजन संध्या की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजन नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता बतायी।

# बालू घाटों की इ-नीलामी प्रति यूनिट के आधार करने की मांग



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिला के कैटेगरी-2 बालू घाटों की इ-नीलामी ग्रुप ए और ग्रुप बी में किये जाने की योजना के खिलाफ भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच ने कड़ा विरोध व्यक्त किया है। जिलाध्यक्ष शकील अख्तर ने बयान जारी कर कहा कि जिला खनन पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति संख्या 465/01/09/2025 के तहत कुल 13 बालू घाटों की नीलामी दो समूहों में विभाजित कर की गयी है। ग्रुप ए में 8 बालू घाट शामिल, जिसकी कुल राशि 32.93 करोड़ निर्धारित की गयी है। ग्रुप बी में 5 बालू घाट शामिल, जिसकी कुल राशि 30.02 करोड़ निर्धारित की गयी है। इस नीलामी प्रक्रिया के लिए 10 फीसदी अर्जित धन अग्रिम जमा करना अनिवार्य किया गया है, तथा कार्य मिलने पर अतिरिक्त 40 फीसदी जमा करना आवश्यक होगा। इस प्रकार, एक समूह के लिए कम से कम 20-25 करोड़ की धनराशि का प्रावधान होना आवश्यक है। इस प्रक्रिया में बड़े उद्योगपति और पूंजीपति ही आवेदन कर पायेंगे, जबकि स्थानीय संवेदक और व्यवसायी इसमें भाग नहीं ले सकेंगे। सरकारी निर्धारित दर 1280 प्रति सीएफटी बहुत अधिक है, जिससे आम जनता और स्थानीय व्यापारियों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा। उदाहरणत: प्रत्येक ट्रैक्टर पर लगभग आठ हजार की लागत आयेगी। 6 सितंबर 2025 को आयोजित बालू संवेदक प्रशिक्षण में सभी संवेदकों द्वारा लिखित आवेदन देकर निविदा को रद्द कर प्रति यूनिट के हिसाब से इ-निविदा जारी करने की मांग की गयी है। संवेदकों में प्रमुख रूप से शकील अख्तर, मेहदी हसन, उदय शेखर, कुंवर हीरालाल साहू, विकास सिंह, जयश्री प्रसाद, अरविंद राजू, मुकेश कुमार, शिवनाथ भगत शामिल हैं। विश्लेषण में पाया गया कि दिखाये गये 88 लाख सीएफटी बालू की मात्रात्मक प्रमाणिकता संदिग्ध है। विभाग ने डीएसआर के अनुसार क्षेत्रफल के हिसाब से मापी कर निविदा जारी की है, जो कि भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के अनुसार गलत है। इसलिए उपायुक्त लोहरदगा को आवेदन पत्र के माध्यम से वर्तमान ई-नीलामी निविदा रद्द करने, प्रति यूनिट के हिसाब से स्वतंत्र-स्वतंत्र बालू घाटों के लिए निविदा जारी करने, कंडिका में प्राथमिकता लोकलिटी को देने व प्रत्येक बालू घाट में बालू की सत्यता जांच के लिए समिति गठित करने की मांग की गयी है।

# बैठक में दशहरा को ऐतिहासिक और यादगार बनाने का संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा जय हिंद पुस्तकालय का सभागार रविवार को युवाओं के जोश और उत्साह से गूंज उठा। युवा भारत चंदवा की बैठक राजकुमार पाठक की अध्यक्षता में हुई, जिसमें इस बार दशहरा पर्व पर होने वाले रावण दहन कार्यक्रम को ऐतिहासिक और यादगार बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में सबसे पहले रविराज ने कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा रखी। उन्होंने कहा कि रावण दहन सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि चंदवा की पहचान है। अमित गुप्ता और राजकुमार साहू ने युवाओं से संयमित रहकर अनुशासन बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा,कार्यक्रम ऐसा हो जो इतिहास रचे और किसी विवाद से दूर रहे,महिलाओं के सम्मान पर खास ध्यान,श्रवण गुप्ता और सतीश प्रसाद ने स्पष्ट कहा कि कार्यक्रम की सफलता तभी मानी जाएगी जब महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल तैयार हो। इसके लिए विशेष स्थान और व्यवस्थाएं करने पर जोर दिया गया। 100 युवाओं की टीम करेगी निगरानी, रिंकू कुमार, रंजन सिंह, अंकित गोलू, दारा सिंह, संदीप रजक, कुणाल खत्री, रवि पांडुरंग, छोटू राजक और अक्षय यादव समेत युवा कार्यकताओं ने भरोसा दिलाया कि 100 युवाओं की टीम बनायी जायेगी। यह टीम पूरे आयोजन में अनुशासन, सुरक्षा और व्यवस्था का जिम्मा उठाए। बैठक में पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष रहे दिवंगत सुरेश गंझु को भी याद किया गया। युवाओं ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। बैठक में शामिल बड़ी संख्या में युवाओं ने एक स्वर में कहा कि इस बार का रावण दहन और सांस्कृतिक कार्यक्रम सिर्फ कार्यक्रम नहीं होगा, बल्कि चंदवा की परंपरा को नयी उड़ान देगा।

# बीएसएफ जवान का निधन, गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झीको चट्टी गांव के बीएसएफ जवान धनी उरांव के निधन से पूरा जिला गमगीन है। बीते रविवार, इलाज के दौरान धनी उरांव का निधन हो गया। वे राज हॉस्पिटल रांची में इलाजरत थे, जहां उन्हें सर्वाइकल एवं कैंसर के गंभीर लक्षण पाये गये थे। धनी उरांव वर्तमान में बीएसएफ की 144 बटालियन, तुरा, मेघालय में तैनात थे। धनी उरांव आदिवासी सहयोग समिति, लोहरदगा के सक्रिय सदस्य थे। उनका सरल स्वभाव और सामाजिक व्यक्तित्व क्षेत्र में बेहद सम्मानित था। वे अपने परिवार के लिए एक मजबूत स्तंभ थे। अपने पीछे पत्नी पुनीता तिर्की, 12 वर्षीय बेटी त्रिशा उरांव और 6 वर्षीय पुत्र बिरेन उरांव को छोड़कर चले गये। परिवार की जिम्मेदारी अब बड़े भाई मणि उरांव पर आ गयी है। जवान धनी उरांव को उनके पैतृक गांव झीको चट्टी में बीएसएफ जवानों ने गरिमामय गार्ड ऑफ ऑनर के साथ विदाई दी। मौके पर आदिवासी सहयोग समिति के संस्थापक सह अध्यक्ष शिवदयाल उरांव, सीआरपीएफ मुख्य शिक्षा प्रभार पूर्व सहायक कमांडेंट जोगिया उरांव, एक्स सीआरपीएफ गृह प्रभार जितेंद्र उरांव, बीएसएफ मुख्य कल्याण प्रभार सतीश लकड़ा, सीआरपीएफ सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष लालदेव उरांव, जैप आर्मी के पूर्व आर्डिनरी कैप्टन जितसहाय भगत, सभ्यता संस्कृति प्रभार शिवकुमार उरांव, बीएसएफ कैरो अध्यक्ष प्रदीप उरांव सहित अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त बीएसएफ, सीआरपीएफ, आर्मी के जवान, पूर्व जवान तथा क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों की भारी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने धनी उरांव के साहस, देशभक्ति और सामाजिक योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# प्रत्येक शनिवार को आयोजित होगा अंचल थाना दिवस

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय स्तर पर होने वाले भूमि विवादों एवं उनसे जुड़े विधि व्यवस्था की समस्या के त्वरित तथा सुलभ समाधान किये जाने के उद्देश्य से लोहरदगा जिला के सभी अंचल में प्रत्येक सप्ताह के शनिवार को क्रमशः संबंधित अंचल एवं थाना में अंचल थाना दिवस मनाया जायेगा। उक्त अंचल थाना दिवस का आयोजन संबंधित अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी द्वारा आपसी समन्वय स्थापित कर किया जायेगा। कार्यक्रम में डालसा की ओर से विधिक सहायता और सुझाव प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम के वरीय प्रभार में अपर समाहर्त्ता, लोहरदगा रहेंगे।

# मोमिन कांफ्रेंस महासम्मेलन की सफलता के लिए प्रखंडों में प्रभारी नियुक्त

कार्यक्रम को सिर्फ सफल बनाना मकसद नहीं, समाज को अधिकार दिलाना खास उद्देश्य : हाजी अब्दुल जब्बार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा नया नगर भवन में आगामी 14 सितंबर को मोमिन कॉन्फ्रेंस महासम्मेलन कार्यक्रम आयोजित होना है, इसकी सफलता हेतु लगातार बैठक कर रणनीति बनाई जा रही है। इसी बीच सोमवार को प्रदेश सचिव सह कार्यक्रम के संयोजक हाजी अब्दुल जब्बार अंसारी के आवास पर कोर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुआ। इधर बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हाजी सिकंदर अंसारी ने की। बैठक में प्रोग्राम को ऐतिहासिक और सफल बनाने हेतु सभी प्रखंडों में प्रभारी की नियुक्ति की गयी। जिसमें किस्को प्रखंड में रूस्तम अंसारी, भंडरा प्रखंड में मोहम्मद इम्तियाज अंसारी, कैरो प्रखंड में युवा जिलाध्यक्ष ऐनुल अंसारी, कुड़ू प्रखंड में हातिम अंसारी, लोहरदगा सदर प्रखंड में हाजी मुमताज अंसारी, पेशरार प्रखंड में रौनक इकबाल, सदर प्रखंड में एजाज अंसारी और सेन्हा प्रखंड में जहुर अंसारी को प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गयी। यहां पर सभी प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि सभी प्रखंड अध्यक्षों से अगले दो दिनों में समन्वय स्थापित कर बैठक कर इसकी सूची जिला कमेटी को सौंपेंगे। हाजी अब्दुल जब्बार अंसारी ने कहा कि लोहरदगा जिला में आगामी 14 सितंबर को आयोजित होने वाली मोमिन कांफ्रेंस महासम्मेलन को सफल बनाना ही मकसद नहीं है बल्कि अपने समाज को जागरूक करना और सरकार की तमाम महत्वाकांक्षी योजनाओं को शत-प्रतिशत लाभ दिलाना खास उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की तैयारियां तेज है, निश्चित रूप से मोमिन कांफ्रेंस का महासम्मेलन हमारे समाज को एकसूत्र में बांधने के अलावा हक अधिकार की प्राप्ति हेतु बल प्रदान करेगा। कार्यक्रम में हजारों की तादाद में अंसारी समाज के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष मंजूर अंसारी, प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली, सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, केंद्रीय महासचिव सगीर अंसारी समेत कई अन्य हस्तियां शामिल होंगे, जिनके समक्ष लोहरदगा जिला समेत पूरे झारखंड प्रदेश में निवास करने वाले मोमिनों के हित में 13 सूत्री मांग पत्र सौंपा जायेगा।

# डोंकी में वज्रपात से एक की मौत

**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** मनिका प्रखंड क्षेत्र के डोंकी पंचायत के ग्राम झबरी निवासी चंद्रदेव उरांव पिता स्व बंशी उरांव निवासी की मौत रविवार को लगभग 6.30 बजे शाम में बारिश होने के दरमियान वज्रपात का शिकार होने से आकस्मिक मृत्यु हो गयी। घटना के बाद परिजनों ने चंद्रदेव उरांव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के दरमियान रास्ते में ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार हल्की बारिश के साथ बीच में गर्जन के साथ वज्रपात हो गयी और चंददेव उरांव उसके चपेट में आ गया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सिकंदर बाड़ा ने दुख जताते हुए मृतक के आश्रित को सरकारी प्रावधान के मुताबिक मुआवजा दिलाने एवं अन्य लाभ दिलाने की मांग की।

# लोहरदगा राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ की बैठक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जनता दल पिछड़ा प्रकोष्ठ की एक बैठक सतीश साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसका संचालन सुनील कुमार मेहता ने किया। मौके पर राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने विष्णु प्रसाद साहू , विनोद जायसवाल एवं अरुण प्रसाद साहू को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया। प्रदेश अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से पूरे देश में सामाजिक अन्याय बढ़ती जा रही है। एक बार फिर देश और प्रदेशवासियों को सामाजिक न्याय की जरूरत महसूस होने लगी है। सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत विष्णु प्रसाद साहू ने कहा कि राजद को मजबूत बनाकर एक बार फिर 27 फीसदी आरक्षण प्राप्त किया जा सकता है।

## बुंडू के ऊपर टांड़ में जुआ अड्डे का भंडाफोड़, एक दर्जन बाइक जब्त



**पेटरवार (आजाद सिपाही)।** पेटरवार थाना क्षेत्र के बुंडू स्थित ऊपर टांड़ में निमकी फैक्ट्री के समीप सोमवार को अपराह्न तीन बजे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर जुआ अड्डे का भंडाफोड़ किया। इस दौरान वहां चल रहे लाखों रुपए के अवैध जुआ कारोबार का खुलासा हुआ। अचानक हुई इस कार्रवाई से जुआरियों में अफरातफरी मच गई और कई लोग जंगल का सहारा लेकर फरार हो गए। इस दौरान पुलिस ने मौके से 12 बाइक जब्त कर थाना ले गयी। सूत्रों के अनुसार, इस इलाके में लंबे समय से खुलेआम जुए का कारोबार चल रहा था, जहां आसपास के गांवों से लोग आकर लाखों रुपए का दांव लगाते थे। ग्रामीणों की लगातार शिकायत के बाद पुलिस ने गुप्त रणनीति तैयार कर यह कार्रवाई की। हालांकि छापामारी के दौरान जुआरी भागने में सफल रहे, लेकिन पुलिस उनकी पहचान में जुटी है। जल्द ही गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है। ग्रामीणों ने पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। कहा कि इस कदम से क्षेत्र में फैली सामाजिक बुराइयों पर रोक लगेगी तथा युवाओं को गलत राह पर जाने से बचाने में मदद मिलेगी।

## भाजपा नेत्री स्मिता आनंद ने छतरपुर में जन चौपाल लगाकर सुनीं लोगों की समस्याएं



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के छतरपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पिंडराही एवं ग्राम खेन्द्रा खुर्द में भाजपा नेत्री स्मिता आनंद ने सोमवार को जन चौपाल लगाकर लोगों के विचारों एवं समस्याओं को बारी बारी से सुना। ग्रामीणों ने अपने गांव, टोलों एवं पंचायत स्तरीय विभिन्न समस्याओं से स्मिता आनंद को अवगत कराते हुए समाधान का अनुरोध किया। इस पर उन्होंने समस्याओं के समाधान का हर संभव मदद का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने क्रमशः पिंडराही एवं खेन्द्रा गांव में जर्जर हुए पहुंच पथ निर्माण की मांग की। इस पर स्मिता ने कहा कि पथ निर्माण संबंधी आवश्यक कार्रवाई संबंधित पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर बहुत जल्द ही पूर्ण की जाएगी। वहीं, खेन्द्रा खुर्द को परहिया टोला से जोड़ने वाली सड़क के बीच स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया के निर्माण की मांग भी ग्रामीणों न की। जिसपर उन्होंने अपने टीम और ग्रामीणों के साथ स्थल तक पैदल पहुंचकर निरीक्षण किया और उक्त पुलिया निर्माण की भी घोषणा ग्रामीणों से की। कहा कि वैसे लोग जिन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या हो, वे सीधे अपनी बातों को उन तक पहुंचाएं या कुद बेहिचक उनसे मिलने उनके आवास पर आयें। कहा कि जनता के साथ उनका सीधा जुड़ाव होना चाहिए, ताकि लोग सुगमता से अपनी बातों को उनके समक्ष रख पाएं। इस मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, वरिष्ठ भाजपा नेता ईश्वरी पाण्डेय, चेतन चौहान, भोला पाण्डेय, पिंडराही के मुखिया रीता देवी, सुरेंद्र सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, कौशल झा, मनोरंजन दुबे, ग्रामीण लक्ष्मण सिंह, प्रयाग विश्वकर्मा, मेघनाथ प्रजापति, राजेंद्र पासवान, गनौरी पासवान, ब्रह्मदेव सिंह, नन्कु सिंह, पुनीत सिंह, मुन्ना सिंह, अमनी कुंवर ललिता देवी आदि उपस्थित थे।

## नीरज अध्यक्ष और सचिन बने सचिव



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर सोमवार को बाबू लाईन मंदिर (जपला सिमेंट फैक्ट्री) परिसर में दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया मनोज भारती और संचालन सचिन शर्मा उर्फ मंटू शर्मा ने किया। इसमें प्रस्ताव पारित कर पदधारी एवं सदस्यों का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष नीरज कुमार गुप्ता 'लक्षु', सचिव सचिन शर्मा, मंटू शर्मा, कोषाध्यक्ष रमेश राम डीलर, उपाध्यक्ष मोहन चौधरी, उपसचिव शिवम पांडेय, विकास चौधरी, उप कोषाध्यक्ष काजू सिंह, संरक्षक मनोज भारती, सह संरक्षक रामा शंकर चौधरी पूर्व मुखिया, सुरेंद्र चौधरी समाजसेवी, उपसंरक्षक संदीप ठाकुर, सुरेंद्र चौधरी समाजसेवी, व्यवस्थापक भरत पांडेय 'मनु पांडेय, मीडिया प्रभारी मोहसिन खां के अलावा सदस्यों में धर्मेंद्र सिंह, सिंटू सिंह, मनोज कुमार गुप्ता'छोटन', कृष्णकांत अवस्थी, अशोक विश्वकर्मा, अमित कुमार, काजू सिंह, विकास गुप्ता, दीपक गुप्ता, रवि कुमार, सोनू सिंह चंद्रवंशी और धीरज कुमार आदि शामिल हैं।

## पैक्स संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने जल्द खाद उपलब्ध कराने की मांग की



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पैक्स संघ के जिला अध्यक्ष सह हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने पलामू जिला सहकारिता पदाधिकारी को पत्र भेजकर किसानों को आवश्यकता अनुसार यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की है। पत्र में उन्होंने बताया है कि इस वर्ष अच्छी बारिश हुई है। जिससे लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत धान की रोपनी हुई है। किसान काफी खुश थे, लेकिन यूरिया संकट ने उनकी खुशी छीन ली है। किसानों का खरीफ फसल अति वृष्टि के कारण पूरी तरह नष्ट हो चुका है। किसान सिर्फ धान की खेती पर आश्रित है। लेकिन खाद उपलब्ध कराने में विभाग विफल रहा है। प्रति पंचायत 70 बोरा यूरिया दिया जा रहा है, जो बहुत कम है। बताया कि अभी कम से कम हर पंचायत में 500-500 बोरा यूरिया खाद की जरूरत है। उन्होंने जिला सहकारिता पदाधिकारी से किसानों की ज्वलंत समस्या को देखते हुए यथा शीघ्र खाद उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

## पैसेंजर ट्रेन के शौचालय से शव बरामद

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला रेलवे स्टेशन पर डाउन बीडीएम पैसेंजर ट्रेन के शौचालय से जपला आरपीएफ ने सोमवार को 51 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ। उसकी पहचान भोला प्रसाद के रूप में हुई है। वह लातेहार जिला के बरवाडीह थाना क्षेत्र के खुर्रा गांव का रहने वाला था। पता चला है कि भोला प्रसाद लंबे समय से मानसिक रूप से बीमार थे। रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज चल रहा था। संभवतः हार्ट अटैक से मौत हुई होगी। इसकी सूचना जीआरपी डालटनगंज को दी गयी है।

### डीसी ने की राजस्व संग्रहण की समीक्षा बैठक, दिया जरूरी निर्देश

# खनन क्षेत्र में राजस्व की वसूली में तेजी लाये: डीसी

**उत्पाद अधीक्षक को लगातार छापामारी करने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी समीरा एस ने सोमवार को राजस्व से जुड़े सभी विभागों की ओर से की जा रही राजस्व वसूली की समीक्षा की। इस दौरान विभिन्न विभागों को चालू वित्तिय वर्ष में प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध कितनी वसूली की गयी है से संबंधित विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में जरूरी दिशा-निर्देश दिया। डीसी ने खनन विभाग की समीक्षा के क्रम में बताया कि इस वित्तिय वर्ष में अबतक वार्षिक लक्ष्य अप्राप्त है। इस दौरान पिछले वर्ष के लक्ष्य के आधार पर समीक्षा किया गया, जिसमें पाया कि पिछले साल प्राप्त लक्ष्य के आधार पर अबतक 5952.025 लाख रुपये वसूली की गयी है। गौरतलब हो कि वित्तिय वर्ष 2024-25 में खनन विभाग का वार्षिक लक्ष्य 41357 लाख रुपये का था। डीसी ने खान निरीक्षक को खनन के क्षेत्र में राजस्व वसूली में तेजी लाने की बात कही। उन्होंने राजस्व उगाही को लेकर कहा कि इसमें जो भी कारक बाधक हैं, उन्हें यथाशीघ्र दूर कर लक्ष्य प्राप्त करें। इसी तरह परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए पाया कि विभाग को वर्तमान वित्तिय वर्ष में 7608.30 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य दिया गया था। जिसके विरुद्ध परिवहन विभाग की ओर से अबतक 3240.15 लाख रुपये की राजस्व वसूली कर ली गयी है। उधर, उत्पाद विभाग की समीक्षा के क्रम में उत्पाद अधीक्षक ने डीसी को बताया कि विभाग को 14000 लाख रुपए वसूली का वार्षिक लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध अगस्त माह तक 4544.67 लाख रुपये के राजस्व वसूली कर ली गयी है जो 32 प्रतिशत है। इसी तरह अवर निबंधन, राष्ट्रीय बचत विभाग, नगर निगम, विद्युत आपूर्ति विभाग की भी समीक्षा की गयी। डीसी ने सरकार के विभिन्न विभागों को भूमि हस्तांतरण के लिए लंबित भूमि के विवरणी का भी अंचलवार समीक्षा किया। वहीं, बैठक में भू-लगान, निबंधन, दाखिल-खारिज, सकसेशन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन और भूमि सीमांकन की भी समीक्षा की गयी। डीसी ने सभी सीओ को निर्धारित समय में म्यूटेशन के मामलों को निष्पादन करने पर बल दिया। इसके अलावे 2025-26 में प्राकृतिक आपदाओं एवं राज्य स्तरीय अधिसूचित आपदाओं से प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृती से संबंधित प्रतिवेदन, ई-रेवेन्यू कोर्ट का स्टेटस, लैंड डीमारकेशन, झारखंड लगान कलेक्शन की भी समीक्षा की। इस मौके पर तीनों एसडीओ, तीनों भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी सीओ आदि उपस्थित थे।



विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करती डीसी समीरा एस।

## हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के लिये योजनाओं के चयन को लेकर की बैठक

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागर में हरिहरगंज नगर पंचायत के लिये योजनाओं के चयन को लेकर बैठक हुई। जिसमें बिंदुवार योजनाओं का चयन एवं उसे पारित करने को लेकर चर्चा की गयी। इनमें मुख्य रूप से हरिहरगंज पंचायत अंतर्गत ड्रेनएज सिस्टम, स्ट्रीट लाइट, सीसीटीवी का अधिष्ठापन, आश्रय गृह सहित अन्य कार्यों को लेकर चर्चा शामिल था। इस दौरान कुल 74 योजनाओं को पारित करने का निर्णय लिया गया। आवंटन प्राप्त होने के बाद प्रशासनिक स्वीकृति के बाद योजनाओं का क्रियान्वयन शुरू कर दिया जायेगा। इस मौके पर डीडीसी जावेद हुसैन, छत्तरपुर एसडीओ आशीष गंगवार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम, हरिहरगंज के नगर प्रशासक फैजुर रहमान और सांसद प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।**

## झारखंड में भी होगा एसआइआर का विरोध : सुबोध कांत

**कांग्रेस नेता सुबोध कांत सहाय ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना**



**देवघर (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नेता सुबोध कांत सहाय सोमवार को बाबा बैद्यनाथ मंदिर पहुंचे और विधि-विधान से बाबा वैद्यनाथ की पूजा की। कहा कि अपने स्वास्थ्य और परिवार के लिए उन्होंने बाबा बैद्यनाथ से कामना की, ताकि वह आगे भी काम करते रहें। उन्होंने बताया कि बिहार में राहुल गांधी के साथ वोटर न्याय यात्रा में वह भी 20 दिन तक मौजूद रहे। कहा कि किस तरह से वोट मैनिपुलेट किया गया है और वोट चोरी किया गया है, यह समझना होगा कि बिहार में निश्चित तौर पर बदलाव होने जा रहा है। उनहोंने कहा कि भाजपा का हर आरोप बेबुनियाद है। कहा कि वह 6 बार चुनाव जीत चुके हैं और हर बार 5 से 6 लाख मत से जीत-हार तय होती थी, लेकिन अब 8 लाख वोट आता है। यह समझ से परे है कि इतना वोट कहां से आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी एसआइआर को लेकर विरोध किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि बिहार में आइएनडीआइए महागठबंधन की सरकार इस बार बनने जा रही है। वहीं, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को जान से मारने की धमकी को लेकर कहा कि राजनीति में आजकल जब कोई विषय नहीं होता है, तो जितना उग्र भाषा बोलकर कुद को प्रचारित करना चाहते हैं। कहा कि इरफान इस धरती का बेटा है और मूल रूप से जनप्रतिनिधि है।

## जांच अभियान में 232 रेल यात्री से वसूला गया 92 हजार रुपये का जुर्माना

**मधुपुर (आजाद सिपाही)। रेलवे मजिस्ट्रेट जुलियन आनंद टोप्पो के नेतृत्व में सोमवार को झाझा, मधुपुर, चितरंजन एवं जसीडीह स्टेशन में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान हटिया पटना पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, पटना हावड़ा जनशताब्दी, हावड़ा नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस, पटना धनबाद इंटरसिटी समेत कई ट्रेनों एवं स्टेशनों पर चलाये गये टिकट जांच अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा करने के अलावे विभिन्न रेलवे एक्ट उल्लंघन सहित अन्य कई मामलों में कुल 232 लोगों को हिरासत में लिया गया। उसने कुल 92 हजार 110 रुपए का जुर्माना वसूला गया। टिकट चेकिंग अभियान में सीआईटी मोहन मुखर्जी, सीटीआई अमरदीप कुमार, सीआईटी वीके कुल्लू, फिरोज अख्तर, सीनियर टीई एके पवारिया, पप्पु तांती, धनश्याम कुमार गुप्ता, वरूण कुमार, वाईपी मिश्रा, मोहम्मद जाफर अंसारी, कृपा शंकर गुप्ता, राहुल कुमार, राकेश कुमार, टीटीआई यु.के. सैन, संजीव कुमार, रमेश कुमार आदि शामिल रहे।**

### प्रखंड के तीन कलस्टर में वार्षिक आम सभा, सात एजेंडो पर चर्चा

# स्वावलंबन महिलाओं को सशक्त और आत्मविश्वासी बनाता है : मंटू कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के सरसोत, सेमरवार और अररूआ खुर्द कलस्टर में सोमवार को वार्षिक आम सभा आयोजित हुई। उक्त कार्यक्रम झारखंड आजीविका संवर्धन सोसाइटी के तहत कलस्टर स्तरीय आजीविका महिंला संकुल प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति के तत्वाधान में आयोजित की गई। सरसोत कलस्टर के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पत्थरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार, पूर्व जीप सदस्या आशा देवी और सलैया की मुखिया कमला देवी ने संयुक्त रूप से शिक्षा की जननी माता सावित्री बाई फुले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दौरान किशोरी समूह की ओर से बाल विवाह, दहेज प्रथा, नशाखोरी एवं बेटी बचाव, बेटी पढ़ाव पर नुकड़ नाटक कर लोगों को जागरूक किया गया। ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने कहा कि महिलाओं का स्वावलंबन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण पहलू है। जब महिलाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र होती हैं, तो वे अपने निर्णय स्वयं ले सकती हैं और अपने परिवार के साथ ही समाज के विकास में भी योगदान कर सकती हैं। कहा कि स्वावलंबन महिलाओं को आत्मविश्वासी और सशक्त बनाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएलएफ के सचिव सुमित्रा देवी और संचालन जेंडर सीआरपी ममता देवी ने की। इस मौके पर आरबीआई सह अग्रगति के कर्मी चंदन कुमार मेहता, सीसी रवि रंजन कुमार, पीआरपी जितेंद्र कुमार, जेंडर सीआरपी अंजु कुमारी, सबिता कुमारी, नीलम, पार्वती और बेबी देवी आदि उपस्थित रहे। वहीं, सेमरवार कलस्टर का आयोजित कार्यक्रम खड़गपुर पंचायत सचिवालय में जेएसएलपीएस के बीपीएम मुकेश कुमार, जेआरजीबी प्रबंधक राहुल कतरियार, मुखिया प्रतिनिधि सतेन्द्र मेहता, पंसस प्रतिनिधि हिरालाल यादव, सुनील मेहता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बीपीएम मुकेश कुमार ने बताया कि प्रखण्ड के तीन कलस्टर में 2024-25 में किये गये कार्यों का वार्षिक आम सभा आयोजित हुआ है। जिसका उद्देश्य सभी कलस्टर में सात एजेंडो पर चर्चा करना था। इसमें शेयर होल्डर अनुमोदन पर चर्चा, बचे हुए सदस्यों को शेयर होल्डर बनाने और बेचने, संकुल का वित्तीय वर्ष 2024-25 का आय व्यय और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करना और वित्तीय वर्ष 2025-26 का प्लान आदि शामिल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएलएफ के अध्यक्ष पूजा कुमारी और मंच संचालन पीआरपी ममता कुमारी ने की। इस मौके पर महेंद्र विश्वकर्मा, जेंडर सीआरपी गूंजा सिंह, पूनम देवी, सीसी धीरेंद्र कुमार, गीता पिंकी, कविता, उषा, संगीता, यमुना, माया, कविता, कंचन देवी आदि शामिल थे।

## जादू दिखाकर मैं बच्चों से ज्यादा खुश होता हूं : डॉ सुनील खवाड़े



**देवघर (आजाद सिपाही)।** शहर के जाने-माने समाजसेवी एवं जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े ने सोमवार को महेशमारा हाई स्कूल के करीब 400 बच्चों को जादू का शो दिखाया। इसके लिए उन्होंने शंकर टॉकीज में चल रहे जादूगर सिकंदर के शो की सारी टिकटें बुक कर ली थी। महेशमारा हाई स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिका के साथ बच्चे दोपहर 12.30 बजे शंकर टॉकीज पहुंचे और दो घंटे तक जादू के शो का लुत्फ उठाया। जादू का शो देख बच्चे काफी खुश हुए । वहीं, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सुनील खवाड़े के इस पहल की सराहना की। क्योंकि जादू का पूरा शो विज्ञान और कला पर आधारित था। वहीं शंकर टॉकीज परिसर में लगे झूले समेत अन्य राइड भी बच्चे के लिए सुनील खवाड़े ने निःशुल्क करवा दिये थे। शो खत्म होने के बाद बच्चों ने जंपिंग झूले का भी आनंद लिया। मौके पर जिला खेल प्राधिकरण के सचिव आशीष झा, नवीन शर्मा समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।

**बच्चों की खुशी में ही मेरी खुशी :** अपने संबोधन में डॉ सुनील खवाड़े ने कहा कि बच्चों की खुशी में ही उनकी खुशी है। बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाकर ऐसा अहसास होता है कि महेशमारा स्कूल के बच्चों ने जादू नहीं देखा, बल्कि मेरे खुद के बच्चों ने जादू देखा है। जादू देखकर बच्चे जितने आनंदित नहीं होते, जादू दिखा कर मैं उनसे ज्यादा खुश होता हूं। इसके पीछे मेरा किसी तरह का कोई उद्देश्य नहीं है। न ही मुझे कोई चुनाव लड़ना है। सुनील खवाड़े ने कहा कि मलहारा हाई स्कूल और महेशमारा हाई स्कूल के करीब एक हजार बच्चों को जादू को दिखाया गया है। अब विभिन्न खेल संघ से जुड़े बच्चों को भी जादू का शो दिखाया जाएगा।

## आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में शत-प्रतिशत योजनाओं का लाभ दिलाना




**देवघर (आजाद सिपाही)।** डीडीसी पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिलास्तरीय तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। अपने संबोधन में डीडीसी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य की संयुक्त सहभागिता से संचालित आदि कर्मयोगी अभियान का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। अभियान का उद्देश्य जनजातीय एवं अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्रों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। जब शासन की योजनाएं सुदूरवर्ती गांवों तक समयबद्ध रूप से पहुंचेगी और उनका लाभ पात्र लाभुकों तक शत-प्रतिशत पहुंचेगा, तभी अभियान की वास्तविक सफलता सिद्ध होगी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को आदि कर्मयोगी का पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त कर जनजातीय समुदाय के उत्थान में अपनी महती भूमिका निभाने की बात कही। इसस दौरान कहा कि सभी प्रशिक्षण का लाभ उठाए और क्षेत्र में जाकर जनजाति समाज के उत्थान में सक्रिय सहयोगी बनने में अपनी महत्ती भूमिका निभाएं। कहा कि देवघर जिले के सभी 10 प्रखण्डों में 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या वाले अनुसूचित जनजाति बाहुल्य सभी ग्रामों में निवासरत अनुसूचित जनजाति समुदायों को अपनी आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने, अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और विकास की दिशा में एक स्थायी मार्ग निर्धारित करने के लिये आदि कर्मयोगी अभियान प्रारंभ किया गया है। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी दयानंद दूबे, समाज कल्याण पदाधिकारी कुमारी रंजना, बीडीओ, डीपीएम जेएसएलपीएस, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी आदि थे।

## पत्नी से झगड़े के बाद युवक ने खाया कीटनाशक

**मधुपुर (आजाद सिपाही)। चांदमारी मोहल्ला निवासी संतोष दास (32) ने पत्नी से झगड़े के बाद कीटनाशक दवा खा ली। कुछ ही देर में उसकी तबीयत काफी बिगड़ गयी। उसके बड़े भाई विकास दास और बुआ रोते-रोते पूर्व वार्ड पार्षद शबाना परवीन के पास पहुंचे और मदद की गुहार लगाई। वार्ड पार्षद ने पहले संतोष को रेफरल अस्पताल भेजा, जहां इलाज के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही थी। अंत में पार्षद ने पथलचपटी स्थित राज हॉस्पिटल से संपर्क साधा और युवक को भर्ती कराया। शबाना ने बताया कि अब संतोष की हालत खतरे से बाहर है।**

## विद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को एक ज़िम्मेदार और नेक इंसान बनाना भी है : अविनाश देव

**संत मरियम स्कूल ने टाउन हॉल में आयोजित की 'अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी'बच्चों के सर्वांगीण विकास पर मंथन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** संत मरियम आवासीय विद्यालय ने सोमवार को टाउन हॉल में 'अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी' का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में शिक्षकों और अभिभावकों के बीच तालमेल और संवाद को मजबूत करना था। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि शिक्षा सिर्फ अंक बटोरने का जरिया नहीं, बल्कि यह एक ऐसा सागर है, जिसमें संस्कार, नैतिकता और मानवीय मूल्यों की धाराएं बहती हैं। अभिभावकों से कहा कि वे अपने बच्चों को सिर्फ अकादमिक रूप से ही नहीं, बल्कि भावनात्मक और सामाजिक रूप से भी मजबूत बनाने की अपेक्षा करें। कहा कि विद्यालय का लक्ष्य ऐसे छात्रों का निर्माण करना है जो न केवल सफल हों, बल्कि एक ज़िम्मेदार और नेक इंसान भी बनें। वहीं, प्राचार्य ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की प्रगति में सक्रिय रूप से शामिल हों। कहा कि जब अभिभावक और शिक्षक मिलकर काम करते हैं, तो बच्चों का विकास ज्यादा प्रभावी होता है। इस दौरान अभिभावकों को बच्चों के व्यवहार, रुचि और शैक्षणिक प्रदर्शन से जुड़ी बारीकियां साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। संगोष्ठी में भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा हुई। प्रबंधन ने बताया कि जल्द ही छात्रों के लिए विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें व्यक्तित्व विकास, सार्वजनिक भाषण और नेतृत्व कौशल जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके अलावा, खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। मंच का संचालन शिक्षिका प्रियंका अग्रवाल एवं शुभांगी मिश्रा ने किया। इस मौके पर उप प्राचार्य एसबी शाहा, प्रवीण दुबे, सुधांशु कुमार दुबे, रोशन राज, विकास विश्वकर्मा, ऋषि शर्मा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और सैकड़ो अभिभावक मौजूद थे।

## रमेश कुमार ने क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के लिए की दावेदारी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चुनाव 21 सितंबर को रांची में होना है। इसे लेकर सोमवार को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन रहा। इस दौरान दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र से इस पद के लिए रमेश कुमार चीनी ने चुनाव पदाधिकारी विकास सिंह व पवन शर्मा के समक्ष अपनी दावेदारी पेश की। रमेश के प्रस्तावक के रूप में एफजेसीसीआइ के निवर्तमान अध्यक्ष किशोर मंत्री व समर्थक पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी ने सहमति जताई। रमेश ने बताया कि वे वर्तमान में भी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष है और इस पद की दूसरी पारी के लिए नामांकन किया है। अपने कार्यकाल के दौरान न सिर्फ व्यापारियों की समस्या दूर करने का प्रयास किया। बल्कि सामाजिक व जन समस्या के लिए भी आवाज बुलंद की है। मौके पर साहेबगंज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल भी थे।

## लापता मजदूर के मामलों को लेकर मिशन बदलाव की टीम थाना प्रभारी से मिली



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मजदूरों का गायब होना, लापता होना अपहरण होना इन सभी मामलों को लेकर मिशन बदलाव की टीम गुमला थाना प्रभारी से मिली और सभी मामलों को अवगत कराया गया। थाना प्रभारी ने सभी मामलों को गंभीरता पूर्व सुनते हुए बताया कि ये मेरा कार्यक्षेत्र में नहीं है और सभी को श्रम अधीक्षक को भी अवगत करने से ज्यादा बेहतर होगा। मिशन बदलाव की टीम श्रम अधीक्षक गुमला से सभी मामलों को अवगत भह कराया। पिछले कई सालों से मजदूरों का पलायन मजदूरों का लपता होना कभी रेलवे स्टेशन से कभी कार्यस्थल से इन सभी मामलों को लेकर मिशन महिलाओं की टीम विनोद साहू, ज्योति गुलरिया कुजूर, ज्योति वर्मा के नेतृत्व में थाना प्रभारी गुमला से मामलों का अवगत कराया और बताया कि सुरेश गोप मुरकुंडा रकम शमशेरा के रहने वाले का नांदेड़ रैल्वए रेलवे स्टेशन से अपहरण हो गया था। उन्होंने लिखित आवेदन मिशन बदलाव टीम के संयुक्त तात्वधान में थाना प्रभारी को भी दिया और बताया कि गोवा से झारखंड आने के क्रम में नांदेड के पास में जब उतरे तो उनका पानी पीने के बाद उसका मन खराब हो गया और उसके बाद होशों हवास खराब हो गया था। उसके बाद उसके साथ क्या हुआ कुछ भी पता नही। उसकी जान एक झाड़ी में छिपाकर एक महिला के द्वारा बचाया गया और मजदूर के साथ मारपीट कर मोबाइल भी छीना लिया गया था। सभी मामलों को पिछले दिनों में मिशन बदलाव के भूषण भगत को बताया गया था। थाना प्रभारी ने मामलों को गंभीरतार से लिया।

## अंतर संकुलीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर को दूसरा स्थान



**बसिया (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु मंदिर जलडेगा सिमड़ेगा में आयोजित किया गया अंतर संकुलीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में बसिया के विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड के शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर जलडेगा में अंतर संकुलीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखंड के प्रांतीय सहमंत्री राजेश अग्रवाल, वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड के प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे, विद्यालय प्रबंधन समिति के सम्मानीय अध्यक्ष महाप्रसाद सिंह, सचिव चंदन मिश्रा, संरक्षक रामेश्वर सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य हेमशरण सिंह के द्वारा विद्याकी अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती, भारत माता तथा सृष्टि का गर्भस्थल ओम के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं पुष्पार्चन कर किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से आये हुए 17 विद्यालयों के भैया बहन शामिल हुए। प्रत्येक विद्यालय टीम में कक्षा तृतीय, चतुर्थ और पंचम के एक-एक भैया बहन प्रतिभागी के रूप में भाग लिए। 17 विद्यालयों के प्रतिभागियों के बीच 10 चक्र में चले प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा को प्रथम स्थान, विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर बसिया को द्वितीय स्थान , विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ को तृतीय स्थान और सरस्वती शिशु मंदिर कुम्हारी को चौथा स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम , द्वितीय , तृतीय और चतुर्थ स्थान में आने वाले विजेता विद्यालय जनवरी में होने वाले प्रांतीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मौके पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के शुभावसर पर जलडेगा के भैया बहनों द्वारा स्वागत गीत गाकर उपस्थित आचार्यो, अभिभावकों आदि स्वागत किया गया।

## युवक ने वृद्ध महिला को डंडे से मारकर किया घायल



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पकरा रेलवे स्टेशन के निकट गांव बुरुहातू मे बीती रविवार की रात लगभग 10 बजे के आसपास जोसेफ तोपनो उर्फ बगान पहान नामक एक 35 वर्षीय व्यक्ति ने अपने ही गांव के एक वृद्धा महिला हीरामनी तोपनो उम्र 60 वर्ष के सिर में डंडे मारकर जख्मी कर दिया है। बताया जा रहा है कि वह घायल वृद्धा महिला अपने घर में अकेले रहती है। वहीं उसका एक पुत्र है,जो दिल्ली में रहता है और काफी दिनो से घर नहीं आया है। ग्रामीणो के मुताबिक बीती रविवार की रात को वृद्धा महिला हीरामनी तोपनो अपने घर पर अकेले थी। उसी दौरान घर के बगल मे रहनेवाला आरोपी व्यक्ति जोसेफ तोपनो उर्फ बगान पहान नशे की हालत मे उसके घर पर जाकर महिला को डंडे से मारपीट की। जिसके कारण वह जख्मी हो गई है। वहीं रातभर उक्त वृद्धा महिला अपने घर के बाहर अकेले अचेतावस्था में पड़ी हुई थी। जिसे देख ग्रामीणो ने सोमवार की सुबह में कामडारा पुलिस को इसकी सूचना दी। उसके बाद ग्रामीणों ने आरोपी व्यक्ति को बुलाकर मारपीट का कारण पूछा तो उसने बताया कि नशे में होने के कारण उसने उसके साथ मारपीट कर दी। उसके बाद ग्रामीणो ने आरोपी को कामडारा पुलिस को सौंप दी। वहीं ग्रामीणो ने 108 एंबुलेंस को फोनकर बुलाया। इसके बाद घायल वृद्धा महिला को ईलाज के लिये बसिया रेफरल अस्पताल मे भर्ती करा दिया है।

### कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान, डुमरी, चैनपुर और जारी में कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चुनाव की गतिविधियां तेज, पर्यवेक्षक ने लिया माहौल का जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआइसीसी) के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान के तहत गुमला जिला कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को लेकर सोमवार को डुमरी, चैनपुर और जारी प्रखंड में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए गये। डुमरी में पंचायत भवन, चैनपुर में ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय और जारी में संस्कृतिक भवन में हुई बैठकों में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी जुटे। सभी ने बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित एआइसीसी द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर और राजस्थान के पूर्व मंत्री सह पूर्व सांसद डॉ रघु शर्मा के समछ जिलाध्यक्ष पद के उम्मीदवारों को लेकर अपनी राय रखी। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, झारखंड आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान और जिला कांग्रेस अध्यक्ष चैतू उरांव भी उपस्थित रहे।

बैठक में एआइसीसी के पर्यवेक्षक और राजस्थान के पूर्व मंत्री सह पूर्व सांसद डॉ रघु शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली ताकत उसका कार्यकर्ता है। आज से पहले जिलाध्यक्षों का चयन सिर्फ नेताओं की सिफारिश पर होता था। लेकिन अब हालात बदल गए हैं। राहुल गांधी ने साफ कहा है कि जिलाध्यक्ष वही बनेगा। जिस पर गाँव-गाँव के कार्यकर्ताओं का विश्वास होगा। यह बदलाव कांग्रेस संगठन में लोकतंत्र को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि गुमला जिले के सभी 12 प्रखंडों में जाकर कार्यकर्ताओं की राय ली जाएगी। हम नहीं चाहते कि कोई अध्यक्ष सिर्फ पद के लिए बने। नया अध्यक्ष वही होगा, जो रात-दिन संगठन के लिए मेहनत करेगा और जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनेगा। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और अगले एक महीने में नया जिलाध्यक्ष चुन लिया जायेगा।



### कठिन दौर से गुजर रहा है देश : बंधु तिर्की

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि आज देश एक कठिन दौर से गुजर रहा है। बेरोजगारी और महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। किसान अपने हक के लिए आंदोलन कर रहे हैं और नौजवान नौकरी के लिए सड़कों पर हैं। इन मुद्दों पर सिर्फ कांग्रेस ही आवाज उठा रही है। जबकि भाजपा सरकार ने जनता को ठगा है। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान का असली मकसद है कार्यकताओं को जिम्मेदारी देना और नेतृत्व की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना। हम चाहते हैं कि गुमला का जिलाध्यक्ष ऐसा हो जो दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक, महिला और नौजवान सभी वर्गों को बराबरी से साथ लेकर चले। कांग्रेस का इतिहास सबको जोड़ने का रहा है, तोड़ने का नहीं।

### परिवार की तरह काम करें कार्यकर्ता : संजय

झारखंड आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने कहा कि राहुल गांधी का सपना है कि कांग्रेस का संगठन पंचायत स्तर पर परिवार की तरह काम करे। जब तक कार्यकर्ता गांव-गांव में सक्रिय नहीं होंगे। तब तक संगठन मजबूत नहीं होगा। संगठन सृजन अभियान इसी दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र पार्टी है जिसने हर वर्ग के अधिकारों की रक्षा की है। आज हमें फिर से यह संकल्प लेना होगा कि हम जनता की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। संगठन मजबूत होगा तो भाजपा जैसी ताकतें अपने आप कमजोर पड़ेंगी।

## कनक ज्वेलर्स गोली कांड मामले में आठवां अभियुक्त गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** गुमला के मेन रोड स्थित कनक ज्वेलर्स को लूटने का प्रयास करने और विरोध करने पर संचालक प्रकाश कुमार को निशाना बनाते हुए फायरिंग कर घायल करने के मामले में अंतिम एवं आठवां अभियुक्त रॉबिन टोप्पो को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार की शाम 5 बजे जेल भेज है। इस कांड में अभियुक्त गोलडेन कुमार उर्फ गोलडेन पासवान, कमेश यादव, सुरेंद्र बिसनोई, मोनू सोनी उर्फ बुकिंग बोकिया, आनंद सोनी, ललन भुइंया उर्फ अर्जुन सिंह, विशाल चौधरी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। रॉबिंन टोप्पो को पुलिस की तलाश थी। एसआइ राजेंद्र मंडल ने तकनीकी अनुसंधान और पलामू के चैनपुर थाना की पुलिस जवानों के सहयोग से रॉबिन टोप्पो को चैनपुर बाजार से गिरफ्तार किया। रॉबिन टोप्पो चैनपुर थाना के अटकाही का रहने वाला था और टेंपो चलाता था। इसके टेंपो में ही सभी ने बैठकर कनक ज्वेलर्स को लूटने की योजना बनाई थी और इसके टेंपो से ही अपराधी गुमला आए थे। पिछले 30 जुलाई 24 को हथियार लेकर अपराधियों ने दिन के दस बजे ज्वेलर्स में घुस कर लूटने का प्रयास किया। विरोध करने पर दुकानदार प्रकाश सोनी को निशाना बनाते हुए गोली चलायी थी । प्रकाश के हाथ में गोली लगी थी। पुलिस ने कांड संख्या 291/24 दर्ज कर लगातार मामले का अनुसंधान करते हुए सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## कीता से युवती लापता खोजबीन की गुहार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत कीता गांव निवासी महिला ने सोमवार की अपराह्न 3 बजे गुमला थाना को आवेदन देकर अपने 26 वर्षीय बेटी के लापता होने का रिपोर्ट दर्ज कराया है। थाना को दिए आवेदन के अनुसार महिला की 26 वर्षीय बेटी रीना शबरी आश्रम तर्री में रहकर पढ़ाई करती थी साथ ही आश्रम की देखभाल भी करती थी। बीते दिसंबर 2024 से उसका कुछ भी पता नहीं चल पा रहा है उसके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर उसका मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है। शबरी आश्रम जाकर पता करने पर पता चला कि वह वहां नहीं रहती है और कहीं और चली गयी है।

## नागफेनी नदी पर बने पुल का पिलर दबा, जगह-जगह पड़ी दरारें


मदन साहु



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के नागफेनी नदी में करोड़ों करोड़ की रुपए की लागत से बना पुल का पाया संख्या पांच में दरार पड़ गई है और पुल में हल्का सा धंसा हुआ नजर आ रहा है। सीजन का बरसात का पहला पानी भी करोड़ों की लागत से बना पुल नहीं झेल पाया। ज्ञात हो कि यह पुल का निर्माण इनएचएआइ ने किया है जिसका उद्घाटन हुए अभी एक साल भी नहीं हुआ है और पुल जगह जगह हल्की दरारें पड़ने लगी है। पुल का पाया संख्या पांच जो दाहिने तरफ दब गया है। साथ ही पुल के दोनों किनारे बाएं एवं दाएं तरफ गार्ड वाल का निर्माण भी नहीं किया गया है जिसके कारण मिट्टी का कटाव तेजी से हो रहा है। कटाव होने के कारण मिटी बहकर नदी में जा रही है और कुछ पेड़ भी मिट्टी का कटाव होने के कारण जड़ से उखड़ गया है। मामला प्रकाश में आने पर एनएचएआइ 43 के अधिकारियों ने नयी पुल को बंद करा दिया है। डायवर्सन बनाकर दूसरी तरफ की पुराने पुल से आवागमन को सुचारू रूप से जारी कर दिया गया है। यू टर्न के पास जहां पर डायवर्सन बनाया गया है वहां के ग्रामीणों का कहना है कि जेब्रा क्रॉसिंग के पास लाइट नहीं होने के कारण रात में अंधेरा होने के कारण दुर्घटना होकर ग्रामीण एवं राहगीर लोग चोटिल एवं गंभीर रूप से घायल होते रहते हैं। शिलाफरी गांव के प्रमिला देवी एवं घमर साहू ने रोड प्राधिकरण के अधिकारी से उक्त जगह पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग किया है। मौके पर देवचरण साहू,जगन साहू ,प्रकाश उरांव, विकास उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम में 20 लोगों ने लिया हिस्सा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** गुमला विकास भारती बिशुनपुर अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र गुमला द्वारा बकरी पालन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बकरी पालन को जिले के किसानों की आजीविका संवर्धन का महत्वपूर्ण साधन बताते हुए विशेषज्ञों ने इसके वैज्ञानिक प्रबंधन की जानकारी दी। प्रशिक्षण में बताया गया कि गुमला की भौगोलिक एवं जलवायु परिस्थिति बकरी पालन के लिए अत्यंत अनुकूल है। यहां के आदिवासी एवं सीमांत किसान कम लागत में इसे अपना कर बेहतर आय अर्जित कर सकते हैं। कृषि विज्ञान केंद्र गुमला द्वारा संचालित परियोजना जलवायु अनकूल कृषि पर राष्ट्रीय नवाचारर (निकरा) अंतर्गत शिवराजपुर, सरनाटोली एवं लूटोबटोली में 06 नर और 20 मादा बकरियों के आधार पर छोटे स्तर से व्यवसाय शुरू कर इसे धीरे-धीरे बड़े पैमाने पर विकसित किया जा सकता है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र गुमला के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ बृजेश पाण्डेय ने विस्तृत तकनीकी जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि बकरी पालन की वैज्ञानिक विधियां अपनाने से रोग प्रबंधन आसान होगा और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## गुमला एलआरडीसी और बीडीओ ने अमलीया पंचायत का किया भ्रमण



**भरनो (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त गुमला के निर्देशानुसार एलआरडीसी गुमला राजीव कुमार और भरनो बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने सोमवार को प्रखंड के अमलीया पंचायत का भ्रमण कर मनरेगा योजना अंतर्गत कूप निर्माण, आम बागवानी योजना का जांच किया। वहीं अबुवा आवास योजना की कार्य प्रगति देखा गया, इसके अलावे विभिन्न विकास योजनाओं का भी जांच किया। इस दौरान राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरका, आंगनबाड़ी केंद्र खरका, सामुदायिक केंद्र खरका,अमलिया स्थित आयुष्मान आरोग्य केंद्र का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य केंद्र अमलीया की सीएचओ और एक एएनएम केंद्र में गायब पाए गये, जिन्हे शॉकोज किया जायेगा, बाकी जगहों पर जांच के क्रम मे संतोषजनक मिला। इसके अलावे गांव में अबुवा आवास योजना के एक लाभुक द्वारा आवास पूरा नहीं करने की स्थिति में उसे एलआरडीसी एवं बीडीओ ने अविलंब आवास योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर पंचायत के मुखिया पंची उरांव,उसका पति जनता उरांव, पंचायत सेवक प्रवण लकड़ा, रोजगार सेवक कृष्ण कुमार साहू, एमएच शुभांकर कुमार प्रसाद सहित अन्य मौजूद थे।

## अधेड़ पर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर के एक मोहल्ले में रहने वाली 14 वर्षीय लड़की के साथ एक व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पीड़िता के परिजन किशोरी को लेकर सोमवार की अपराह्न 4:30 बजे गुमला थाना पहुंचे जहां आवेदन देकर दोषी के बिरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार पीड़िता पूरे परिवार के साथ शहर के एक मोहल्ले में किराये के मकान में रहती है। उसी के पड़ोस में बड़ा जिलिंगा निवासी 41 वर्षीय चंद्राकिशोर मुंडा परिवार के साथ रहता है। करमा पर्व के दो दिन पूर्व आरोपी ने पीड़िता को घर में अकेला देखकर उसके घर में घुस गया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद वह मौका पाकर लगातार उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। इसी बीच पीड़िता उदास रहने लगी। सोमवार को वह पीड़िता ने अपनी मां को पूरी बात बतायी। इसके बाद पीड़िता का पूरा परिवार आरोपी के घर गया लेकिन आरोपी को अपने परिवार के साथ फरार हो गया।


**झारखण्ड सरकार**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग**

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं० :– RCD/HAZARIBAG/781/2025-26

दिनांक :– 06.09.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, हजारीबाग गैरयोजना मद अंतर्गत हजारीबाग (संत कोलम्बस कॉलेज)–चुरचू–हत्यारी मोड़ (NH-33) पथ (कुल लम्बाई 30.08 कि.मी.) के 4th कि.मी. में RHS, RCC Retaining Wall निर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025–26)" |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू. 75,00,000.00 (पच्चहत्तर लाख रूपये मात्र) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 03 (तीन) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 12.09.2025 10:30 AM |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 18.09.2025 12:00 Noon |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 19.09.2025 12:30 PM |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 8709320541 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :–
http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eercdhazari-jhr@nic.in
Tel. No. – 06546-225818

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,हजारीबाग

PR 361303 Road(25-26).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
(अनाबद्ध मद)
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/20/2025-26(2ND CALL)

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड गारू के MTC गारू में Common Toilet का निर्माण। | 917573 | 18500 | 1250 | 2 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 09.09.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 09.09.2025 से दिनांक 16.09.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –18.09.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 361255 (Rural Development)25-26*D



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building Kusai Colony, Doranda, Ranchi - 834002
(E-mail:cetjusnl@gmail.com)

**e-TENDER NOTICE**

**NIT No. – 379/PR/ JUSNL/ 2025-26**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| | |
|---|---|
| Name of work | Design, Engineering, supply, erection, testing & commissioning of Line Differential Protection for underground 132/33 KV Grid Sub-Station, Irba (Sikidiri) to Sikidiri Switchyard (SRHP) transmission line on turnkey basis |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 1,36,83,967.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 2,73,700.00 On line mode |
| Completion Period | 90 Days |
| e-Tender fee | Rs. 10,000.00 + 18% GST On line mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 08.09.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 08.09.2025 at 11:00 AM |
| Pre-bid meeting | 15.09.2025 at 12:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 03.10.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 06.10.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(6202162568)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
C&M (NWBP)

PR 361276 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (25-26)_D

## धनबाद के समाजसेवी संजीव सिंह आजसू में शामिल, सुदेश महतो ने दिलायी सदस्यता



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** न्यू टाउन हॉल में आयोजित आजसू के मिलन समारोह में सोमवार को धनबाद के युवा व्यापारी एवं समाजसेवी संजीव सिंह ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आजसू सुप्रीमो एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो ने उन्हें अपने हाथों से सदस्यता दिलाई। कहा कि संजीव सिंह जैसे ऊजार्वान और जनहित में कार्य करने वाले युवा के जुड़ने से पार्टी और संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। वहीं, सदस्यता ग्रहण करने के बाद संजीव सिंह ने कहा कि वे हमेशा से समाज और आम जनता की सेवा में समर्पित रहे हैं। अब आजसू के मंच से क्षेत्र के विकास एवं युवाओं की बेहतरी के लिए काम करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी के नेतृत्व में धनबाद और झारखंड के विकास की नई राह खुलेगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, समर्थक और स्थानीय लोग उपस्थित थे। वहीं, सैकड़ों की संख्या में आये समर्थको ने ढोल नगाड़ों के साथ संजीव सिंह का स्वागत किया । भरोसा जताया कि उनके शामिल होने से धनबाद में आजसू की ताकत और बढ़ेगी।

## नदी से तैरता अधेड़ का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** हीरोडीह थाना क्षेत्र में झारखंडधाम के बड़ा बजरंगबली के पीछे बहने वाली नदी से सोमवार को एक व्यक्ति का शव बारमद हुआ। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में ले लिया। उसकी पहचान सुरेश कुमार वर्मा (58) के रूप में हुई है। वह बिहार के लखीसराय जिले के हलसी थाना क्षेत्र के गेरुआ ग्राम का रहने वाला था। पता चला है कि वह रविवार अपराह्न तीन बजे झारखंडधाम पूजा के लिए स्कॉर्पियो से आए थे। इस बीच सोमवार को नदी में तैरता पाया गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## योजनाओं की निगरानी एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली से ही मिलेंगें बेहतर परिणाम: डीडीसी स्मृति कुमारी



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को डीसी रामनिवास यादव के निर्देश पर डीडीसी स्मृता कुमारी ने 15वें वित्त आयोग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने एजेंडावार विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की बारी-बारी से समीक्षा की एवं निर्धारित लक्ष्य अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उन्होंने मुख्य रूप से 15वें वित्त आयोग के तहत आवंटित राशि खर्च करने की जानकारी ली। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी गाइडलाइन के अनुसार, 15वें वित्त आयोग के तहत आवंटित राशि संबंधित पंचायतों में अलग-अलग विकास योजनाओं पर खर्च करें। पंचायत एवं पंचायत समिति स्तर पर क्रियान्वित हो रही सभी योजनाओं में कार्य की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। डीडीसी ने कहा कि पंचायत स्तर पर चल रही योजनाओं के सुचारू एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं की निगरानी, फील्ड विजिट और पारदर्शी कार्यप्रणाली के माध्यम से बेहतर परिणाम सुनिश्चित करें। इस मौके पर अपर समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सभी बीडीओ, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, पंचायत सचिव, जेई, बीसी आदि उपस्थित थे।

## किसी भी स्तर पर कर्तव्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीसी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** डीसी अजय नाथ झा एवं डीडीसी शताब्दी मजूमदार ने सोमवार को कसमार प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान पाया कि कार्यालय में आगत-निर्गत-सीएल-कैस पंजी का अद्यतन कार्य लंबित है। इस पर डीसी ने नाराजगी जताते हुए स्पष्ट कहा कि सरकारी अभिलेखों की अद्यतनता किसी भी स्थिति में सुनिश्चित होनी चाहिए। पंजी अद्यतन में लापरवाही और कार्यालयीन कार्य में ढ़िलाई के मद्देनजर डीसी ने संबंधित नाजीर एवं प्रधान सहायक का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कर्तव्य में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह निर्देश दिया कि एक सप्ताह की समय-सीमा के भीतर सभी पंजी अद्यतन किए जाएं और इसकी रिपोर्ट सीधे जिला प्रशासन को सौंपी जाए। इसी क्रम में उन्होंने कसमार फार्मटांड़ का भी संयुक्त निरीक्षण किया। मौके पर अपर समाहर्ता (एसी) मो मुमताज अंसारी, बीडीओ नम्रता जोशी, सीओ नरेंद्र कुमार सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे आदि उपस्थित थे। इस दौरान डीसी-डीडीसी ने जेएसएलपीएस स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने जेएसएलपीएस की दीदीओं को और अधिक सक्रिय बनाने, समूह कार्यों को पारदर्शी ढ़ंग से संचालित करने तथा योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। डीसी ने कसमार प्रखंड को कृषि बेस्ड मॉडल प्रखंड के रूप में विकसित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान कई प्रकार की खामियां सामने आईं। विशेष रूप से समूह समन्वय की कार्यप्रणाली में कमी पाई गई। इस पर डीसीझडीडीसी ने एसएचजी समन्वयक से लिखित स्पष्टीकरण मांगा। इस दौरान प्रखंड सभागार में आयोजित आदि कर्मयोगी योजना अंतर्गत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी, डीसीसी एवं सीओ ने संयुक्त रूप से किया। इसके अलावा डीसी-डीडीसी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), कसमार का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी, दंत चिकित्सक कक्ष, युवा मैत्री केंद्र, शौचालय, दवा भंडार कक्ष एवं भंडार गृह का जायजा लिया। दवा भंडार कक्ष से एक्सपायरी दवाएं मिलने पर डीसी ने प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी को डांट लगाई और इस तरह की गंभीर लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

# पत्नी के चरित्र पर संदेह, डंडे से पीट-पीटकर पति ने की हत्या

## गुलगुलिया समाज के लोगों ने पेड़ से बांध कर की पिटाई, पुलिस को सौंपा

- रात में घर लौटने पर पत्नी को नहीं पाकर हो गया था आग बबूला, वापस आते ही कर दी थी पिटाई

आजाद सिपाही संवाददाता



आरोपित उमेस अघोरी उर्फ मांझी गुलगुलिया और मौके पर मौजूद लोग।

**झरिया।** सुदामडीह थाना क्षेत्र के पाथरडीह पांडेय बस्ती के गुलगुलिया पट्टी में रविवार की रात 12 बजे दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां उमेश अघोरी उर्फ मांझी गुलगुलिया नामक व्यक्ति ने पत्नी के चरित्र पर संदेह जताते हुए लाठी-डंडे से बुरी तरह पिटाई करने के बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। मृतका की पहचान सोनिया देवी के रूप में हुई है। उधर, घटना से आक्रोशित गुलगुलिया समाज के लोग जुट गये और आरोपी उमेश अघोरी को पेड़ से बांधकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। वहीं, सूचना मिलते ही सोमवार की सुबह सुदामडीह पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में इस्तेमाल डंडा भी जब्त कर लिया है। लगे हाथ आरोपी पति उमेश गुलगुलिया को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

**मृतका के पति ने पड़ोसियों को सुनाई मनगढ़ंत कहानी :** जानकारी के मुताबिक पत्नी की हत्या के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों को उमेश ने मनगढ़ंत कहानी सुना दी। बताया कि वह कैटरिंग का काम कर रात एक बजे घर लौटा था। पत्नी ने खाना दिया। जिसे खाकर वह सो गया। अगले दिन यानी सोमवार की सुबह उठा तो देखा कि किसी ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी है। हालांकि पुलिस ने जब उमेश को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने पूरी सच्चाई बताई। कहा कि वह लोको बाजार में एक मुर्गा दुकान में काम करता है। रविवार रात आठ बजे वह काम से घर लौटा तो पत्नी घर पर नहीं थी। आसपास खोजा, लेकिन नहीं मिली। इस बीच रात करीब 10 बजे जब पत्नी घर लौटी तो विवाद हो गया। गुस्से में आकर उसने पत्नी को डंडे से पीट दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पूछताछ में यह भी बताया कि वारदात की रात वह नशे में धुत्त था। उधर, मृतका के भाई सुरेंद्र गुलगुलिया, अरविंद गुलगुलिया, रविंद्र गुलगुलिया एवं बहन रेखा देवी ने आरोप लगाया कि उमेश शराब के नशे में आए दिन बहन से मारपीट करता था। उन्होंने आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग की है। बतातें चलें कि उमेश के चार भाई एवं चार बहनें है।

## चक्रधरपुर के कोयला व्यापारी से हुई लूटकांड का उद्भेदन, चार गिरफ्तार

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र में विगत दिनों चाइबासा जिले के चक्रधरपुर के हार्ड कोक कोयला व्यावसायी दीपक मिश्रा से जामाडोबा पेट्रोल पंप के निकट स्कोर्पियो की लूट और उसने पांच लाख रुपये विभिन्न खाता में ट्रांसफर करने के मामले का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान संतोष कुमार सरकार, सुजीत गोस्वामी, दिलीप कुमार यादव और अखिल कुमार के रूप में हुई है। सभी को गोविंदपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी जोड़ापोखर थाना परिसर में सिंदरी डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम और प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने दी। वे सोमवार को थाने में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सिंदरी डीएसपी ने बताया कि पकड़े गये लोगों के पास से स्कॉर्पियो भी बरामद कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि चाइबासा जिले के चक्रधरपुर के रहनेवाले हार्ड कोक कोयला व्यावसायी दीपक मिश्रा को संतोष कुमार सरकार नामक आरोपी को कोयले का सैंपल देने के बहाने जामाडोबा बुलाया था। जैसे ही वो जामाडोवा पहुंचे वहां धोखे से दीपक से कई खातों में पांच लाख ट्रांस्फर करवा लेने के बाद संतोष ने दीपक मिश्रा को धक्का देकर उसकी स्कोर्पियो भी लेकर फरार हो गये। इस कार्य में सुजीत गोस्वामी, दिलीप कुमार यादव और अखिल कुमार ने संतोष की मदद की थी। पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार करने के साथ ही उक्त कांड में शामिल अन्य की तलाश शुरू कर दी है।



### बी-टेक की पढ़ाई कर चुका है आरोपी संतोष

पुलिस की मानें तो आरोपित संतोष सरकार बीटेक की पढ़ाई पूरी कर चुका है। वह गोविंदपुर का, जबकि सुरजीत कुमार गोस्वामी गोसाईडीह के कुसुम विहार और अखिल कुमार झरिया के फतेहपुर का रहनेवाला है

## कुमारधुबी ओपी क्षेत्र के बागानधौड़ा में एक ही रात आठ घरों में चोरी

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कुमारधुबी ओपी क्षेत्र अंतर्गत बागानधौड़ा में भी रविवार की रात चंद्रग्रहण के बीच लोगों ने आठ घरों को निशाना बनाते हुए घरों का ताला तोड़कर चोरी की और फरार हो गया। इसकी सूचना मिलते ही कुमारधुबी ओपी प्रभारी राजेश लोहरा दलबल के साथ मौके पर पहुंच गये और जांच शुरू कर दी। पता चला है कि चोरों ने जिन घरों को निशाना बनाया है। उनमें से किसी भी घर में गृहस्वामी नहीं थे और घर खाली थे। चोरों ने इसी का फायदा उठाया और कीमती सामानों पर हाथ साफ कर दिया। हालांकि समाचार लिखे जाने चक यह पता नहीं चल कहा है कि कहां से कीतने की चोरी हुई है। इस बीच एक घर गृह स्वामी ने बताया कि वे भी घर से बाहर गये थे। वापस आकर देखा तो घर के जेवरात और कुछ नगद चोरी हो गया है।

## तेतुलमारी कोलियरी कार्यालय में असंगठित मजदूरों का हंगामा, पदाधिकारी से मारपीट

**तेतुलमारी/कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 5 के तेतुलमारी कोलियरी क्षेत्र में सोमवार को जमकर बवाल हुआ। 13 नंबर डंप हटाये जाने के विरोध में असंगठित मजदूरों ने तेतुलमारी कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी (पीओ) एसके दास के कार्यालय में घुसकर हंगामा और मारपीट की। इसकी सूचना मिलते ही सिजुआ क्षेत्र के कई अधिकारी सहित पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी। वहीं, परियोजना पदाधिकारी की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए तेतुलमारी पहाड़ी निवासी मनोज मल्लाह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## बिना अनुमती के घरों के नीचे से कोयला निकालने से हो रहा भू-धंसान : जयराम

### सभी दल एकजुट होकर बीसीसीसीएल की ट्रांसपोर्टिंग ठप करें

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** बीसीसीएल कतरास क्षेत्र के अंगार पथरा काटा पहाड़ी स्थित एएमपीएल कंपनी में हुई दुर्घटना को लेकर रविवार को भी मामला शांत नहीं हुआ। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर मृतक राहुल रवानी के शव को कंपनी के मुख्य गेट पर रखकर नया मोड़ स्थित चेक पोस्ट पहुंचे और बीसीसीएल एरिया-4 का ट्रांसपोर्टिंग करीब तीन घंटे तक ठप कर दिया। इससे दोनों ओर से ट्रकों की लंबी लाइन लग गयी। दावा है कि इससे कंपनी को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। उधर, घटना की सूचना पाकर तुरंत तेतुलमारी एवं रामकनाली पुलिस सहित सीआइएसएफ के जवान मौके पर पहुंच गये और लोगों को शांत करवाया। इसके बाद वार्ता के लिए अंगारपथरा कोलयरी कार्यालय बुलाया गया। जहां डुमरी विधायक जयराम महतो, बाघमारा सीइओ गिरजा नंद किस्कू, कतरास अंचल निरीक्षक मुकेश चौधरी, कतरास थाना के इंसपेक्टर आसित सिंह, अंगारपथरा ओपी प्रभारी प्रवीण कुमार, आउटसोर्सिंग प्रबंधक राणा चौधरी आदि मौजूद रहे। वहां करीब एक घंटे तक वार्ता चली, जिसमें आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा बिना गृह मालिक के उनके घरों के नीचे से कोयला निकाल कर खोखला कर देने का मामला उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि घरों के नीचे से कोयला निकाल लेने के कारण ही भू-धंसान की घटना होती है और लोग मरते है। पुनर्वास दिये बिना घरों के नीचे से क्यों निकाला जा रहा है, जिससे लोगों की जान जा रही है। इस पर सीओ ने निरीक्षण करने और उचित पुनर्वास देने की बात कही। साथ ही मृतक राहुल के परिजनों को उचित मुआवजा देने पर भी चर्चा हुई। बतातें चलें कि विगत शुक्रवार की सुबह 10.30 बजे कांटा पहाड़ी मुंडा धौड़ा में भू-धंसान हो गयी थी। जिसमें कई घरों सहित आधा दर्जन मवेसी गोफ में समा गये थे। एमपीएल की सर्विस वैन सहित छह लोग करीब 400 फिट गहरे माइंस में डूब गये थे। बीसीसीएल की एनडीआरएफ और रेस्क्यू टीम ने युद्ध स्तर पर काम शुरू किया और दो दिनों में कुल सात शव को बाहर निकाला था। सभी शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है, जिसमें से छह शवों की पहचान हो चुकी है। सभी मृतकों के परिजनों को कुल मिलाकर 36 लाख रुपये मुआवजा देने पर सहमति बनी थी।

## दिव्यांगजनों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल से मिलीं अनीता अग्रवाल



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव अनीता अग्रवाल ने राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान दिव्यांगजनों के उत्थान और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने को लेकर चर्चा के बाद दिशा-निर्देश लिया। राज्यपाल ने इस पहल की सराहना करते हुए झारखंड में दिव्यांगजनों के लिए नयी योजनाओं और सुविधाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया। दिव्यांगजनों के कल्याण और झारखंड में उनके समक्ष आने वाली चुनौतियों पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने आश्वस्त किया कि निकट भविष्य में झारखंड में दिव्यांग समाज को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए एक प्रभावी पहल शुरू की जाएगी। उधर, राज्यपाल से मुलाकात के बाद अनीता अग्रवाल और उनकी टीम अत्यधिक उत्साहित हैं। जल्द ही कुछ सार्थक बदलाव की उम्मीद कर रहे हैं।

## एलआइसी के हजारीबाग मंडल में गूंजी उपलब्धि की गाथा, कई को मिला सर्टिफिकेट



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** एलआइसी के स्थापना दिवस एवं बीमा सप्ताह के उपलक्ष्य में हजारीबाग मंडल और इसके सभी उपग्रह कार्यालयों में सोमवार को 'ऐतिहासिक दिवस' सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। यह आयोजन उस अद्वितीय कीर्तिमान को यादगार बनाने के लिए किया गया, जब विगत 20 जनवरी को ' मैड मिलियन डे' पर एलआईसी इंडिया ने एक ही दिन में 5,88,107 पॉलिसियों की बिक्री और लगभग 1200 करोड़ रुपए का प्रीमियम अर्जित कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। इसमें अभिकर्ताओं की अभूतपूर्व भूमिका रही। इसी योगदान को सम्मानित करने के लिए मंडल के कुल 3862 अभिकर्ताओं को 'लाइफ टाइम अचीवमेंट सहभागिता प्रमाण पत्र' प्रदान किया गया। समारोह में बोकारो शाखा-1 विशेष रूप से चर्चा का केंद्र रहा, जहां 154 अभिकर्ताओं को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक राजकिशोर तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंडल प्रबंधन ने सभी अभिकर्ता, सीएलआईए, एलआईसीए, पीडीओ, डीओ, एसबीए और अधिकारियों और कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे मिलकर इस तरह की ऐतिहासिक उपलब्धियों को नई ऊचाइयों तक पहुंचाएं। इसके साथ ही कार्यक्रम का एक अन्य आकर्षण जोनल मैनेजर गोल्ड, सिल्वर और कांस्य ट्रॉफी रहा, जिसमें 15 सितंबर तक 3, 5 और 7 काउंसिलिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## शिक्षकों और विद्यार्थियों को दी गयी विशेष जानकारी

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह के निर्देशानुसार सोमवार को बरमसिया ओपी अंतर्गत मध्य विद्यालय दामुडीह, भोजूडीह ओपी अंतर्गत प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय छाताटांड़, माराफारी थानांतर्गत मिड पॉइंट स्कूल, रितुडीह और आईईएल थानांतर्गत मध्य विद्यालय ससबेडामें जाकर पुलिस पदाधिकारियों ने विद्यालय में शिक्षकों एवं बच्चों को कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत रोड सेफ्टी, यातायात नियम, नशा मुक्ति आदि की विस्तृत जानकारी दी।


JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
(GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
(CIN – U40108JH2013SGC001704)
OFFICE:
General Manager, Contracts & Materials, Multi-Lateral Funding Projects,
JUSNL Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 (Jharkhand)
Email: piujusnl@gmail.com Visit us on: www.jharkhandtenders.gov.in

e-Tender Extension Notice

Due to unavoidable circumstances, the Due Dates of the following NITs are hereby extended as follows:-

| NIT No. | Name of work (Request for Bid (RfB)) | Last date of submission / uploading bid by the bidder | Date of Opening of technical part of Bid |
|---|---|---|---|
| 307/PR/JUSNL/2025-26 | Design, Supply, Installation, Testing & Commissioning of 132/33kV GIS Substations at Chhatarpur (Leftover Work) | 18.09.2025 upto 16:00 Hrs | 19.09.2025 at 16:30 Hrs |
| 308/PR/JUSNL/2025-26 | Design, Supply, Installation, Testing & Commissioning of 132/33kV GIS Substations at Sundarnagar (Leftover Work) | 18.09.2025 upto 16:00 Hrs | 19.09.2025 at 16:30 Hrs |

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें।
कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 358916

Sd/-
General Manager,
C&M, MLFP, JUSNL, Ranchi

PR 361296 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)#D



झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,
कार्यालय, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमण्डल,
वन भवन, चतरा
E-mail : dfo-chatrasouth@gov.in Phone : 8987790213

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा दक्षिणी वन प्रमण्डल अंतर्गत तपेज में अवस्थित काष्ठ संग्रहण केन्द्र में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ एवं जलावन की बिकी हेतु मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ निर्धारित नीलामी तिथि 12.09.2025 को 02.00 बजे अपराहन तक प्रमण्डलीय कार्यालय में प्राप्त की जायेगी एवं उसी दिन निविदादाता या उसके प्रतिनिधि के समक्ष 3.00 बजे अपराह्न में खोली जायेगी। किसी भी लॉट के लिए उच्चतम मूल्य/उच्चतम निविदा की राशि स्वीकार करने के लिए अधोहस्ताक्षरी बाध्य नहीं होंगें एवं उसे बिना कोई कारण बताये बिक्री से हटा लेने या रद्द करने के लिए सक्षम होगें। निविदा स्वीकृति प्राप्त होते ही निविदित मूल्य का 15 प्रतिशत प्रतिभूति राशि सफल निविदादाता को दो दिनों के अंदर जमा करना अनिवार्य होगा एवं 15 (पन्द्रह) दिनों के अन्दर पूरी राशि एवं बिक्री कर, अन्य देय करों सहित जमा करना होगा। अगर निविदादाता निर्धारित समय के अंदर पूरी राशि जमा नहीं कर पाते हैं तो उनके द्वारा जमा किया गया अग्रधन/प्रतिभूति राशि बिना कोई कारण बताये राज्यसात कर ली जायेगी। निविदादाता को निविदा के साथ अग्रधन के रूप में 3000.00 (तीन हजार) रू0 मात्र को गेट मनी के रूप में प्रत्येक निविदा हेतु अलग से, जमा करना होगा। असफल निविदादाताओं को अग्रधन की राशि तुरंत वापस कर दी जायेगी। सफल निविदादाता द्वारा दी गई अग्रधन राशि प्रतिभूति राशि में समायोजित कर ली जायेगी। इच्छुक निविदादाता निविदा देने के पूर्व किसी भी दिन कार्यालय अवधि में काष्ठ संग्रहण केन्द्र, तपेज में प्रकाष्ठों का निरीक्षण कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में दिनांक 25.08.2025 से 12.09.2025 तक 200.00 (दो सौ) रू0 मात्र शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदादाता डाक द्वारा भी निविदा भेज सकते हैं, बशर्ते कि विहित प्रपत्र में निविदा, अग्रधन राशि सहित मुहरबंद लिफाफे में निर्धारित तिथि को 2.00 बजे अपराह्न तक कार्यालय में प्राप्त हो जाय। विस्तृत सूचना एवं निविदा की शर्तों के लिए कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

| क0 सं0 | काष्ठ का प्रकार | लॉट की संख्या | निविदा खोलने की तिथि | निविदा खोलने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | बोटा/टोना | 9 | 12.09.2025 | 03.00 बजे अपराह्न |
| 02 | जलावन | 21 | | |

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड, जी0एस0टी0 एवं पहचान पत्र का छायाप्रति जमा करना होगा।

ह0/–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल, चतरा।

PR.NO.361271 Forest, Environment and Climate Changes (25-26):D

# चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति का पूजा पंडाल पुनः रांची में आकर्षण का केंद्र बनेगा

- थीम-जीवन एक यात्रा (जन्म से मृत्यु तक)
- चौड़ाई - 90 फिट, लंबाई - 70 फीट, ऊंचाई - 55 फिट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के हृदयस्थली अल्बर्ट एक्का चौक पर स्थित चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति द्वारा वर्ष 1971 से निरंतर आयोजित किये जा रहे भव्य दुर्गा पूजा का पंडाल इस बार भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है।







समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता रमेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष पंडाल की थीम बिल्कुल अनोखी होगी। पूरे पंडाल में 'जन्म से लेकर मृत्यु तक की जीवन यात्रा' को चित्रित किया गया है, जिससे भक्तगण जीवन के विभिन्न पड़ावों को आध्यात्मिक भाव से अनुभव कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि समिति की परंपरा रही है कि हर वर्ष भक्ति, संस्कृति और सामाजिक संदेश से जुड़े अलग-अलग थीम प्रस्तुत किए जाते हैं। इसी कड़ी में इस बार भव्य सजावट और आध्यात्मिक वातावरण का विशेष ध्यान रखा गया है। इसके साथ ही झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश के ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक एवं भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन



किया जायेगा, जिससे श्रद्धालुओं को भक्ति, संस्कृति और कला का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति सभी श्रद्धालुओं से अपील करती है कि वे अपने परिवार एवं मित्रों के साथ इस भव्य आयोजन में सम्मिलित होकर मां दुर्गा के आशीर्वाद प्राप्त करें।

# पीएम मोदी 17 को करेंगे विशेष अभियान का शुभारंभ

## महिलाओं और बच्चों के लिए आयोजित होंगे 5000 स्वास्थ्य शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को एक विशेष अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान पूरे देश में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के तहत चलाया जायेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को एक्स पर बताया कि इस अभियान के तहत 75,000 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जायेंगे। ये शिविर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों




(सीएचसी) और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं पर लगाये जायेंगे।

नड्डा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य देशभर में महिलाओं और बच्चों के लिएस स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना है, ताकि उन्हें अच्छी गुणवत्ता की देखभाल और जरूरी जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि ये शिविर खासतौर पर महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाये गये हैं और ये सरकार के समावेशी स्वास्थ्य सेवा के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हैं। इसके अलावा सभी आंगनवाड़ियों में 'पोषण माह' मनाया जायेगा, ताकि पोषण, स्वास्थ्य जागरूकता और समग्र रूप से बेहतर जीवनशैली को बढ़ावा दिया जा सके। इन सभी उपायों का लक्ष्य है कि पूरे देश में परिवार और समुदाय और ज्यादा स्वस्थ और सक्षम बनें।

स्वास्थ्य मंत्री ने सभी निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य क्षेत्र के अन्य भागीदारों से अपील की कि वे आगे आयें और इस जन भागीदारी अभियान का हिस्सा बनें। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, 'इंडिया फर्स्ट' की भावना के साथ, आइए हम सभी मिलकर 'विकसित भारत' के लिए अपने साझा प्रयासों को मजबूत करें।

# कुलगाम में आतंकियों संग सुरक्षाबलों की मुठभेड़ जारी, दो आतंकी हुए ढेर

आजाद सिपाही संवाददाता


**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच जारी मुठभेड़ में अब तक दो आतंकियों को मार गिराया गया है, जबकि भारतीय सेना का एक जवान बलिदान हो गया है। इस मुठभेड़ में दो अन्य जवान घायल भी हुए हैं। ऑपरेशन अब भी जारी है। तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाब दिया। फायरिंग में एक अफसर के घायल होने की खबर है। इलाके में तलाशी अभियान जारी है। कश्मीर जोन पुलिस के अनुसार, खुफिया जानकारी के आधार पर कुलगाम के गुड्डर जंगल में मुठभेड़ हो रही है। जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की एसओजी काम पर हैं। तलाशी अभियान के दौरान जंगल में छिपे आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की है, सुरक्षाबलों ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया है। दोनों तरफ से तेज गोलीबारी हुई। खबर मिली है कि एक अफसर घायल हो गया है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भारतीय सेना के अनुसार अभियान के दौरान एक आतंकवादी मारा गया। एक जूनियर कमीशन अधिकारी घायल हो गया। अभियान जारी है। फिलहाल सुरक्षाबलों ने जंगल को घेर लिया है।

# सेना और नौसेना के कमांडो ने किया संयुक्त स्कूबा और लड़ाकू डाइविंग अभ्यास

- साझा युद्ध कौशल को मिला बढ़ावा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** भारतीय सेना के पैरा स्पेशल फोर्सेज और नौसेना के मरीन कमांडो (मार्कोस) ने सिक्किम में बेहद कठिन परिस्थितियों में संयुक्त स्कूबा और लड़ाकू डाइविंग अभ्यास किया। यह अभ्यास 17,000 फीट की ऊंचाई पर एक सप्ताह तक चला। रक्षा अधिकारियों ने इस संयुक्त अभ्यास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों बलों के बीच तालमेल बढ़ाना, उनके विशेष युद्ध कौशल को निखारना और विविध व चुनौतीपूर्ण इलाकों में अभियानों के लिए उनकी तैयारी



सुनिश्चित करना है। इससे यह सुनिश्चित करना होता है कि भारत की विशिष्ट सेनाएं हिमालय से लेकर गहरे समुद्र तक विविध भूभागों में मिशन के लिए तैयार रहें।

उन्होंने बताया कि उच्च ऊंचाई वाले प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने ओपन सर्किट एयर डाइविंग, क्लोज सर्किट प्योर ऑक्सीजन डाइविंग, अत्यधिक ठंडे पानी की स्थिति में 17 मीटर की गहराई तक गोता लगाया तथा कॉम्बैट नाइट डाइविंग की।

**30 अगस्त से पांच सितंबर तक चला अभ्यास :** यह प्रशिक्षण 30



अगस्त से 5 सितंबर के बीच बर्फीले पानी और दुर्गम इलाके में आयोजित किया गया।

इस दौरान कमांडो ने ओपन-सर्किट एयर डाइविंग, क्लोज-सर्किट प्योर ऑक्सीजन डाइविंग, और अत्यधिक ठंडे पानी में 17 मीटर की गहराई तक गोताखोरी का अभ्यास किया। इसके अलावा, उन्होंने रात के समय में भी लड़ाकू गोताखोरी का भी अभ्यास किया।

इस बारे में एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि इस तरह का प्रशिक्षण सैनिकों को भविष्य के युद्धक्षेत्रों के लिए तैयार करने के लिए आवश्यक है, जहां अप्रत्याशितता ही एकमात्र स्थिरता है। उन्होंने कहा कि ऐसे अभ्यास से दुर्लभ उच्च ऊंचाई की स्थितियों में काम करना, बर्फीले पानी में सटीक कार्य करना और संयुक्त अभियानों में लड़ाकू गोताखोरी को एकीकृत करते हैं।

इस दौरान टीम कमांडर ने कहा कि इन चरम स्थितियों में प्रशिक्षण से सैनिक की सहनशक्ति, कौशल और मानसिक शक्ति के हर पहलू का परीक्षण होता है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करता है कि जब भी आवश्यकता हो, हमारी टीमें किसी भी वातावरण में प्रभावी ढंग से काम कर सकें, चाहे वह कितना भी कठिन या चुनौतीपूर्ण क्यों न हो।

प्रथम पुण्यतिथि - श्रद्धांजलि
Forever Loved, Forever Missed.



Late Dr. (Prof.) Arun Kumar Singh
(15.03.1947 – 09.09.2024)
MBBS (PAT), MD (PAT), DVDL FIAMS (DERM)
Retired Professor & Head, Skin, STD & Leprosy
Rajendra Institute of Medical Sciences (RIMS), Ranchi
Former Captain, Indian Army - Veteran of the 1971 India - Pakistan War
"A life of honor, compassion, and service - in uniform and in healing".
आपका स्नेह, आपकी मुस्कान, और आपके साथ बिताए पल
हमारे जीवन की अमूल्य धरोहर हैं
आपकी आत्मा को शांति मिले.
सादर,
परिवार की ओर से
कृपालदर्शन, जेल चौक, रांची

# केंद्र ने बेल्जियम सरकार को 14 सुविधाओं की लिस्ट सौंपी

## मेहुल चोकसी को ऑर्थर जेल में साफ टॉयलेट, पानी मिलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक के 13,850 करोड़ के फ्रॉड के आरोपी और भगोड़े बिजनेसमैन को बेल्जियम से भारत लाने की कोशिश जारी हैं। केंद्र ने बेल्जियम सरकार को एक लेटर में बताया कि चोकसी को मुंबई के आर्थर रोड जेल के बैरक नंबर-12 में रखा जाएगा। वहां एक कोठरी में 6 लोगों के रहने की क्षमता है। लेटर में कहा गया कि अगर चोकसी को बेल्जियम से भारत



लाया जाता है, तो उसके साथ मानवीय व्यवहार किया जायेगा। उसे 14 से ज्यादा सुविधाएं देने का भरोसा दिया गया है। हालांकि केंद्र ने चोकसी के प्रत्यर्पण के लिए यह पत्र कब लिखा, इसकी जानकारी सामने नहीं आयी है।

भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण की अपील पर चोकसी को 12 अप्रैल को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। वह और उसका भतीजा नीरव मोदी, पीएनबी धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी हैं। भगोड़ा नीरव लंदन में है। उसके प्रत्यर्पण के लिए भी कोशिशें जारी हैं। दोनों ने 2018 में भारत छोड़ा था।

# आइटीआर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर, बढ़ाने की मांग

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर अब केवल एक हफ्ते दूर है। इस बीच कई संगठनों ने वित्त मंत्रालय से आइटीआर रिटर्न दाखिल करने की तारीख बढ़ाने की अपील की है। कारण है देरी से फॉर्म जारी किया जाना और फिर इसके बाद रिटर्न फाइल होने होने में बार-बार आ रही परेशानी। 2 सितंबर, 2025 को भीलवाड़ा स्थित टैक्स बार एसोसिएशन ने भी केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को पत्र लिखकर समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया। टैक्स बार एसोसिएशन में कर विशेषज्ञ, चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सचिव, अधिवक्ता और सलाहकार शामिल हैं। संगठन ने अपने पत्र में बताया कि कैसे करदाता और पेशेवर इस वर्ष यूटीलिटीज के देरी से जारी होने, आईटीआर पोर्टल पर चल रही तकनीकी समस्याओं और अतिरिक्त अनुपालन चरणों के कारण रिटर्न दाखिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। टैक्स बार एसोसिएशन ने अनुरोध किया है कि आईटीआर दाखिल करने की समय सीमा बढ़ा दी जाए क्योंकि अब रिटर्न सही ढंग से तैयार करने और दाखिल करने के लिए कम समय बचा है।




# त्योहारी सीजन में नजर आयेगा जीएसटी छूट का असर

## ई-कॉमर्स कंपनियां ग्राहकों के लिए कर रही हैं तैयारियां


आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अगुवाई वाली जीएसटी काउंसिल ने टैक्स सुधार करते हुए आम आदमी को बड़ी राहत दी है। सरकार ने अब चार स्लैब की जगह सिर्फ पांच और 18 फीसदी के दो ही जीएसटी स्लैब कर दिये हैं। साथ ही जरूरी सामानों को टैक्स फ्री कर दिया गया है। केंद्र सरकार के इस कदम के बाद त्योहारी सीजन से कुछ हफ्ते पहले ई-कॉमर्स कंपनियां भी अपनी रणनीतियों को नया रूप देने में जुट गयी है।

ई-कॉमर्स कंपनियों का मानना है कि केंद्र सरकार के इस फैसले से ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं को मांग में तेजी की उम्मीद है। जीएसटी में हुए बदलाव से न केवल आम आदमी को बचत होगी। बल्कि ई-कॉमर्स कंपनियों को भी फायदा मिलेगा। जीएसटी में कटौती बेशक 22 सितंबर यानी नवरात्र से लागू होनी होगी, लेकिन इनका असर अभी से बाजार में दिखाई देने लगा है। कार, बाइक, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, एफएमसीजी सेक्टर आदि ने अपने कई प्रोडक्ट के दाम में कटौती शुरू कर दी है। वहीं कुछ कंपनियां जल्दी ही अपने प्रोडक्ट को और सस्ता करने जा रहे हैं। फेस्टिव सीजन को देखते हुए भी कंपनी जल्दी-जल्दी सस्ते दाम पर अपने प्रोडक्ट बेचने का प्लान बना रही हैं।

ई-कॉमर्स कंपनियों का कहना है कि जीएसटी में कटौती का लाभ ग्राहकों को मिलना चाहिए। सरकार के इन बदलावों से त्योहारी सीजन की बिक्री में 15 से 20 फीसदी का इजाफा होगा, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स और टिकाऊ उपभोक्ता सामान जैसे टीवी, एसी और घरेलू उपकरणों में।

अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट सौरभ श्रीवास्तव का कहना है कि त्योहार से पहले सरकार ने ग्राहक और व्यापारी वर्ग दोनों को खुश कर दिया है। सरकार के इस दूरदर्शी कदम से ऑनलाइन बाजार में स्थिरता देखने को मिलेगी। नयी जीएसटी की दर से हमारे मार्केटप्लेस के माध्यम से खरीदारी करने वाले लाखों ग्राहकों की जटिलता भी कम होने की उम्मीद है। श्रीवास्तव बताते है कि, जीएसटी में हुए बदलाव बाद बड़ी संख्या लोग में शॉपिंग करने को लेकर उत्साहित दिखायी दे रहे है। 22 सितंबर के बाद लोग सेल, ऑफर और विशेष छूट का इंतजार कर रहे है, ताकि ज्यादा खरीदारी कर सकें और फायदा ले सकें। सरकार के इस निर्णय से कोई एक प्रोडक्ट सस्ता नहीं होगा, बल्कि हर प्रोक्ट्स में कुछ न कुछ फायदा जरूर मिलेगा।




VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**